Page 11
Page 10
हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित



खेल

एसआरएच ने 166 रन के लक्ष्य को महज 9.4 ओवर में चेज कर रचा इतिहास

देश


कांग्रेस ने धर्मशाला से पूर्व महापौर देविंदर सिंह जग्गी को दिया टिकट



मूल्य ₹ 2.00
शुक्ल पक्ष मृगशिरा संवत 2081
• औरंगाबाद • शुक्रवार • 10 मई 2024 • वर्ष 26 • अंक 149 • पृष्ठ 12

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 24 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹72, 160 | ₹85,200 |




## आज का इतिहास

- 1526 : पानीपत की पहली लड़ाई में जीत के बाद बाबर ने तत्कालीन भारत की राजधानी अकबराबाद (आगरा) में प्रवेश किया।
- 1946 : जवाहरलाल नेहरू भारत में कांग्रेस पार्टी के नेता चुने गए।

## न्यूज बाइट्स

### एअर इंडिया एक्सप्रेस के केबिन क्रू ने हड़ताल ली वापस

**नईदिल्ली (ए.)।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के कर्मचारियों ने गुरुवार शाम 8 बजे हड़ताल वापस ले ली। चीफ लेबर कमिश्नर ने कहा कि एयरलाइन बर्खास्त 25 कर्मचारियों को नौकरी पर वापस लेगी। एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 से ज्यादा क्रू-मेंबर्स 7 मई की रात को अचानक छुट्टी पर चले गए थे। बुधवार से ही काम पर नहीं आ रहे थे। इन सभी कर्मचारियों ने एक साथ पहले सिक लीव अप्लाई की और अपना मोबाइल फोन ऑफ कर लिया था। इस वजह से मंगलवार रात से 170 से ज्यादा उड़ानें रद्द की गईं। एयरलाइन ने गुरूवार की सुबह 10 बजे 25 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया। एयरलाइन ने बाकी कर्मचारियों से कहा कि आज शाम 4 बजे तक नौकरी पर लौट आएं। ऐसा न करने पर सबको निकाल दिया जाएगा।

### नीट यूजी पेपर लीक मामले में अब तक 13 गिरफ्तारी

**पटना (नि.सं.)।** नीट यूजी प्रश्नपत्र लीक मामले में शास्त्रीनगर थाने की पुलिस अब तक 13 आरोपियों को जेल भेज चुकी है। इस पेपर लीक मामले का मास्टरमाइंड नालंदा का रहने वाला संजीव सिंह उर्फ संजीव मुखिया ने इस फर्जीवाड़े का अड्डा पटना मुख्यालय से 15 किलोमीटर और मुख्य सड़क से 2.5 किमी दूर एक दो तल्ले के घर में बनाया था।

# राष्ट्रपति ने बिहार के तीन लोगों को पद्मश्री से किया सम्मानित

- श्री अशोक कुमार बिश्वास, सुरेंद्र किशोर और पंडित राम कुमार मल्लिक को नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म श्री से किया गया सम्मानित


अशोक कुमार बिश्वास


सुरेंद्र किशोर


पंडित राम कुमार मल्लिक

विशेष संवाददाता | नई दिल्ली

भारत की राष्ट्रपति ने बिहार के अशोक कुमार बिश्वास, सुरेंद्र किशोर और पंडित राम कुमार मल्लिक को गुरूवार को नई दिल्ली में आयोजित नागरिक अलंकरण समारोह में पद्मश्री से सम्मानित किया। राष्ट्रपति ने अशोक कुमार बिश्वास और पंडित राम कुमार मल्लिक को कला और सुरेंद्र किशोर को साहित्य एवं शिक्षा के क्षेत्र में पद्मश्री से सम्मानित किया।

श्री अशोक कुमार बिश्वास बिहार के एक संपन्न लोक कलाकार हैं, जिन्होंने बिहार के ग्रामीण और उप-शहरी क्षेत्रों की महिलाओं के उत्थान के लिए लोक चित्रकला के रूप में बदलाव लाते हुए और निःशुल्क प्रशिक्षण प्रदान करते हुए मौर्य कालीन प्राचीन शिल्प टिकुली कला को पुनर्जीवित करने के लिए अपने जीवन के पांच दशक न्यौछावर किए हैं। तीन अक्टूबर, 1956 को रोहतास, बिहार में जन्मे, श्री बिश्वास को कम उम्र में ही गरीबी से जूझना पड़ा। साइन बोर्ड की एक दुकान में अपने बड़े भाई के साथ काम करते हुए उनका चित्रकला से परिचय हुआ। वर्ष 1973 में शिल्प अनुसंधान संस्थान, पटना से कुशलतापूर्वक प्रशिक्षित होने के बाद, उन्होंने लुप्त हो चुकी टिकुली कला को शीर्ष तक पहुंचाने के लिए समर्पित रूप से स्वयं को प्रतिबद्ध किया। उनके संरक्षक, बिहार के दो प्रमुख कलाकारों उपेन्द्र महारथी (पद्मश्री विजेता) और लाई बाबू गुप्ता ने सदियों पुराने शिल्प कला के पुनरुद्धार के लिए उनका पथ-प्रदर्शन किया।

सुरेंद्र किशोर बिहार के प्रसिद्ध पत्रकार हैं। 2 जनवरी, 1947 को बिहार के सारण जिले के भराहापुर गांव के एक किसान परिवार में जन्मे श्री किशोर ने इतिहास में बीए ऑनर्स की डिग्री प्राप्त की। प्रतिभाशाली छात्र होने के बावजूद वह सरकारी नौकरी में नहीं गए, बल्कि उन्होंने एक राजनीतिक कार्यकर्ता और बाद में एक पत्रकार के रूप में काम किया। श्री किशोर पिछले पांच दशकों से पत्रकारिता कर रहे हैं। फ्रीलांसर के रूप में काम करने के बाद, उन्होंने 1977 में मुख्यधारा की पत्रकारिता में प्रवेश किया। उन्होंने प्रमुख अखबारों में लगातार महत्वपूर्ण पद संभाले। इसके अलावा, उन्होंने विभिन्न पत्रिकाओं और समाचार पत्रों जैसे धर्मयुग, दिनमान, रविवार और अन्य के लिए लिखना जारी रखा। आज भी वह देश के प्रमुख अखबारों और वेबसाइटों के लिए काम करते रहते हैं।

उनकी लगन, मेहनत और ईमानदारी के कारण देश के प्रमुख अखबारों के संपादक श्री सुरेंद्र किशोर को अपने साथ जोड़ना चाहते थे। अपने पत्रकारिता करियर के दौरान उन्होंने कई खबरें ब्रेक की हैं। उनकी रिपोर्टों पर अक्सर बिहार विधान सभा और भारतीय संसद में चर्चा होती थी। उन्होंने महत्वपूर्ण मुद्दों पर श्री जयप्रकाश नारायण का साक्षात्कार लिया था।श्री किशोर ने कई राजनीतिक आंदोलनों में भाग लिया। 1969 में एक जन आंदोलन के दौरान नई दिल्ली में उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया और उन्होंने तिहाड़ जेल में कुछ समय बिताया। उन्होंने और उनकी पत्नी ने जेपी आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। आपातकाल के दौरान वह जॉर्ज फर्नांडिस के साथ बिहार समेत पूरे देश में सक्रिय थे। श्री किशोर का समृद्ध निजी पुस्तकालय और संदर्भ संग्रह बिहार के बाहर से भी लोगों को आकर्षित करता है और वे पुस्तकालय से परामर्श लेने आते हैं। डॉ. नामवर सिंह और जनसत्ता के संपादक श्री प्रभाष जोशी भी सुरेंद्र जी की निजी लाइब्रेरी देखने आए।

पंडित राम कुमार मल्लिक 500 वर्षों से चली आ रही दरभंगा की ध्रुपद परंपरा के सबसे पुराने संगीतकारों में से एक कलाकार हैं। 10 फरवरी, 1957 को जन्मे पंडित मल्लिक दरभंगा घराने (मल्लिक घराना) के विख्यात संगीत परिवार से हैं और इस संगीत वंश की बारहवीं पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। ध्रुपद संगीत में उनका प्रशिक्षण बहुत छोटी सी उम्र में उनके पिता स्वर्गीय पंडित विदुर मल्लिक और दादा प्रसिद्ध ध्रुपद गायक, स्वर्गीय पंडित सुखदेव मल्लिक के मार्गदर्शन में शुरू हुआ। उनका गायन अद्वितीय,रचनाओं का समृद्ध भंडार है और इसे लयकारियों एवं तिहाइयों की विविधता के अतिरिक्त गौरहरवाणी तथा खंडारवाणी के लिए जाना जाता है। उन्हें ध्रुपद संगीत ही नहीं बल्कि ख्याल, ठुमरी, दादरा, विद्यापति गीत के साथ - साथ भजन में भी महारत हासिल है। पंडित मल्लिक ने अपने पिता और गुरु के नाम पर एक संगठन की स्थापना की, ताकि ध्रुपद संगीत को संरक्षित किया जा सके और इस शैली का प्रचार-प्रसार हो सके। ध्रुपद संगीत से नई पीढ़ी को अवगत कराने के लिए दरभंगा (बिहार) में प्रत्येक वर्ष एक भव्य संगीत समारोह का भी आयोजन किया जाता है। इसके अलावा, पंडित राम कुमार मल्लिक द्वारा पंडित विदुर मलिक ध्रुपद संगीत गुरुकुल, दरभंगा (बिहार) में निःशुल्क ध्रुपद प्रशिक्षण भी प्रदान किया जा रहा है। पंडित मल्लिक ऑल इंडिया रेडियो (आकाशवाणी) और दूरदर्शन के नियमित प्रसारणकर्ता हैं और ध्रुपद में आकाशवाणी और टीवी के एक प्रसिद्ध 'ए' ग्रेड कलाकार हैं। वह भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद (आईसीसीआर) से जुड़े एक सूचीबद्ध कलाकार हैं।

# शिक्षा विभाग का निर्देश, जहां से मैट्रिक पास किया वहीं इंटर में होगा नामांकन

निज संवाददाता | पटना

शिक्षा विभाग ने कहा है कि मैट्रिक उत्तीर्ण विद्यार्थियों का 11वीं में नामांकन उसी स्कूल में लिया जाएगा, जहां से वो पास हुए हैं। विशेष परिस्थिति में कोई विद्यार्थी दूसरे स्कूल में नामांकन लेना चाहता है तो जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित विद्यालय स्थानांतरण प्रमाणपत्र के आधार पर स्पॉट एडमिशन के दौरान उसका नामांकन किया जा सकेगा। हस्ताक्षर के समय पदाधिकारी ध्यान रखेंगे कि विद्यार्थी का नामांकन दूर के स्कूल में नहीं हो। विद्यार्थियों के 11वीं में नामांकन को लेकर विभाग के माध्यमिक शिक्षा निदेशक कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव ने बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को बुधवार को पत्र भेजा है। विभाग ने पत्र में कहा है कि शैक्षणिक सत्र 2024-25 में विद्यार्थियों के 11वीं में नामांकन के लिए ओएफएसएस पोर्टल के माध्यम से आवेदन आमंत्रित किया गया है। विद्यार्थियों के स्कूल आवंटन करते संबंध में कहना है कि राज्य के सभी पंचायतों में प्लस टू स्कूल स्थापित कर दिये गये हैं। ताकि, उस पंचायत के विद्यार्थियों को अधिक दूरी तय कर स्कूल में नामंकन लेने की बाध्यता नहीं रहे। इन स्कूलों में बीपीएससी से एक लाख शिक्षकों की नियुक्ति भी कर दी गयी है। साथ ही स्कूलों में आधारभूत संरचना भी विकसित कर दिये गये हैं।



### 31 मार्च को जारी हुआ था बिहार बोर्ड रिजल्ट

आपको बता दें कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने मैट्रिक वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट 31 मार्च 2024 को जारी कर दिया था। बिहार बोर्ड के अध्यक्ष आनंद किशोर ने बताया था कि बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में इस साल कुल 82.91 प्रतिशत छात्र सफल हुए हैं जो कि पिछले बार की तुलना में करीब 1 फीसदी अधिक हैं। करबी पौने 17 लाख छात्रों में 13 लाख 79 हजार 842 छात्र सफल हुए हैं। कुल 16.64 लाख छात्रों में 8 लाख 58 हजार 785 लडकियां शामिल हुईं और 8 लाख 5 हजार 467 लड़के परीक्षा में शामिल हुए। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी से पास 4 लाख 52 हजार 302 पास हुए हैं। बिहार बोर्ड मैट्रिक परीक्षा 15 फरवरी 2024 से 23 फरवरी 2024 तक चली थी।

## हत्या के मामले में पांच लोगों को उम्रकैद

**भागलपुर (नि.सं.)।** भागलपुर जिले की एक अदालत ने आज हत्या के एक मामले में पांच लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (दस) दिनेश कुमार ने गुरुवार को करीब चौदह साल पुराने हत्या के एक मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुबोध दास, नरेश दास, बिशन दास, मदन हरिजन, एवं दशरथ हरिजन को भारतीय दंड विधान की विभिन्न धाराओं में दोषी करार देने के बाद यह सजा सुनाई है। इसके अलावा प्रत्येक लोगों पर दस -दस हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया।

## सेंसेक्स में 7 दिन में दूसरी बड़ी गिरावट 1062 गिरा, बाजार 72,404 अंकों पर बंद

एजेंसी | मुंबई

शेयर बाजार में गुरुवार को मई महीने की दूसरी बड़ी गिरावट देखने को मिली। सेंसेक्स 1062 अंक गिरकर 72,404 पर बंद हुआ। इससे पहले 3 मई को 1139 पॉइंट्स लुढ़का था। वहीं, निफ्टी में भी 345 अंक की गिरावट आई। निफ्टी 21,957 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट और 5 में तेजी देखने को मिली। बाजार की इस गिरावट में निवेशकों के 7.6 लाख करोड़ रुपए डूब गए। BSE पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 400 लाख करोड़ रुपए से नीचे गिरकर 393.34 लाख करोड़ रुपए पर आ गया है। बुधवार को इन कंपनियों का मार्केट कैप 400.97 लाख करोड़ रुपए था। ऑटो को छोड़कर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के सभी सेक्टर में गिरावट दिखने को मिली। निफ्टी ऑटो में 0.78% की तेजी रही। जबकि ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 3.15% की गिरावट रही। एफएमसीजी में 2.47%, रियल्टी में 2.23% और मेटल में 2.87% की गिरावट रही।

# बिहार में ठनका गिरने से महिला समेत सात लोगों की मौत, पेड़ के नीचे छिपे दो बच्चे भी झुलसे

निज सं.| मोतिहारी /समस्तीपुर/अररिया।

गुरुवार सुबह आई आंधी-बारिश के दौरान ठनका गिरने से बिहार में महिला समेत सात लोगों की मौत हो गई। वहीं दो बच्चों समेत तीन लोग बुरी तरह झुलग गए। जानकारी के अनुसार पूर्वी चंपारण व समस्तीपुर में युवती समेत चार लोगों की मौत हो गयी। पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि में दो किशोर की मौत हो गयी, जबकि दो किशोर जख्मी हो गये। वहीं, केसरिया में 19 साल की युवती की मौत वज्रपात की चपेट में आने से हो गयी। समस्तीपुर के रोसड़ा थाना क्षेत्र के जाखड़ में ठनका गिरने से एक महिला की मौत हो गयी। मृतका की पहचान जाखड़ के सिमरहट्टी निवासी सुरेश पासवान की पत्नी बबीता देवी (48) के रूप में की गई है। इसके अलावा सीमांचल और पूर्वी बिहार के जिलों में बारिश के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत हो गई। पूर्वी चंपारण के हरसिद्धि थाना क्षेत्र की यादवपुर पंचायत के नासी टोला गांव के वार्ड 10 में गुरुवार सुबह ठनका गिरने से असलम हुसैन के पुत्र साबिर आलम (14) व तैयब हुसैन के पुत्र सोनू आलम (12) की मौत हो गई, जबकि दो किशोर घायल हो गए। घायल मुन्ना आलम उर्फ रिजवान की मां बेबी खातून ने बताया कि चारों बच्चे सुबह पांच बजे कोचिंग में पढ़ने गए थे। लौटने के क्रम में सभी आंधी-बारिश में फंस गए और एक पेड़ के पास जाकर छुप गए। पेड़ पर ठनका गिर जाने से दो बच्चे गंभीर रूप से व दो आंशिक रूप से जख्मी हो गये। घायलों में नसीम अंसारी (13) को जब होश में आया तो दौड़कर परिजनों को सूचना दी। परिजन दौड़े और सभी को लेकर सदर अस्पताल पहुंचे। वहां इलाज के क्रम में साबिर ने दम तोड़ दिया। बेहतर इलाज के लिए सोनू को चिकित्सकों ने मुजफ्फरपुर रेफर कर दिया। इलाज के क्रम में सोनू ने भी मुजफ्फरपुर में दम तोड़ दिया।

## आज आएगा केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर फैसला



**नई दिल्ल (ए.)।** दिल्ली के सीएम अरविंदकेजरीवालको अंतरिम जमानत देने का विरोध करते हुए ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को एक हलफनामादायरकिया। ईडी ने अपने हलफनामा में लिखा, 'चुनाव प्रचार मौलिक अधिकार नहीं है। चुनाव प्रचार करना संवैधानिक अधिकार भी नहीं है और यह कानूनी अधिकार भी नहीं है। अगर केजरीवाल को जमानत दी गई तो इससे गलत परंपरा शुरू होगी। बता दें, सुप्रीमकोर्टनेदिल्लीशराबघोटालामामले में मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई की। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता ने गुरुवार को कहा था कि वह शुक्रवार को अंतरिम अंतरिम जमानत पर फैसला सुनाएंगे। पिछली सुनवाई में कोर्ट ने पूछा था कि ईडी ने शुरुआती जांच और पूछताछ में दर्ज किए गए अभियुक्तों के बयानों में केजरीवाल से संबंधित सवाल क्यों नहीं पूछे? जांच को दो साल हो रहे हैं, इतना समय कैसे लगा? इसके अलावा कोर्ट ने ईडी को मामले की केस डायरी और दस्तावेज पेश करने को कहा। सुनवाई का समय समाप्त होने पर कोर्ट केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कोई आदेश नहीं आया था।






# 5वीं के छात्र की हत्या, ट्रैक पर मिला शव

## स्कूल संचालक ने फोन कर कहा-मिहिर भाग गया, सिर-हाथ में चोट के निशान, पिता बोले-मारकर फेंका

निज संवाददाता। गया

गया में 5वीं क्लास के एक छात्र की हत्या कर दी गई। 12 साल के मिहिर कुमार का शव किउल रेल खंड पर रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। मिहिर रोज की तरह बुधवार को स्कूल बस से इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल गया था, लेकिन उसके बाद नहीं लौटा। परिजनों ने जब उसकी खोजबीन की तो स्कूल संचालक रविश कुमार ने बताया गया कि मिहिर स्कूल से भाग गया है। काफी खोजबीन के बाद स्कूल से 5 किमी की दूरी पर मनैनी और अढ़वां के बीच रेलवे ट्रैक पर बच्चे का शव मिला। उसके सिर और हाथ पर चोट के कई निशान भी मिले हैं। बच्चे की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हालांकि, बच्चे की मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इसका खुलासा हो पाएगा। वहीं, परिजनों का आरोप है कि इस घटना के पीछे रविश कुमार का हाथ है। उसी ने बच्चे की हत्या कर शव को ट्रैक पर फेंक दिया है। इधर, घटना के बाद रविश कुमार फरार है। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र की है।

**संचालक ने गुमराह किया:परिजन:** मिहिर के पिता ने बताया कि दोपहर 12.30 में स्कूल से फोन आया कि बच्चा भाग गया है। हम स्कूल पहुंचे तो हमें घंटों गुमराह किया गया। पहले स्कूल संचालक रविश कुमार ने बताया कि बच्चे को ईचुआ की तरफ देखा गया। उधर ढूंढा तो वह नहीं मिला। फिर उसने बताया कि मनैनी की तरफ देखा गया। परिजन उसे सभी जगह ढूंढते रहे। इसी बीच मनैनी की तरफ रेलवे ट्रैक के किनारे



उसका शव पड़ा हुआ मिला। काफी खोजबीन के बाद स्कूल से 5 किमी की दूरी पर मनैनी और अढ़वां के बीच रेलवे ट्रैक पर बच्चे की लाश मिली। वजीरगंज थानाध्यक्ष मुन्ना वर्मा कहा कि स्कूल संचालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल बच्चे की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं मिली है।



**इकलौता बेटा था मिहिर, हाथ और सिर पर चोट के निशान:** मिहिर कुमार उर्फ वीर वजीरगंज बाजार निवासी विकास कुमार गुप्ता का इकलौता बेटा था। एक छोटी बहन है, जो 7 साल की है। इकलौता बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बच्चे के सिर और हाथ पर चोट के निशान थे। जब छात्र की बॉडी मिली तो उसे सीएचसी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता विकास कुमार का मानना है कि स्कूल संचालक ने ही उसके बेटे की हत्या कर रेलवे ट्रैक के किनारे शव को फेंक दिया है।

**स्कूल संचालक के खिलाफ केस दर्ज:** मृतक के पिता विकास कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि वीर इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल में 5 वीं कक्षा का मेरा बेटा छात्र था। रोज की तरह वह स्कूल बस से गया था। स्कूल में 11 बजे छुट्टी होती है। स्कूल बस से ही घर लौटता था। 11 बजे के बाद जब वह नहीं लौटा तो कुछ देर इंतजार करने के बाद स्कूल पहुंच कर पूछताछ की, लेकिन स्कूल संचालक उसे गुमराह करता रहा।

**मौत कैसे हुई, जांच की जा रही है:** थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार वर्मा ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। उसके शव परिजन को सुपूर्द किया जाएगा। मृतक के पिता के आवेदन अनुसार हत्या का मामला दर्ज करते हुए आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। घटना कैसे घटी, कैसे मौत हुई। जांच की जा रही है। फिलहाल स्कूल संचालक फरार है।

# गया में नक्सलियों ने मांगी 10 की लाख लेवी

## पुल निर्माण रोकने के लिए की हवाई फायरिंग, कहा- मालिक को कहना हमें फोन करेगा

निज संवाददाता। गया

गया में एक बार फिर से नक्सलियों ने अपनी धमक दिखाई है। छोटका करासन और मोनबार गंगटी गांव में सोरहर नदी पर पुल निर्माण कराया जा रहा है। लेवी के लिए बुधवार की देर शाम अज्ञात नक्सलियों ने धावा बोल दिया और हवाई फायरिंग की। इसके साथ ही नक्सलियों ने काम बंद करने को कहा और कहा कि मालिक को बोलना वो हमें फोन करेगा। सूचना मिलते ही डीएसपी अमित कुमार और स्थानीय थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारीयों और सीआरपीएफ के जवान मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए। चार की संख्या में रहे नक्सली हथियारों से लैश होकर आए थे। इस दौरान नक्सलियों सबसे पहले पुल निर्माण कार्य वाले स्थल पर पहुंचकर मजदूरों और मुंशी के साथ मारपीट करते हुए रंगदारी की



मांग की और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग करते हुए निकल गए।

**6 करोड़ की लागत हो रहा पुल निर्माण:** मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत करीब छह करोड़ की लागत से पुल का निर्माण कराया जा रहा है। इधर नक्सलियों के द्वारा इस तरह की घटना से सड़क निर्माण कार्य में लगे मजदूर समेत गांव के लोग डरे-सहमे हैं। पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। नक्सलियों की उपस्थिति से ग्रामीणों में खौफ है। हालांकि मौके से कोई पर्चा बरामद नहीं की गई है। पुलिस जांच पड़ताल में जुट गई है।

**क्या कहते है संवेदक:** इस संबंध में पुल निर्माण के संवेदक अजय साव ने बताया कि मेरे पास एक अनजान नंबर से नक्सलियों के द्वारा पुल निर्माण कार्य को लेकर दस लाख लेवी की मांग की जानकारी दी गई। इसको लेकर उन्होंने स्थानीय पुलिस को भी सूचना दी थी। इधर नक्सलियों ने मुंशी और ठेकेदार को धमकाने के लिए फायरिंग कर दशक चलाने की कोशिश की है। इस संबंध में इमामगंज डीएसपी अमित कुमार ने बताया कि छोटका करासन और मोनबार गंगटी गांव में पुल निर्माण कार्य में अज्ञात नक्सलियों के द्वारा दहशत करने के लिए से हवाई फायरिंग किए जाने की मामला आया है। घटना के बाद पुलिस घटना वाले स्थान पर पहुंचकर मामले की छानबीन करते हुए आगे कार्रवाई जुट गई है। इस घटना के पीछे नक्सली घटना या आपराधिक मामला दोनों पहलुओं पर जांच पड़ताल की जा रही है।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक में लगी आग, दो दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

## बिहटा-सरमेरा रोड के कथराही मोड़ के पास हादसा

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में बुधवार की रात अचानक आग लग गई। मामला बिन्द थाना इलाके के एनएच 78 बिहटा-सरमेरा 2 लेन के कथराही मोड़ के पास की है। अगलगी के कारण ट्रक का अगला हिस्सा केबिन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। लोगों ने बताया कि कथराही मोड़ के समीप ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी। तभी अचानक ट्रक से आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने टोल फ्री नंबर 101 पर घटना की जानकारी दी। इसके बदा रहुई थाना एवं सरमेरा थाना में तैनात दमकल की गाड़ियां पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद आग पर काबू पाया गया। ट्रक कथराही निवासी रामगुलाम तांती का का है। इस मामले में कथराही निवासी गनौरी यादव ने अग्निशमन पदाधिकारी को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया



है कि उनके ऑफिस के सामने ट्रक लगी हुई थी जिसमें अचानक देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। ट्रक मालिक फिलहाल कलकत्ता में हैं। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत वह लौट रहा है। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि ट्रक कई दिनों से सड़क किनारे खड़ी थी। जिसमें अचानक बुधवार की रात आग लग गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रक मालिक उसे बेचने के प्रयास में लगा हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह बताई जा रही है।

# गया में 17 राउंड फायरिंग और पत्थरबाजी, 1 की मौत

निज संवाददाता। गया

गया में देर शाम जमकर गोलीबारी और पत्थरबाजी हुई है। इस घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई और एक घायल है। शाम करीब 7 बजे 36 की संख्या में युवक राम नगर रोड नंबर-1 और मस्जिद गली में घुसे और पत्थरबाजी के साथ गोलीबारी शुरू कर दी। करीब 17 राउंड फायरिंग की गई। इस दौरान एक कार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमले में सलाउद्दीन अंसारी की मौत हो गई है, जबकि जख्मी युवक महबूब को मगध मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के न्यू पहड़तल्ली मोहल्ले की है।

**चार युवकों की पिटाई हुई थी:** मौके पर डीएम डॉ. त्यागराजन, एसएसपी आशीष भारती समेत अन्य अधिकारी पहुंचे और जांच में जुट



गए। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई है। पुलिस छानबीन में जुटी है। चार दिन पहले अल्पसंख्यक समुदाय के एक युवक से मोबाइल की छिनतई हुई थी। जिसको लेकर समुदाय विशेष के लोगों ने संदेह के आधार पर 4 युवकों की पिटाई कर दी थी। जिसके बाद से तनाव की स्थिति बन गई थी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया की हमलावरों ने एक के बाद एक 17 फायर किए। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में जख्मी को मगध मेडिकल अस्पताल पहुंचाया।

# कन्ट्रोलिंग अफसर से कराना होगा एप्लिकेशन पास, छुट्टियों की एप्लिकेशन की संख्या देख भड़के डीएम

निज संवाददाता। गया

जहानाबाद लोकसभा के तहत आने वाले गया जिले के अतरी विधानसभा में 1 जून को मतदान होना है। इस बीच छुट्टियों को लेकर डीएम के पास बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं। आवेदनों की संख्या अब तक 100 के पार पहुंच चुकी है। हर दिन एक दर्जन से अधिक आवेदन आ रहे हैं। आवेदनों की की संख्या को देख डीएम त्यागराजन भड़क गए हैं। उन्होंने कहा है कि चुनाव ड्यूटी हर हाल में करनी होगी। इससे बचने के लिए ढूंढे जा रहे बहाने कतई बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने कहा है कि पूर्व में भी आदेश जारी किया गया था लेकिन कर्मी और अधिकारी नहीं मान रहे हैं। यह खेद जनक है। निर्वाचन आयोग के आदेश का उल्लंघन है। उन्होंने आदेश में कहा कि 6 जून तक किसी को कोई छुट्टी



नहीं मिलेगी। चुनाव सम्पन्न कराने के बाद ही छुट्टी मिलेगी।

**कन्ट्रोलिंग अफसर से पास करानी होगी छुट्टी:** चुनाव ड्यूटी में लगाए गए कर्मियों की सभी छुट्टियां स्थगित की जाती हैं। साथ ही में उन्होंने यह भी कहा कि बेहद इमरजेंसी की स्थिति में कर्मी या अधिकारी अपने कन्ट्रोलिंग अफसर से छुट्टी की एप्लिकेशन की संस्तुति कराएंगे। इसके बाद ही जिला निर्वाचन आयोग की ओर से छुट्टी दी जाएगी। इसके बाद ही वे कार्यालय और शहर छोड़ सकेंगे।

◆ **6 जून तक नहीं मिलेगी कोई छुट्टी**

**1 जून को जहानाबाद में होनी है वोटिंग:** गौरतलब है कि 1 जून को जहानाबाद लोकसभा चुनाव के तहत गया जिले के अतरी विधानसभा के 338 बूथों पर मतदान होने हैं। इस इलाके के ज्यादातर बूथ संवेदनशील हैं। लिहाजा बड़ी संख्या में मतदान कर्मी व अधिकारी और पुलिस बल लगाए जा रहे हैं। इसके बाद 4 जून को गया लोकसभा चुनाव के मतों की गिनती होनी है। ऐसे में बड़ी संख्या में कर्मी लगाए गए हैं। बड़ी संख्या में लगाए कर्मियों के ही छुट्टी के आवेदन डीएम के समक्ष आ रहे हैं। इस बात से डीएम काफी नाराज हैं।

## नामांकन के बाद संदीप सौरभ बोले-

# नालंदा ने बदलाव का मन बना लिया है, ये सीएम का नहीं जनता का गढ़ है

निज संवाददाता। नालंदा

इंडिया गठबंधन समर्थित भाकपा माले प्रत्याशी डॉक्टर संदीप सौरभ आज बिहार शरीफ स्थित कलेक्ट्रेट में नामांकन का पर्चा दाखिल किया। नामांकन के बाद उन्होंने नालंदा की जनता ने बदलाव का मन बना लिया है। जनता को महंगाई से मुक्ति, युवाओं को रोजगार चाहिए। लेकिन केन्द्र की सरकार छलावा कर रही है। उन्होंने कहा कि नालंदा सीएम का गढ़ नहीं है, ये जनता का गढ़ है। बीजेपी में शामिल होते ही भ्रष्टाचारी पाक साफ हो जाते हैं। माले गरीबों के हक के लिए लड़ने वाली पार्टी है। 7 मई से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गई है जो 14 मई तक चलेगी। 7 मई को एनडीए समर्थित उम्मीदवार जदयू प्रत्याशी कौशलेंद्र कुमार और निर्दलीय प्रत्याशी सुरेंद्र सिंह ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल किया था। 7 मई को 14 अभ्यर्थियों ने नाजीर रसीद नामांकन के





लिए कटाई थी। वहीं, 8 मई को किसी भी प्रत्याशी ने अपना नामांकन का पर्चा दाखिल नहीं किया। जबकि 6 नाजीर रसीद अभ्यर्थियों ने कटाई। अब तक कुल 20 नाजीर रसीद नामांकन के लिए कटाई गई है। सुबह 11:00 से लेकर 3:00 तक नामांकन की प्रक्रिया चलती है।

**सभा में तेजस्वी यादव सहित अन्य होंगे शामिल:** डॉ. संदीप सौरव की नामांकन सभा में भाकपा माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपांकर भट्टाचार्य, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, वीआईपी सुप्रीमो मुकेश सहनी, संयुक्त किसान मोर्चा नेता योगेंद्र यादव, जेएनयू दिल्ली के छात्रसंघ अध्यक्ष धनंजय, कांग्रेस की विधायक नीतू सिंह, माले विधायक दल के नेता महबूब आलम, उप नेता सत्यदेव राम, राजद के विधायक राकेश रौशन, माले विधायक अमरजीत कुशवाहा, एमएलसी शशि यादव, सीपीआई की निवेदिता झा, सीपीएम के अरुण मिश्रा, छात्र संगठन आईसा महासचिव प्रसेनजीत कुमार, राजद जिला अध्यक्ष अशोक हिमांशु, नालंदा वीआईपी अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र बिंद आदि भाग लेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### 10 मई को 69वीं क्री मां तारा की होगी वार्षिक पूजा

**गया।** शहर के टिल्हा कालीबाड़ी मंदिर में 10 मई को 69 वीं क्री मां तारा की वार्षिक पूजा होगी। इसकी जानकारी साधक विश्वजीत चक्रवर्ती ने दी। उन्होंने बताया कि इस दिन क्री मां तारा की विशेष पूजा होगी। माता का भव्य श्रृंगार होगा। पूजा की रस्में सुबह 10 बजे से ही शुरू होगी। सर्वप्रथम शतचंडी पाठ होगा, फिर हवन व बलिदान की प्रक्रिया होगी। कुमारी पूजा, भैरवी पूजा व महाशक्ति की पूजा तांत्रिक रूप से की जाएगी। इसी दिन मंदिर में अक्षय तृतीया व भगवान परशुराम की जयंती भी मनेगी। सभी तरह की पूजा संपन्न होने के बाद दोपहर तीन बजे से महाभंडारा शुरू होगा। उन्होंने गया की जनता से अपील किया कि वे भी इस महाभंडारे में शामिल हो। इसके अलावे साधक ने बताया कि यहां प्रत्येक महीने में अमावस्या व पूर्णिमा तिथि को विशेष पूजन होता है।

### धार्मिक भेदभाव रोकने को लेकर डीएम को दिया ज्ञापन

**बोधगया।** बौद्ध संगठनों की राष्ट्रीय समन्वय समिति भारत एवं राष्ट्रीय बौद्ध धम्म संसद बोधगया के राष्ट्रीय समन्वयक अभय रत्न बौद्ध ने गया जिला के जिलाधिकारी एवं सह-अध्यक्ष, बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी (बीटीएमसी) को ज्ञापन पत्र भेजा है। उन्होंने कहा है कि बुद्ध जयंती के अवसर पर बोधि वृक्ष के नीचे मुख्य पूजा में नेताओं को कुर्सियों पर बिठाना धार्मिक भेदभाव दर्शाता है। ऊंची- ऊंची कुर्सियों के पीछे अधिकारियों का एक बड़ा घेरा खड़ा हो जाता है, जबकि देश -विदेश से आने वाले धर्मगुरु बौद्ध भिक्षुओं एवं बौद्ध श्रद्धालुओं को भूमि पर बिठाया जाता है। यह धार्मिक भेदभाव एवं धार्मिक मर्यादा के खिलाफ है। इस गलत परंपरा को ज्ञापन में रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन की प्रति बोधगया टेंपल मैनेजमेंट कमेटी की सदस्य सचिव डॉ. महाश्वेता महारथी को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

### सत्यापन के बाद वाहन मालिक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज

**करायपरसुराय।** थाना क्षेत्र के बिन्सा गांव के समीप लोकाइन नदी में मंगलवार को पुलिस ने अवैध खनन कर रहे दो पोकलेन एवं दो हाइवा को जब्त किया है। जबकि ड्राइवर पुलिस को देखते ही फरार हो गया। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि गुप्त सूचना मिल रही थी कि लोकाइन नदी में कई दिनों से अवैध खनन की जा रही है। सूचना मिलने के बाद पुलिस कर्मियों के सहयोग से छापामारी की गयी। छापेमारी में दो हाईवा एवं दो पोकलेन को जब्त किया गया है। खनन विभाग के पदाधिकारी एवं हिलसा एसडीओ द्वारा जांच के बाद बरामद वाहनों के कागजात का सत्यापन किया गया।

### झूला मोड़ के पास बनाया गया मल्टी चेक पोस्ट

**राजगीर।** राजगीर लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए जिला व पुलिस प्रशासन की ओर से तैयारी जोर शोर से की जा रही है। राजगीर बस स्टैंड में चेक पोस्ट और झूला मोड़ के पास मल्टी चेक पोस्ट बनाया गया है। मिली जानकारी के अनुसार चुनाव में मतदान को प्रभावित करने या मतदाताओं को लुभाने के लिए शराब, हथियार, अन्य मादक पदार्थ आदि की तस्करी और अधिक कैश के आवागमन पर रोक लगाना है। इन चेक पोस्ट के माध्यम से राजगीर में आने-जाने वालों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। चेक पोस्ट पर राजगीर में प्रवेश करने वाले सभी वाहनों की जांच की जाएगी। ताकि मतदान से पहले ही मादक पदार्थों, हथियारों की तस्करी व अवैध कैश के आवागमन पर रोक लगाया जा सके। थानाध्यक्ष चंद्रभानू ने बताया कि लोकसभा चुनाव निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए बस स्टैंड में चेक पोस्ट और झूला मोड़ के पास मल्टी चेक पोस्ट बनाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चेक पोस्ट पर 10 पुलिसकर्मी, पुलिस पदाधिकारी, उत्पाद विभाग, परिवहन विभाग, सेल टैक्स, माइनिंग विभाग के पदाधिकारी मौजूद रहेंगे।

### बुद्ध जयंती पर साफ- सफाई के लिए नप को दिया ज्ञापन

**बोधगया।** आगामी 23 मई को बोधगया में बुद्ध जयंती समारोह आयोजित किया जाएगा। इंटरनेशनल बुद्धिस्ट काउंसिल बोधगया ने इस अवसर पर नगर क्षेत्र में साफ सफाई, सड़कों की मरम्मत एवं पेय जल की समुचित व्यवस्था हेतु नगर परिषद को ज्ञापन दिया है। । इंटरनेशनल बुद्धिस्ट काउंसिल बोधगया के महासचिव भिक्षु प्रज्ञाशील महाथेरो, भिक्षु आनंद, भिक्षु अचान निपोन ने नगर परिषद की सभापति के आवास पर मिलकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बुद्ध जयंती अंतर्राष्ट्रीय स्तर का आयोजन किया जाता है, जिसमें विदेशों के साथ देश भर के भारतीय भिक्षु और श्रद्धालु बोधगया आते हैं और इस समारोह में शामिल होते हैं। इस अवसर पर 80 फीट बुद्ध मूर्ति से महाबोधि मंदिर तक शोभा यात्रा निकाली जाती है। इस मार्ग में भिक्षु संघ कार्यालय के पास रोड की स्थिति ठीक नहीं है। इसकी मरम्मत की मांग की। मार्ग में साफ सफाई हो तथा भिक्षु संघ कार्यालय एवं बांग्लादेश बौद्ध मंदिर के पास पेय जल के लिए पानी का टैंकर लगाया जाय। सभापति ललिता देवी ने आश्वासन दिया कि सभी कार्य समय रहते पूरा करा दिया जाएगा।

### ईओयू ने उद्यान महाविद्यालय कर्मी के खंगाले कागजात, एक घंटे तक टीम ने की जांच-पड़ताल

**नालंदा।** नूरसराय उद्यान महाविद्यालय में मंगलवार को जांच टीम पहुंची थी। आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अधिकारी भी शामिल थे। कॉलेज के तकनीकी सहायक संजीव कुमार से संबंधित कागजात खंगाले। टीम करीब एक घंटे कॉलेज में रही। प्रभारी प्राचार्य के साथ ही एकाउंटेंट से संजीव कुमार से संबंधित दस्तावेज मांगे। सर्विस बुक की छाया प्रति के साथ ही संपत्ति की लेखा-जोख विवरणी मांगी गई। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद कॉलेज के किसी अध्यापक और कर्मी ने यह विवरणी नहीं भरी है। ऐसे में ईओयू की टीम को कोई खास उपलब्धि नहीं मिली। लेकिन, सर्विस बुक की छायाप्रति के साथ ही ग्रेड-पे की विस्तृत जानकारी ली गई। बताया गया कि संजीव कुमार 42 सौ वाले ग्रेड-पे पर कॉलेज में तैनात हैं। इस तरह, उन्हें एक लाख के अंदर वेतन मिल रहा होगा। टीम के सदस्यों में शामिल ईओयू के इंस्पेक्टर विनय कृष्ण और राजीव कुमार के साथ अन्य लोग शामिल थे। अधिकारी इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर रहे। पटना के शास्त्रीनगर थाना के हवाले से बताया गया नालंदा जिले के नगरनौसा थाना क्षेत्र के भूतहाखार-बलवा गांव निवासी संजीव कुमार हैं। ये उद्यान महाविद्यालय में तकनीकी सहायक के पद पर तैनात हैं। संजीव के पुत्र डॉ. शिवकुमार को मार्च 2024 में बीपीएससी टीआरई-तीन के प्रश्नपत्र लीक मामले में उज्जैन से पकड़ा गया था। वह अब भी जेल में है। संजीव की पत्नी वर्ष 2020 के विधानसभा चुनाव में हरनौत से चुनाव लड़ी थीं। शिक्षक भर्ती परीक्षा के प्रश्नपत्र लीक मामले में डॉ. शिव कुमार के अलावा प्रदीप कुमार, बल्ली उर्फ संदीप कुमार और तेजस्वी कुमार भी पकड़ा गया था। ये सभी भी नालंदा जिले के ही रहने वाले बताये जाते हैं। इनके साथ पटना की एक लड़की को भी गिरफ्तार किया गया था। टीम में शामिल इंस्पेक्टर विनय कृष्ण ने बताया कि वे मंगलवार को नूरसराय उद्यान महाविद्यालय गए थे। लेकिन, मामले को बताने के गुरेज किया।

### नव जागरण गायत्री महायज्ञ को निकली कलश यात्रा

**वजीरगंज।** स्थानीय बाजार में चार दिवसीय नौ कुण्डीय नव जागरण गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ बुधवार को कलश यात्रा के साथ किया गया। गायत्री प्रज्ञा महिला मंडल की सदस्य और श्रद्धालु समूह ने पीला वस्त्र धारण कर कलश यात्रा में भाग लिया। यज्ञ मंडप से निकलकर पुनावां तक यात्रा गई और वापसी में मुक्ता हाट से संकल्प के साथ जल भरकर वापस दखिनगांव होते हुए यज्ञ स्थल तक पहुंच कलश को स्थापित किया। यह यज्ञ शांतिकुंज हरिद्वार के सुक्ष्म संरक्षण में गायत्री शक्ति पीठ गया के द्वारा वजीरगंज बाजार में किया जा रहा है। बुधवार को कलश यात्रा, गुरूवार व शुक्रवार को देव पूजन, यज्ञ संस्कार और शनिवार को यज्ञ संस्कार, पूर्णाहुति के बाद टोली की विदाई की जाएगी। वहीं शाम 6 बजे से संगीत व प्रवचन किया जायगा।



चोरी की दो स्कॉर्पियो के साथ एक युवक गिरफ्तार, फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन करता था

# बेतिया में रोहतास के परिवहन पदाधिकारी सहित कई कर्मियों पर एफआईआर

निज संवाददाता

**बेतिया/सासाराम।** बेतिया जिले के कुमारबाग थाने की पुलिस ने एक ही रजिस्ट्रेशन, इंजन और चेचिस नंबर की दो स्कॉर्पियो को जब्त किया है। दोनों स्कॉर्पियो सासाराम (रोहतास) जिला परिवहन कार्यालय परिसर से जब्त किया गया। सफेद रंग के दोनों स्कॉर्पियो का रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन नंबर और चेचिस नंबर एक समान है। मामले में पुलिस प्रशिक्षु पुलिस अवर निरीक्षक चंद्र किशोर कुमार के आवेदन पर चनपटिया थाना क्षेत्र के गिद्धा निवासी चंद्रिका यादव, नालंदा जिला के लहेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत भराव पर निवासी विवेक कुमार गुप्ता उर्फ टिंकू व रोहतास के तत्कालीन या वर्तमान जिला परिवहन पदाधिकारी, मोटरयान निरीक्षक और उनके कार्यालय के कर्मियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी चंद्रिका यादव को गिरफ्तार कर ली है। चंद्रिका के खिलाफ वर्ष 2014 में चनपटिया थाना में धोखाधड़ी की पूर्व से प्राथमिकी दर्ज है। कुमारबाग थानाध्यक्ष देवेंद्र कुमार ने बताया कि चोरी के गाड़ियों का फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन कराने के रैकेट का पर्दाफ़ाश किया गया है। एक ही नंबर के दो स्कॉर्पियो को जब्त किया गया है। चंद्रिका यादव को गिरफ्तार कर पूछताछ किया जा रहा है। मामले की जांच हो रही है। जानकारी के अनुसार चनपटिया थाना क्षेत्र के गीधा गांव निवासी चंद्रिका यादव ने कुछ दिनों पहले अपना स्कार्पियो गाड़ी मुफसिल थाना क्षेत्र के गोनौली निवासी मणिलाल साह से बेचा था। बाद में वह गाड़ी फर्जी निकला। कारण की एक ही रजिस्ट्रेशन नंबर, इंजन नंबर एवं चेचिस नंबर की दो स्कॉपियो गाड़ी को चंद्रिका यादव द्वारा दो लोगों से बेच दिया गया था। इस बात की जानकारी जब मणिलाल साह को हुई तो वह चंद्रिका यादव से गाड़ी वापस कर अपने पैसे की मांग करने लगा। लेकिन चंद्रिका यादव पैसा देने को तैयार नही था। सोमवार को मणिलाल साह एवं उसका भाई मणिभूषण साह ने चंद्रिका यादव को पकड़ा लिया और अपने साथ अपने घर ले जाने लगे। तभी चंद्रिका यादव ने पैसा नही देने की नीयत से अपने अपहरण हो जाने का हल्ला कर दिया। हालांकि दिनदहाड़े छावनी के पास से अपहरण कर लेने की खबर आग की तरह पूरे क्षेत्र में फैल गई। दिनदहाड़े अपहरण की बात पर पूरा पुलिस महकमा हरकत में आ गया। घटना के बाद सभी जगहों पर अपहृत की बरामदगी के लिए जांच पड़ताल शुरू कर दी गई। मामले की कमान खुद पुलिस अधीक्षक अमरकेश डी ने अपने हाथों में ले लिया। हालांकि कुछ ही समय बाद कथित अपहृत एवं अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता पा लिया गया। अपहृत की बरामदगी के बाद पुलिसिया जांच में अपहरण की बात झूठा साबित हुआ है। और पुलिस जांच में मामला चोरी के गाड़ियों का फर्जी तरीके से रजिस्ट्रेशन कराने के रैकेट का निकला।



# पवन सिंह ने किया नामांकन, उमड़ी भीड़

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** काराकाट संसदीय क्षेत्र से भोजपुरी सुपर स्टार पवन सिंह ने गुरुवार को जिला मुख्यालय स्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। मौके पर उनके नामांकन सभा का भी आयोजन काराकाट संसदीय क्षेत्र के अकोढ़ी गोला के खेल मैदान में किया गया। भोजपुरी गयकों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं पवन सिंह की मां भी अपने बेटे को आशीर्वाद देने पहुंची तो उनकी पत्नी ज्योति सिंह भी पहुंची। पवन सिंह नामांकन के बाद लगभग पौने तीन में सभा स्थल पर पहुंचे। भारी भीड़ देख पवन सिंह उत्सा हित हो गए। पवन सिंह ने भीड़ का आभार जताते हुए भोजपुरी में कहा कि कुछ लोग कहत बानी पवनवा एने चल जाई ओन चल जाई, लेकिन पवनवा अब कहीं जाए वाला नइखे। काराकाट के बेटा ह, एइजे सबके सेवा करी। कहा कि गरीबों की बेटियों की पढ़ाई से लेकर शादी का खर्चा पवन सिंह करेगा। बजुर्गों को बढ़ाकर पेंशन देगा। अपनी मां की तरफ इशारा करते हुए कहा कि माइके कहले बिया कि पवनवा गलती करी तो जनता एकर कान पकड़ के सबक सिखाई। पवन सिंह के नामांकन सभा के लिए दो स्टेज बनवाए गए थे। एक मुख्य स्टेज था, जिस पर पहुंच पवन सिंह ने नामांकन सभा को संबोधित किया। वहीं दूसरा स्टेज भोजपुरी के गायक-गायिकाओं का था। सुबह 11 बजे से ही गीत-संगीत का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें भोजपुरी गायक गोपाल राय, गोलू राजा, एवं और अन्य कई गायक गायिका जुटे थे। जिससे सभा स्थल पर भारी भीड़ जमा हो गई थी।

कार्यक्रम में नवादा से निर्दलीय प्रत्याशी गुंजन सिंह भी पहुंचे थे। नामांकन सभा में पत्नी ज्योति सिंह के पहुंचने की सबसे अधिक चर्चा रही। पवन सिंह और उनकी पत्नी लंबे समय तक अलग रह रहे थे।

## इंडिया प्रत्याशी राजाराम सिंह ने भी किया नामांकन

काराकाट लोकसभा क्षेत्र के लिए बुधवार को नामांकन का दूसरा दिन था। आज इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सह सीपीआई माले उम्मीदवार राजा राम सिंह कुशवाहा ने नामांकन दाखिल किया। माले प्रत्याशी ने जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय के जिला निर्वाचन पदाधिकारी नवीन कुमार के कार्यालय में नामांकन किया। माले उम्मीदवार के अतिरिक्त एक निर्दलीय प्रत्याशी ने भी नामांकन दाखिल किया। कल मंगलवार को भी एक निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन किया था। इस तरह दो दिनों में कुल तीन प्रत्याशी नामांकन दाखिल कर चुके हैं। नामांकन दाखिल करने के बाद कहा कि देश में लोकतंत्र और संविधान का सवाल है। पहला एजेंडा लोकतंत्र और संविधान बचाने का है। दूसरा एजेंडा खेती को कॉर्पोरेट से बचाना है, खेती किसानों के हाथ में रहनी चाहिए। कहा कि तीसरा एजेंडा है कि ऐसी सरकार को चाहिए वो नौजवान जो पीढ़ी के लिए, सम्मानजनक रोजगार की व्यवस्था कर सके। इसके साथ ही देश मे महंगाई कम हो, लोगों में एकता भाईचारा हो। फसलों को वाजिब दाम मिले। देश ग्लोबल हंगर इंडेक्स में नीचे जा रहा है, यह शर्म की बात है। स्थानीय सवालों में डालमियानगर उद्योग का जीर्णोद्धार हो, इंद्रपुरी जलाशय का निर्माण हो, महिला कॉलेज खोले जाएं। कहा कि चुनाव जीतने के बाद बड़ी कार्ययोजना बनायेंगे और उसपर अमल करेंगे। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि आज दो उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। सीपीआई माले प्रत्याशी राजा राम सिंह ने दो सेट में नामांकन किया है। जबकि निर्दलीय प्रत्याशी इंद्र राज रौशन ने एक सेट में नामांकन किया है।

## बढ़ाई गई मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि

**हाजीपुर (वैशाली) (नि. सं.)।** यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर उनकी सुविधा के लिए बिहार के मुजफ्फरपुर और दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल के बीच चलायी जा रही साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की परिचालन अवधि को बढ़ा दिया है। ईसीआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि गाड़ी संख्या 05219-05220 तथा 05251-05252 मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन अवधि में वृद्धि की गयी है।

# व्यय पर्यवेक्षक ने अधिकारियों के साथ की बैठक, दिए निर्देश

निज संवाददाता

**सासाराम (रोहतास)।** लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान 35-काराकाट संसदीय क्षेत्र के व्यय पर्यवेक्षक विकास जोशी ने बुधवार को निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण हेतु गठित विभिन्न टीमों यथा फ्लाईंग स्क्वायड टीम, सहायक व्यय प्रेक्षक, लेखांकन टीम एवं वीडियो अवलोकन टीम के साथ सर्किट हाउस सासाराम में बैठक की। व्यय प्रेक्षक विकास जोशी ने सभी टीमों से चुनाव के दौरान उनके कार्य एवं दायित्व से संबंधित जानकारी ली। फ्लाईंग स्क्वायड टीम के उपस्थित सभी सदस्यों को चुनाव के दौरान की जाने वाली जांच के क्रम में आम जनता को कोई असुविधा नहीं है, जांच के दौरान महिलाओं के साथ अपनायी जाने वाली जांच प्रक्रिया के संबंध में व्यय प्रेक्षक ने जानकारी उपलब्ध कराई गयी। फ्लाईंग स्क्वायड टीम को व्यय प्रेक्षक विकास जोशी ने निर्देश दिया कि उन्हें अपने निर्धारित क्षेत्र में सजग रहना है तथा चुनाव के दौरान अभ्यर्थी/अभ्यर्थियों द्वारा अपनाये जाने वाले भ्रष्ट आचरण के संबंध में सचेत किया गया। बैठक के दौरान व्यय प्रेक्षक, सहायक व्यय प्रेक्षक को उनके कर्तव्य एवं दायित्वों के संबंध में जानकारी दी।

# भभुआ-पटना ट्रेन की चपेट में आया शख्स, मौत

निज संवाददाता



**सासाराम (रोहतास)।** सासाराम-आरा रेल लाइन पर रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान बिक्रमगंज थाना क्षेत्र में शिवपुर के एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बुधवार की रात शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक की पहचान शिवपुर गांव निवासी विजेंद्र सिंह 46 साल के रूप में की गई है। पुलिस द्वारा परिजनों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही शिवपुर गांव में कोहराम मच गया, परिजन और ग्रामीण आनन-फानन में मौके पर पहुंचे। पोस्टमार्टम के लिए आए शिवपुर गांव के ज्योतिष कुमार सिंह ने बताया कि विजेंद्र सिंह दवा लेने गए थे, दवा लेकर वो बिक्रमगंज से गांव लौट रहे थे। रेलवे ट्रैक पार कर रहे थे, तभी भभुआ-पटना सिटी एक्सप्रेस आ गई और वो उसके चपेट में आ गए। मौके पर ही उनकी मौत हो गई।

# बहन की विदाई की हो रही थी तैयारी, घर के बाहर भाई को गोली मारकल कया घायल

निज संवाददाता



**भाभुआ (कैमूर)।** के चैनपुर थाना क्षेत्र के बबुरहन गांव में एक व्यक्ति को गांव के ही अपराधियों ने ताड़ी नहीं देने पर गोली मार दी। एक गोली हाथ में लगी है जिसके बाद घायल अवस्था में परिवार वालों ने उसे उपचार के लिए सदर अस्पताल भभुआ लाया। हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। घायल युवक के घर पर कल बहन की विदाई को लेकर तैयारी चल रही थी। सारे घर वाले विदाई का सामान जुटाने में व्यस्त थे। अब घर वालों का रो-रो कर बुरा हाल है। घायल चैनपुर थाना क्षेत्र के बबूरहन गांव के स्वर्गीय दीनानाथ सिंह का बेटा प्रभात पटेल है। घायल के भाई लव पटेल ने बताया कि मेरी बहन की कल विदाई होनी है, जिसकी तैयारी घर पर जोरों से चल रही थी। इसी बीच गांव के ही कुछ लोगों ने फोन कर बोला कि तुम्हारे भाई को कुछ लोग मार रहे हैं। मुझे लगा कि हंसी मजाक में कोई कुछ कर रहा होगा। जब पहुंचा तो देखा कि गांव के ही दो लोग उसको पीट रहे थे। तभी एक व्यक्ति घर पर गया और वहां से देसी कट्टा लाकर उसको गोली मारने के लिए ताना। कट्टा को पकड़ने के लिए हाथ बढ़ाया तब तक गोली उसके हाथ में लग गई। बदमाश गोली मारकर आसानी से सभी लोगों के बीच से भाग निकला। घटना के बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची हुई थी। घटनास्थल पर ही देसी कट्टा पड़ा था। सदर अस्पताल भभुआ के इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर श्यामाकांत ने बताया कि चैनपुर थाना क्षेत्र के बबूरहन गांव का एक युवक आया है, जिसके हाथ में गोली लगी है। प्राथमिक उपचार किया गया है। उसको बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## जरूरतमंदों की जिंदगी बची रहे युवाओं ने किया रक्तदान

**भभुआ (कैमूर) (नि.सं.)।** बुधवार को सदर अस्पताल, भभुआ में हर हाथ रक्तदान अभियान के माध्यम से बिहार के विभिन्न जिले में लोगों को जागरूक कर रही संस्था सबल ने रक्तदान शिविर आयोजित किया। रक्तदान शिविर आयोजन से पूर्व सबल, कैमूर की ओर से भभुआ के लोगों के बीच से बैनर पोस्टर के साथ साथ घर-घर जाकर 21 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया गया। आठवीं बार रक्तदान करते हुए हर्ष मिश्रा ने बताया की रक्तदान को लेकर लोगों के बीच जो भ्रांति है। उसपर संवाद स्थापित कर जो लोग नियमित रक्तदान करते हैं, उनसे उनके अनुभव से अवगत कराया ताकि जो लोग अपने जीवनकाल में इस वजह से रक्तदान नही किए हैं कि रक्तदान करने से कमजोरी होती है, उनके मिथक टूटे।

# भाजपा नेत्री दुर्गावती चतुर्वेदी ने एनडीए प्रत्याशी मिथिलेश तिवारी को विजयी बनाने का किया आह्वान

निज संवाददाता



**बक्सर।** भारतीय जनता पार्टी के वरीय नेत्री दुर्गावती चतुर्वेदी ने लोगों से आह्वान किया कि नरेंद्र मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाने के लिए बक्सर लोकसभा से एनडीए प्रत्याशी मिथलेश तिवारी को वोट देकर भारी मतों से विजय बनाएं। भाजपा नेत्री ने कहा कि 10 मई को मिथिलेश तिवारी का नामांकन है। सभी बुजुर्ग युवा, माताएं एवं बहने इस नामांकन में उपस्थित होकर एनडीए प्रत्याशी मिथलेश तिवारी को अपना समर्थन एवं आशीर्वाद दें। उन्होंने बताया कि नामांकन के उपरांत आईटीआई मैदान में नामांकन सह आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में एनडीए के कई वरीय नेता उपस्थित रहेंगे।

## अमाव चौक से शराब के नशे में तीन गिरफ्तार

**रामपुर (नि.सं.)।** रामपुर प्रखंड के करमचट थाना के अमाव चौक से शराब के नशे में तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भभुआ भेज दिया।इस संबंध में जानकारी देते हुए करमचट थाना के थानाध्यक्ष विकास कुमार ने बताया कि शराब के नशे में सोनहन थाना क्षेत्र और बेलाव थाना क्षेत्र के आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रामपुर में मेडिकल जांच के बाद तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# सत्यनारायण व्रत कथा अवश्य सुनें : देववंश मिश्र

निज संवाददाता



**रोहतास (सासाराम)।** चार धाम तीर्थयात्रा पूरी करने के बाद सत्यनारायण भगवान की कथा अवश्य सुनना चाहिए।सत्यनारायण व्रत कथा से सुधरती है जीवन की दशा और हर मनोकामना पूर्ण होती है। मोकर में डॉक्टर निशाकर पांडे के यहां सत्यनारायण व्रत कथा सुनाने के क्रम में आचार्य एवं पुरोहित देववंश मिश्रा ने कहा। उन्होंने कहा कि सत्यनारायण व्रत कथा मन में श्रद्धा का भाव उत्पन्न करती है। भगवान सत्यनारायण को भगवान विष्णु का ही रूप माना गया है। सत्यनारायण की पूजा का अर्थ है सत्य की नारायण के रूप में पूजा करना। आमतौर पर किसी मांगलिक कार्य जैसे विवाह आदि पर सत्यनारायण भगवान की पूजा व कथा कराई जाती है। साथ-साथ चारों धाम यात्रा पूरी करने के बाद घर में सत्यनारायण व्रत कथा का आयोजन फलदायक एवं लाभप्रद माना गया है। सत्यनारायण भगवान की कथा सदियों से धरतीवासियों का कल्याण करती आ रही है। ज्योतिष के जानकारों की मानें तो सत्यनारायण व्रत का अनुष्ठान करके इंसान अपने तमाम दुखों से मुक्ति पा सकता है। आमतौर पर लोग कोई मन्नत पूरी होने पर सत्यनारायण की कथा और व्रत का आयोजन करते हैं। इसके साथ साथ जीवन में सुख, शांति और संपन्नता के लिए भी सत्यनारायण भगवान की पूजा की जाती है।

चुनाव का पर्व
DESH KA GARV
LOK SABHA ELECTION 2024

**समाहरणालय, गढ़वा**
**(जिला निर्वाचन शाखा)**
**(E-mail ID – dep-eo-gar@gov.in / electiongarhwa1950@gmail.com)**

**आम–सूचना**

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा निर्गत प्रेस–नोट संख्या ECI/PN/23/2024 दिनांक 16.03.2024 के आलोक में 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि दिनांक 13.05.2024 को प्रातः 7:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक निर्धारित है। गढ़वा जिला का सम्पूर्ण भाग 13–पलामू (अ0जा0) लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत आता है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी –सह– अपर मुख्य सचिव, मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रॉची के पत्रांक 1950 दिनांक 08.04.2024 एवं कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड, रॉची के अधिसूचना ज्ञापांक 2493 दिनांक 04.04.2024 के आलोक में लोकसभा आम चुनाव 2024 के अवसर पर दिनांक 13.05.2024 को गढ़वा जिला के सम्पूर्ण क्षेत्र में निगोशिएबुल इन्स्ट्रुमेंट एक्ट, 1881 की धारा 25 के तहत् सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाता है। गढ़वा जिला अंतर्गत अवस्थित सभी सरकारी कार्यालय / सार्वजनिक प्रतिष्ठान दिनांक 13.05.2024 को बंद रहेंगे।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह– उपायुक्त, गढ़वा

PR 324603 Election(24-25).D

## नौघरा की टीम को हराकर मोहनिया बनी विजेता

**चैनपुर (कैमूर) (नि.सं.)।** चैनपुर प्रखंड अंतर्गत क्षेत्र के नौघरा उस्मानिया क्रिकेट क्लब द्वारा नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट हुआ।जिसमें पहुंचे जिला परिषद सदस्य भभुआ भाग 3 विकास सिंह उर्फ लल्लु पटेल का कमेटी के सदस्यों और ग्रामीणों ने स्वागत किया। मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया कि उस्मानिया क्रिकेट क्लब के द्वारा पांच दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है,जिसमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से टीम भाग ली है।आज नौघरा बनाम मोहनिया के बीच मुकाबला हुआ। जिसमें नौघरा की टीम को हराकर मोहनिया विजेता बना। इस मौके पर जिला परिषद सदस्य के अलावे वहाजुल खान, दानिश खान, शौकत खान, परवेज खान,अदनान खान, राशिद रोशन, हरेंद्र तिवारी, धर्मेंद्र कुमार, विक्की सिंह सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।



**कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, पलामू**

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 (आर0टी0ई0) के अंतर्गत वर्ष 2024–25 में निजी विद्यालयों में प्रवेश कक्षा के 25 प्रतिशत स्थानों पर नामांकन हेतु आम सूचना।**

निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 12(1) (ग) के अनुपालन में गैर सहायता प्राप्त निजी विद्यालय (अल्पसंख्यक छोड़कर) के प्रवेश कक्षा में 25 प्रतिशत सीटों पर पड़ोस के (क्रमांक 01 किमी. 03 किमी0 अंततः 6 किमी0 दूरी सीमा तक) अभिवंचित समूह (अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अत्यंत पिछड़ा वर्ग, पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक समुदाय, 40% से अधिक निःशुल्क बच्चे एवं अनाथ बच्चे) एवं कमजोर वर्ग (जिनके परिवार की सभी स्त्रोतो से वार्शिक आय रूपये 72000/– से कम हो) के बच्चों का नामांकन पूर्ण किया जाना है।

अभिभावकों की सुविधा के लिए सूचित किया जाता है कि (क) पास पड़ोस की दूरी सीमा का निवासी होने के लिए पालक/अभिभावक का आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, मनरेगा जॉब कार्ड राशन कार्ड, ड्राईविंग लाइसेंस, बिजली बिल जिसमें उनका नाम एवं निवास का पता अंकित हो, मान्य होंगे। (ख) अभिवंचित एवं कमजोर वर्ग की मान्यता के लिए पालक/अभिभावक का जाति प्रमाण पत्र निःशुल्क बच्चे के लिए चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा निर्गत निःशक्तता प्रमाण पत्र एवं आय के लिए अंचलाधिकारी द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र मान्य होगा। (ग) नर्सरी/एल.के.जी. में नामांकन हेतु उम्र सीमा 03 वर्ष 06 माह से 04 वर्ष 06 माह के बीच एवं प्रवेश कक्षा 01 में नामांकन हेतु 05 वर्ष से 06 माह से 07 वर्ष के बीच होगी। उम्र की गणना की Cut off तिथि 31 मार्च 2024 होगी। (घ) आवेदन कार्यालय के Website, WWW.rtepalamu.in पर ऑनलाईन दिनांक 31.03.2024 तक भरा जाएगा।

अतः उक्त के आलोक में आर0टी0ई0 के तहत् मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों में 25% नामांकन के विरूद्ध ऑनलाईन आवेदन कम प्राप्त होने पर विचार करने हेतु एवं ऑनलाईन नामांकन एवं अनुश्रवण करने हेतु पोर्टल का तिथि दिनांक 09.05.2024 से 15.05.2024 तक विस्तार की जाती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक
पलामू

PR 324616 District(24-25)#D

**जिला जन–सम्पर्क कार्यालय,गढ़वा**
**(मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग)**

**प्रेस विज्ञप्ति**

पलामू संसदीय क्षेत्र में 13 मई 2024 को मतदान होना है। गढ़वा जिला में कुल 1170 मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। सभी मतदान केन्द्रों को मॉडल बूथ बनाया गया है। चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी बूथ पर सभी वर्ग के मतदाताओं के लिए हर प्रकार की सुविधा प्रदान की गई है। मतदाताओं से अपील है कि अधिक से अधिक संख्या में लोकतंत्र के इस महापर्व में भाग लेकर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें और लोकतंत्र को मजबूत बनायें।

सभी मतदान केन्द्र पर चुनाव आयोग के निर्देश पर निम्न प्रकार की सुविधा दी जा रही है:–

- सहायता केन्द्र– सहायता के लिए BLO उपलब्ध रहेगी।
- दिव्यांग मतदाता के लिए रैम्प वं व्हीलचेयर की व्यवस्था की गई है।
- महिला एव पुरूष मतदाता के लिए अलग–अलग सुलभ शौचालय की व्यवस्था।
- ब्रेल लिपि वाली ईवीएम मशीन की व्यवस्था।
- सभी मतदान केन्द्र पर विशेष स्वयंसेवक की व्यवस्था।
- धुप से बचने के लिए 15/15 के शेड की व्यवस्था।
- ठंडा पेयजल की व्यवस्था।
- सभी मतदान केन्द्र पर प्रशिक्षित व्यक्ति के साथ मेडिकल कीट की व्यवस्था।
- सुरक्षा की दृष्टिकोण से पुलिस बल की पर्याप्त व्यवस्था।
- मतदाताओं की सुविधा के लिए सुबह 07 बजे से शाम 05 बजे तक दिन भर मतदान की व्यवस्था।
- महिला एवं पुरूष के लिए अलग–अलग पंक्तियों में मतदान की व्यवस्था।
- सभी मतदान केन्द्र पर वेब कास्ट की व्यवस्था।
- मतदाता हेल्पलाईन की व्यवस्था, जो सीधे जिला नियंत्रण कक्ष से जुड़ा रहेगा।

जिला प्रशासन, गढ़वा – सभी मतदाताओं की सेवा में सदैव तत्पर !!

ह०/–
नोडल पदाधिकारी,
मीडिया एवं पब्लिसिटी कोषांग,गढ़वा

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,गढ़वा

PR 324590 Election(24-25).D

पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# चोरी के दस बाइकों के साथ 6 लोग समेत एक मास्टरमाइंड गिरफ्तार

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** अनुमण्डल के सिरदला थाना क्षेत्र के भलुआ, ढ़ाब एवं बहुआरा गांव से बुधवार की शाम को थानाध्यक्ष सह एसआई संजीत राम ने चोरी के दस बाइक के साथ कुल छः लोगों को गिरफ्तार किया। वहीं चोरी के बाइक के मास्टरमाइंड को भी गिरफ्तार किया गया है, जो कई थानों में नामजद अभियुक्त भी है। पुलिस अधीक्षक नवादा के निर्देश पर एसडीपीओ गुलशन कुमार की अगुआई में सिरदला थानाध्यक्ष ने चोरी के बाइकों के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया गया। गुरुवार को थाना परिसर में सर्किल इंस्पेक्टर मो अब्दुल गफ्फार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि सिरदला थानाध्यक्ष को चोरी की बाइक की गुप्त सूचना मिली। प्राप्त सूचना के आलोक में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में छापेमारी हेतु एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम में थानाध्यक्ष के अलावे एसआई नागेंद्र पासवान,




एएसआई रामानन्द कुमार के साथ क्षेत्र के चौकीदार एवं सशस्त्र बल मौजूद रहे। इस दौरान सिरदला थाना क्षेत्र के भलुआ गांव निवासी भोला राजवंशी के पुत्र गुलशन कुमार के घर से एक चोरी का एक बाइक बरामद किया गया। गुलशन कुमार से पूछताछ के क्रम में उसके द्वारा भलुआ गांव के दो अन्य व्यक्ति का नाम बताया गया। जिसके बाद गुलशन कुमार के निशानदेही पर भलुआ गांव निवासी द्वारिका राजवंशी के पुत्र कामेश्वर राजवंशी एवं स्व नरेश प्रसाद के पुत्र दिनेश कुमार के पास से एक-एक चोरी की बाइक बरामद की गई। वहीं दिनेश कुमार से पूछताछ के क्रम में बहुआरा गांव में दो अन्य व्यक्ति के पास चोरी के बाइक की बात कही गई। गिरफ्तार दिनेश कुमार के निशानदेही पर बहुआरा गांव निवासी स्व नरेश यादव के पुत्र विकास कुमार एवं राजो प्रसाद यादव के पुत्र संतोष कुमार के घर से दो-दो चोरी की बाइक बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार विकास कुमार एवं संतोष कुमार के निशानदेही पर ढ़ाब गांव निवासी इन्द्रदेव प्रसाद के पुत्र रणधीर कुमार के घर से चोरी की तीन बाइक जब्त किया गया। जबकि रणधीर कुमार पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा।

वहीं गिरफ्तार लोगों को चोरी का बाइक देनेवाला मास्टरमाइंड रजौली थाना क्षेत्र के बौढ़ी कला गांव निवासी ईश्वर राज के पुत्र शनि कुमार को भी रजौली पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया गया। सर्किल इंस्पेक्टर ने कहा कि जब्त चोरी के बाइकों एवं सभी गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं थानाध्यक्ष सह एसआई संजीत राम ने कहा कि छापेमारी के दौरान चोरी के बाइक के साथ भलुआ का एक विधि निरुद्ध बालक भी शामिल है। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार मास्टरमाइंड शनि कुमार चोरी की बाइक की खरीद-बिक्री किया करता था।जिसको लेकर रजौली, पटना एवं सिरदला थाना के काण्डों में भी नामजद अभियुक्त है। साथ ही बताया कि पुलिस थाना क्षेत्र में चोरी के बाइक को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है। उन्होंने यह भी कहा कि चोरी के बाइकों का उपयोग शराब परिवहन एवं लूट के अलावे अन्य गैर कानूनी घटनाओं को अंजाम देने में किया जाता है। इसलिए चोरी के बाइक एवं अन्य वाहनों को जब्त करने को लेकर विशेष कार्रवाई पुलिस द्वारा की जा रही है। वहीं सिरदला थानाध्यक्ष की कार्रवाई के बाद चोरी के वाहनों का इस्तेमाल करने वाले लोगों में पुलिस का खौफ व्याप्त है।

# डीएम ने पीएचसी का किया निरीक्षण

निज संवाददाता

**नवादा।** प्रशांत कुमार सी.एच जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार नवादा जिला के सभी पीएचसी में कैम्प लगाकर गर्भवती महिलाओं का एएनसी जंच किया गया। प्रशांत कुमार सी.एच. जिला पदाधिकारी, नवादा द्वारा आज नवादा सदर प्रखंड स्थित ओढ़नपुर में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। उन्होंने रजिस्ट्रेशन काउन्टर जाकर निरीक्षण किया। सभी कुछ सही पाया गया। गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर जांच कर रहे थे, इस दौरान डॉक्टर्स को भी उन्होंने आवश्यक निर्देश दिये। वहाँ बैठने की समुचित व्यवस्था नहीं की गयी थी। जिलाधिकारी ने प्रभारी डॉक्टर को बैठने की व्यवस्था को दुरूस्त करने का निर्देश दिया। आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका भी सहयोग में लगे हुए थे। चेकअप का सभी तैयारियां कैम्प में उपलब्ध थी। कैम्प में पर्याप्त डॉक्टर्स भी उपस्थित थे। उन्होंने उपस्थित डॉक्टर को निर्देश दिये कि सभी गर्भवती महिलाओं को एएनसी जॉच के नियमित समय को आवश्यक रूप से जानकारी देंगे और इसका लाभ उठाने के लिए कहेंगे। सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक एवं प्रखंड सामुदायिक उत्प्रेरक द्वारा आशा, एएनएम, जीएनएम के टीम द्वारा दूसरी तीसरी और चौथी त्रैमासिक वाली गर्भवती महिलाओं वाले लाभार्थियों को प्राथमिकता से सूचित करते हुए डॉक्टर की देखरेख में प्रसव पूर्व जांच कराई गई एवं पैथोलॉजिकल जांच एवं आयरन फोलिक एसिड एवं कैल्शियम की गोली दी गई। इस कार्यक्रम द्वारा उच्च जोखिम वाले गर्भवती का पहचान कर उन्हें सुरक्षित प्रसव कराने हेतु सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाता है। नवादा जिला के सभी प्रखंडों के सीएचसी में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत कुल 4419 महिलाओं को एएनसी जांच किया गया, जो निम्नवत है। सीएचसी अकबरपुर में 349, गोविन्दपुर-187, हिसुआ-319, काशीचक-231, कौआकोल-207, मेसकौर-194, नारदीगंज-392, नरहट-356, पकरीबरावां-318, नवादा सदर-478, रजौली-347, रोह-292, सिरदला-278 एवं वारिसलीगंज-471।

# लाभार्थी महिलाओं के बीच पौष्टिक नाश्ता एवं शीतल जल का वितरण

निज संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** अनुमंडलीय अस्पताल में गुरुवार को सिविल सर्जन नवादा डॉ. रामकुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया गया। इस दौरान जिलाधिकारी नवादा के आदेश के बाद व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त दिखाई दी। पीएचसी प्रभारी डॉ. सौरभ कुमार निराला ने कहा कि गर्भवती महिलाओं को जागरूक करने में कोताही बरतने को लेकर बीसीए किरण गुप्ता एवं मैनेजर मो इरशाद का वेतन एक माह के लिए बन्द किया गया है।हालांकि जिलाधिकारी के आदेश के बाद अस्पताल परिसर में सभी चीजें सुव्यवस्थित दिखाई दिए और लाभार्थियों महिलाओं की संख्या में बढ़ोतरी भी देखने को मिली। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. दिलीप कुमार के नेतृत्व में अनुमंडलीय अस्पताल में 347 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। चिकित्सकों की जांच टीम ने अस्पताल में चल रहे प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान शिविर के दौरान जांच दूर-दराज के गांवों से आई गर्भवती महिलाओं का जांच कर रहन-सहन की जानकारी देते हुए, उनके खान पान पर विशेष ध्यान रखने का दिशा निर्देश दिया। साथ ही अस्पताल प्रबंधक विकास कुमार के द्वारा सभी गर्भवती महिलाओं को बन्द पैकेट में रसगुल्ला, लिट्टी, मूंगदाल, गुड डे बिस्कुट, अंगूर व केला आदि नाश्ता के रूप में दिया गया। प्रभारी उपाधिक्षक ने बताया कि प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान प्रत्येक माह के 9 तारीख को चलाया जाता है। उन्होंने यह भी कहा कि अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व रहन सहन के बारे में बताया जाता है। महिलाओं को आयरन की गोलियां देकर उचित खान पान के बारे में बताया जाता है।

# दो बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत

- सभी जख्मियों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी भेजा गया है। मृतक सचिन कुमार भाई में अकेला था, वही पांच बहनें है।

निज संवाददाता

**नारदीगंज (नवादा)।** थाना क्षेत्र के राजगीर बोधगया राजमार्ग 82 पर वनगंगा पर दो बाइक की टक्कर हो गई। इस घटना में एक युवक की मौत घटनास्थल पर हो गई,वही तीन युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना गुरुवार को देर शाम में हुई है। मृतक की पहचान वनगंगा चौरमा निवासी मनोज राजबंशी का 18 वर्षीय पुत्र सचिन कुमार के रूप में की गई है। वही जख्मी वनगंगा चौरमा निवासी अशोक राजबंशी का 18 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार व कृष्ण राजवंशी का 17 वर्षीय पुत्र कन्हैया कुमार के अलावा आजादनगर वनगंगा निवासी कारु चौधरी का 18 वर्षीय पुत्र धीरज कुमार बताए गए हैं। सभी जख्मियों को सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए विम्स पावापुरी भेजा गया है। मृतक सचिन कुमार भाई में अकेला था, वही पांच बहनें है। जिसमे दो बहन की शादी हुई है। घटना की खबर मिलते ही स्वजनों में मातम छा गया। रो रोकर बुरा हाल हो रहा था। घटना की खबर मिलते ही एसआई कमलेश कुमार पुलिस बल के साथ सीएचसी पहुंचे, और कानूनी प्रक्रिया के बाद शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल नवादा भेज दिया। घटना में क्षतिग्रस्त दोनों बाइक को पुलिस ने जब्त कर लिया।

## महिलाओं ने सीओ से लगाई गुहार

**गोविंदपुर (नवादा) (नि.सं.)।** प्रखंड के गोविंदपुर पंचायत अंतर्गत हरनारायणपुर गांव में नाली निर्माण को लेकर गांव के लोगों आपसे उलझन गए । महिलाओं और पुरुषों के बीच उलझन में गाली गलौज के साथ-साथ मारपीट का नौवत हो गई थी। लेकिन समाजसेवियों के मदद से मामले को शांत कराया गया और कानूनी प्रक्रिया में आने के लिए लोगों को सलाह दी गई। गांव की महिला गीता देवी सरिता देवी रीता देवी मालती देवी धर्मशिला देवी के अलावे दर्जनों महिलाओं ने बताई की वार्ड नंबर 11 में नाली निर्माण के पूर्व इट्स सोलिंग और पीसीसी का कार्य कराया जा रहा है। लोगों का कहना है कि पहले नाली का निर्माण कराया जाय। इसके बाद पीसीसी का कार्य का काम प्रारंभ किया जाय ताकि पानी का निकासी हो।

# 352 महिलाओं का हुआ स्वास्थ्य जांच

निज संवाददाता

नारदीगंज (नवादा)। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,नारदीगंज में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत गुरुवार को गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच हुआ। अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. नवीन कुमार ने की। इस दौरान बीडीओ रंजीत कुमार ने आयोजित कार्यक्रम का जायजा लेकर आवश्यक दिशा निर्देश चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी को दिया। आयोजित शिविर में विभिन्न गांवों के 352 गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य जांच की गई। इस कैंप में गर्भवती महिलाओं को खून की कमी से बचने के लिए संतुलित आहार और आयरन की गोली लेने की सलाह दी गई।इस शिविर में गर्भवती महिलाओं को एक महीने की दवाइयां निःशुल्क



उपलब्ध कराया गया। स्वास्थ्य जांच में आये गर्भवती महिलाओं को चिकित्सकों ने कहा निर्धारित समय पर जांच कराने संस्थागत प्रसव गर्भावस्था के दौरान होने वाले खतरे के गंभीर लक्षणों परिवार नियोजन, वाहन सुविधा, जननी शिशु सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार,आशुतोष कुमार ने उपस्थित गर्भवती महिलाओं का रक्त जांच व पेशाब जांच का सैंपल लिया गया। कार्यक्रम में डा. इंद्रदेव कुमार, डा. विमलेन्द्र कुमार सिन्हा, डा. इरशाद हसन, डाटा ऑपरेटर जितेन्द्र कुमार, एएनएम शोभा देश पांडेय, स्वर्णलता कुमारी समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# कौआकोल में युवक को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाया

निज संवाददाता

**कौआकोल (नवादा)।** झारखंड की सीमा पर एक युवक को बदमाशों ने पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जलाकर मार डाला। मिली जानकारी के अनुसार झारखंड की सीमा पर कौआकोल थाना क्षेत्र के झरनमां में बुधवार को पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने एक बाइक सवार युवक को पेट्रोल छिड़क कर जिंदा जला दिया। मृत युवक की पहचान झारखंड के गिरीडीह जिला अंतर्गत गांवा थाना के डूमरझारा निवासी सोमर साव के पुत्र मुकेश कुमार साव (30) वर्ष के रूप में की गई है। घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। बताया जाता है कि कौआकोल थाना क्षेत्र के रानीगदर में हो रहे तालाब के निर्माण में डूमरझारा निवासी सोमर साव का ट्रैक्टर मिट्टी



ढोने का काम करता है। बुधवार को मुकेश अपने भाई छोटू साव के साथ बाइक पर डीजल लेकर ट्रैक्टर में डालने के लिए जा रहा था। इसी बीच झरनमां के पास पूर्व से घात लगाए बैठे पांच की संख्या में रहे बदमाशों ने बाइक को रोक कर मुकेश को उतार लिया और उसके साथ मारपीट करने लगा। तथा बाइक तथा उसके उपर पेट्रोल छिड़क कर आग लग दिया। इसी बीच मौका पाकर बाइक पर साथ में रहे मुकेश का भाई छोटू किसी तरह वहां से भाग निकला और घटना की जानकारी घर वालों को दी। जब तक घर वाले घटना स्थल पर पहुंचे तब तक मुकेश की मौत हो चुकी थी।

इसके बाद मृतक के परिजनों ने इसकी सूचना कौआकोल पुलिस को मोबाइल पर दी। कौआकोल पुलिस यह कहकर अपना काम खत्म कर लिया कि मामला झारखंड का है। इसलिए प्राथमिकी वहां की पुलिस करेगी। जिसके बाद मृतक के परिजन गांवा, लोकाय तथा घुठिया की पुलिस को देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की। वहां की पुलिस ने भी यह कहकर अपना पल्लू झाड़ लिया कि घटना कौआकोल थाना क्षेत्र की सीमा में है। प्राथमिकी दर्ज कौआकोल पुलिस करेगी।

जिसके बाद मृतक के परिजन कौआकोल थाना पहुंचे और घटना को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का अनुरोध किया। पर कौआकोल पुलिस फिर उसे यही कहकर लौटा दिया कि मामला झारखंड का है। इसलिए मुझे प्राथमिकी दर्ज करने का कोई औचित्य ही नहीं बनता। इस प्रकार मृतक के परिजन शव को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए कौआकोल, लोकाय तथा घुठिया थाने का चक्कर काटने के लिए विवश हो रहे हैं।

# कुख्यात वांक्षित अपराधी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

निज संवाददाता

**नवादा।** गुरूवार को समाहरणालय स्थित पुलिस कार्यालय में एसपी कार्तिकेय के शर्मा ने प्रेसवार्ता का आयोजन कर हथियार के साथ गिरफ्तार अपराधी का खुलासा करते हुए कहा कि जिले के मेसकौर पुलिस के द्वारा उक्त वांछित अपराधी को गिरफ्तार करने के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी, तभी पुलिस को सूचना मिली की मेसकौर थाना क्षेत्र के सातन बिगहा गांव में एक व्यक्ति अपने घर में अवैध हथियार रखे हुए है। सूचना प्राप्त होते हीं मेसकौर पुलिस नें एसपी श्री शर्मा को इसकी सुचना दिया। सूचना मिलते हीं एसपी के द्वारा एक एसआईटी का गठन किया गया। गठित एसआईटी के द्वारा थाना क्षेत्र के सातन बिगहा गांव में स्व बहादुर खान के पुत्र मो महताब खान के घर पर छापेमारी की गई, जहां



छापेमारी के क्रम में आरोपी के घर की तलाशी के दौरान एक अवैध दो नाली बंदूक, एक देशी कट्टा एवं दो नाली बंदूक की 20 गोली बरामद की गई, जिसे विधिवत जब्त कर आरोपी महताब खान को गिरफ्तार कर लिया गया। एसपी ने कहा कि गिरफ्तार अपराधी काफी कुख्यात है। वह लगातार 1997 से लेकर अप्रेल 2023 तक कई अपराधिक घटनाओं में शामिल रहा है। इसके अलावा उसके खिलाफ कई अन्य जिले में भी मामला दर्ज है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अपराधी के उपर हत्या, हत्या का प्रयास एवं रंगदारी के अलावा अन्य अपराधिक मामले दर्ज है। एसपी श्री शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी का अपराधिक इतिहास रहा है। उसके विरुद्ध पूर्व से मेसकौर थाना में 14 अक्टूबर 1997 को कांड संख्यां- 83/97, 10 फरवरी 1998 को आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्यां-13/98, 16 जुलाई 2000 को आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्यां-20/2000, 17 अप्रेल 2011 को कांड संख्यां-30/2011, 26 नवंबर 2019 को आर्म्स एक्ट के तहत कांड संख्या-472/19 तथा 27 अक्टूबर 2023 को कांड संख्यां-404/23 पूर्व से हीं मेसकौर (सिरदला) थाना में दर्ज है। गिरफ्तार अपराधी का पुराना अपराधिक इतिहास रहा है। उन्होंने बताया की पुलिस इसके अपराधिक इतिहास को खंगाल रही है। पुलिस गिरफ्तार अपराधी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। गिरफ्तार अपराधी के घर से बरामद सामानों की विवरणी गिरफ्तार अपराधी के घर से देसी कट्टा एक, दो नाली बंदूक एक तथा बंदूक का 20 कारतूस बरामद किया गया है।

# मांगों को लेकर आठ दिनों से अनशन पर हैं विद्यासागर

निज संवाददाता

**नवादा।** पुलिस प्रशासन द्वारा आम लोगों के साथ व्यवहार कुशलता एवं अन्य मांगों को लेकर बीते आठ दिनों से शाहपुर ओपी के लेम्बुआ निवासी स्व.परमेश्वर प्रसाद के पुत्र विद्यासागर अनशन पर हैं। उन्होंने बताया कि बिना अन्न ग्रहण किए आठवां दिन हो गया है। बताया कि ऑनलाइन लेनदेन में राशि का गबन, प्रशासन द्वारा दुर्व्यवहार, अभियुक्त द्वारा नगद राशि की स्वीकारोक्ति, उक्त राशि 20 प्रतिशत चक्रवृद्धि ब्याज के साथ वापसी, मानहानि राशि का भुगतान, मामले की साइबर शाखा



से जांच एवं अन्य पीड़ित का आरोपी के साथ गबन का पर्दाफाश व प्रशासन में समुचित सुधार की आशा लेकर अनशन पर हैं और उम्मीद करते हैं कि अगले 24 घंटे में मांगों पर विचार करते हुए समाधान किया जाएगा।

## जनता दरबार के मामलों की डीएम ने की समीक्षा

**नवादा (नि.सं.)।** जिला पदाधिकारी प्रशांत कुमार सी.एच की अध्यक्षता में उनके कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को जनता दरबार में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में बताया गया कि विभिन्न विभागों से जनता दरबार में कुल 16 मामले लंबित हैं। जनता दरबार में कुल 43 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें 27 आवेदनों को जांच कर निष्पादित किया गया है। जिला पदाधिकारी द्वारा सभी विभागों से प्राप्त प्रतिवेदन के विरूद्ध निष्पादित प्रतिवेदनों की समीक्षा की गई।

# 33 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी : एसपी

- अन्य बरामदगी अन्तर्गत ट्रैक्टर 1, एटीएम 5, मोबाइल 13, तसला 5, चुलाई मशीन 2, ड्राम 1, गैस सिलेंडर 1, अपहृता 2 एवं नगर 1 लाख 93 हजार 670 रूपया बरामद किया गया।

निज संवाददाता

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय के. शर्मा ने बताया कि 6 मई को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं जिसमें डकैती में 2, अनुसूचित जाति/जनजाति में 2, साइबर क्राइम में 8, पुलिस पर हमला में 1, मद्य निषेध में 3, हत्या के प्रयास में 2 एवं अन्य गिरफ्तारी 15 कुल 33 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अन्तर्गत 121 लीटर महुआ शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या 14 एवं कुर्की के निष्पादन की संख्या 1 है। वाहन जांच के क्रम में कुल 524 वाहनों की जांच की गई है एवं फाइन की कुल राशि 2 लाख 31 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य बरामदगी अन्तर्गत ट्रैक्टर 1, एटीएम 5, मोबाइल 13, तसला 5, चुलाई मशीन 2, ड्राम 1, गैस सिलेंडर 1, अपहृता 2 एवं नगर 1 लाख 93 हजार 670 रूपया बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस के द्वारा इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों के गिरफ्तारी एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

## अक्षय तृतीया : सोने की खरीदारी व दान का है विशेष महत्व

**नवादा (नि.सं.)।** अक्षय तृतीया इस वर्ष 10 मई शुक्रवार को है। इस दिन पूजा-पाठ के साथ स्थिर लग्न में सोने की खरीदारी और दान-पुण्य करने का विशेष महत्व है। इस दिन मुख्य रूप से भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी की पूजा का विशेष महत्व है। अक्षय तृतीया पर स्थिर लग्न सुबह 5.39 बजे से शुरू होकर रात 10.10 बजे तक है। अक्षय तृतीया पर इस बार शादी-विवाह नहीं हो सकेगा क्योंकि गुरु व शुक्रास्त के कारण मांगलिक दिनों का अभाव है। शहर के ज्योतिषाचार्य पंडित धर्मेन्द्र झा ने बताया कि अक्षय तृतीया तिथि को किए गए कार्यों का फल कभी नष्ट नहीं होता है।

# वज्रपात से एक युवक की मौत, गांव में छाया मातम

निज संवाददाता

**गोविंदपुर (नवादा)।** गोविंदपुर नक्सल थाना थाली क्षेत्र अंतर्गत एकतारा गांव में वज्रपात से एक 20 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही परिजनों के साथ-साथ गांव वाले छाती पीठ पीठ कर रोने लगा घटना को लेकर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दिया सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष विकास कुमार यादव ने दलबल के साथ पहुंचा और जा जा लिया गया ग्रामीणों से पूछताछ करने के बाद सबको कब्जे में लिया गया और पोस्टमार्टम के लिए नवादा सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं मृतक की पहचान एकतारा गांव निवासी बालेश्वर राजवंशी के 20



वर्ष के पुत्र मुकेश कुमार के रूप में किया गया। मृतक मुकेश कुमार के परिजनों ने बताया कि शौच करने के लिए घर के बाहर बघार में गया था। उसी दरमियान वज्रपात हुआ। जिससे घटनास्थल पर मौत हो गई। मृतक शादीशुदा था। पत्नी चार माह की गर्भवती है। गांव वालों के साथ-साथ पूरे परिवार चिंतित है। घटना की जानकारी बीडीओ नीरज कुमार रॉय को मिलते ही पहुंचा और परिजनों को सांत्वना देते हुए सरकार की योजना के तहत लाभ देने की बात कही गई।

## संक्षिप्त समाचार

### शराबी पति से तंग आकर पत्नी ने कराया गिरफ्तार, जेल

**कोईलवर**। शराबी पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी पुलिस से उसकी शिकायत कर गिरफ्तार करा दिया। इसके बाद पुलिस ने शराबी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।गिरफ़्तार शराबी पति कोईलवर नगर पंचायत के वार्ड चार के अमरजीत कुमार है। इस संबंध में पीड़िता सुनीता देवी ने बताया कि मंगलवार को देर शाम उसका शराबी पति नशे में घर पहुंचा और उसकी पिटाई करने लगा व घर का दरवाजा तोड़ घर में रखे सामान फेंकने लगा। पति की पिटाई से खुद को बचाते हुए उसने कोईलवर के थानाध्यक्ष को फोन कर इसकी जानकारी दी। पुलिस मौके पर पहुंच शराबी पति को गिरफ्तार कर थाना ले गई। बाद में ब्रेथ एनलाइजर से जांच में शराब सेवन की पुष्टि कर पुलिस ने जेल भेज दिया। पीड़िता ने बताया कि उसका पति प्रतिदिन शराब के नशे में घर आता है। उसके साथ मारपीट करता है।

### एसबी कॉलेज के भूगोल विभाग में एकदिवसीय सेमिनार

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय की अंगीभूत इकाई एसबी कॉलेज मे भूगोल विभाग तथा आईक्यूएसी के संयुक्त प्रयास से एकदिवसीय सेमिनार हुआ। सेमिनार का विषय रिमोट सेंसिंग( सुदूर संवेदन) विकास एवं प्रक्रिया था। उद्घाटन कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर पूनम कुमारी, मुख्य वक्ता डॉ सदफ, पीजी भूगोल विभाग, संयोजिका सह विभागाध्यक्ष डॉ मनीषा कुमारी तथा सह संयोजक डॉ सद्दाम हुसैन ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। मुख्य वक्ता डॉक्टर सदफ, सहायक प्राध्यापिका स्नातकोत्तर भूगोल विभाग आरा ने सुदूर संवेदन के विकास एवं प्रक्रिया पर वक्तव्य दिया। इससे छात्र एवं छात्राएं बहुत लाभान्वित हुए। संयोजिका डॉ मनीषा कुमारी ने सुदूर संवेदन के विभिन्न आयामों को रेखांकित किया। सह संयोजक डॉ सद्दाम हुसैन ने सुदूर संवेदन के वर्तमान महत्व तथा रिसर्च में इसकी उपयोगिता पर जानकारी साझा की। सेमिनार में संचालन आलोक दुबे ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ सद्दाम हुसैन ने किया। सेमिनार में भूगोल विभाग के शिक्षक डॉ मुन्ना कुमार ज्योति, डॉ महताब इमाम, डॉ चुनन कुमारी, डॉ मिराज दानापुरी, डॉ रामनारायण मिश्र, डॉ कुमार शिव शंकर, डॉ आशा रानी, डॉ श्वेता सिंह,डॉ सिमरन, डॉ पूजा कुमारी, डॉ एसडी सिंह, डॉ अशोक तिवारी, डॉ राकेश रंजन, डॉ वेंकटेश चौधरी, डॉ राकेश चौधरी शोधार्थी रमजान, रामदास, भरत सिंह, सलोनी, राणा और जन्नत आफरीन सहित कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### शिकायत के लिए निर्वाचन आयोग का फैक्स और ईमेल आईडी जारी

**आरा**। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी नूर हसन ने बताया कि लोकसभा चुनाव के के लिए मतदान के दिन बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के कार्यालय में नियंत्रण का अक्षय स्थापित किया गया है। निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सूचना नियंत्रण पक्ष को दूरभाष संख्या 0612-2217601, 0612-2202, फैक्स नंबर 0612-2217597 या ईमेल ceo_bihar@eci.gov.in अथवा ceobihar@gmail.com पर भेजा जा सकता है। यह मतदान की प्रक्रिया समाप्त होने तक कार्यरत रहेगा। बिहार के अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी आलोक रंजन घोष ने इस बारे में निर्देश जारी किया है।

### ब्रह्मपुर में विभाग के सफाई कार्यों पर वार्ड पार्षदों ने लगाया अनियमितता का आरोप

**ब्रह्मपुर**। नगर पंचायत ब्रह्मपुर के सभी वार्ड पार्षदों ने जेई अंजनी कुमार, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार एवं नगर अध्यक्ष सुमन देवी पर विभागीय द्वारा कराये जा रहे सफाई के कार्यों में घोर अनियमितता का आरोप लगाया है। पार्षदों ने डीएम अंशुल अग्रवाल एवं नगर विकास एवं आवास विभाग पटना को पत्र के माध्यम से अवगत कराया की नगर पंचायत ब्रह्मपुर में सफाई का कार्य लगभग 12 माह से विभाग द्वारा कराया जा रहा है। जबकि सफाई का कार्य विभाग द्वारा नियमतः इतना लंबा समय तक नहीं कराया जाता है। पार्षदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि नगर पालिका अधिनियम को ताख़ पर रखते हुए जेई अंजनी कुमार, तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी अनिरुद्ध कुमार एवं नगर अध्यक्ष सुमन देवी द्वारा सफाई के कार्यों में काफी लूट खसोट पूर्व में भी किया गया है और वर्तमान में भी किया जा रहा है। जबकि सशक्त अस्थाई समिति एवं बोर्ड के बैठक में 16 अक्टूबर 2023 को ही सर्वसम्मति से सफाई का कार्य हेतु आउटसोर्स एजेंसी निविदा के माध्यम से बहाल करने हेतु प्रस्ताव पारित किया गया था, परंतु इन लोगों के द्वारा अपनी निजी स्वार्थ के लिए आउटसोर्स एजेंसी निविदा बहाल आज तक नहीं कराया गया। इससे साबित होता है कि सरकार द्वारा सफाई कार्य हेतु दी गई राशि का दुरुपयोग एवं काफी मात्रा में लूट खसोट किया जा रहा है। जबकि आश्चर्य की बात यह है कि नगर पंचायत ब्रह्मपुर में विभाग द्वारा कराये जा रहे सफाई के कार्यों में पांच सुपरवाइजर सहित लगभग 60 से 70 सफाई कर्मी सफाई का कार्य करते हैं जो पेन पेपर तक ही सीमट कर रह जाता है। जिनका सभी सफाई कर्मियों का दैनिक मजदूरी के नाम पर प्रति माह लगभग नव लाख रूपये की निकासी की जाती है, इसके बावजूद भी सफाई का कार्य संतोषजनक नहीं है। सभी पार्षदों ने डीएम अंशुल अग्रवाल एवं नगर विकास एवं आवास विभाग पटना से पत्र के माध्यम से गुहार लगाते हुए कहा की मामला को जांच कर पाए गए दोषियों पर अभिलंब कार्रवाई करते हुए सफाई का कार्य करने हेतु अभिलंब आउट सोर्स एजेंसी निविदा के माध्यम से बहाल कराने की मांग की है।

### माओवादियों का लोकसभा चुनाव बहिष्कार भोजपुर में नहीं

**आरा**। भाकपा (माओवादी) संगठन के द्वारा लोकसभा चुनाव का बहिष्कार का आह्वान किया गया है। पड़ोसी जिला सारण में इस प्रकार की सूचना आई है। हालांकि भोजपुर जिला में अब तक ऐसी कोई सूचना नहीं है। जिलाधिकारी महेंद्र कुमार और पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि इस प्रकार की कोई सूचना नहीं है।

### सात घंटे के बजाय पांच घंटे करनी होगी ड्यूटी

**आरा**। वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय ने कॉलेजों में शिक्षकों की उपस्थिति सात घंटे के फरमान को निरस्त कर दिया है। अब शिक्षकों को पूर्व की भांति पांच घंटे की ड्यूटी करनी होगी। विश्वविद्यालय ने शिक्षक संघों की मांग पर यह निर्णय लिया है। बुधवार को विश्वविद्यालय ने इसकी अधिसूचना भी जारी कर दी। विश्वविद्यालय ने एक मार्च 2024 के पत्र को निरस्त करते हुए पूर्व में निर्धारित समयावधि को मान्य कर दिया है। विश्वविद्यालय के इस निर्णय से शिक्षकों में खुशी है।

### शराब फेंक भागा तस्कर, भेजा जेल

**बक्सर**। शहर के कमलदह पोखरा के समीप पुलिस को देख शराब से भरा झोला फेंक तस्कर फरार हो गया। पुलिस ने शराब को जब्त कर लिया। पुलिस शराब तस्कर के पहचान को लेकर प्रयास कर रही है। टाउन थानाध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने बताया कि मंगलवार की शाम स्टेशन रोड में जांच अभियान के दौरान एक युवक को सफेद झोला लेकर जाते हुए देखा गया। युवक ने पुलिस की जांच को देख युवक शराब से भरा झोला फेंक कर भाग निकला।

### बक्सर में पूर्व के विवाद को लेकर मारपीट

**बक्सर**। शहर के कृष्णा नगर कॉलोनी में पूर्व के विवाद को लेकर घर में घुस कर मारपीट करने का मामला सामने आया है। मारपीट के मामले को लेकर जख्मी के बयान पर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस मामले क जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक स्व भगवती प्रसाद के पुत्र विकास कुमार पिछले दिनों अपने घर में मां के साथ था। उसी दौरान लड्डु सिंह, जेपी सिंह समेत अन्य 4-5 की संख्या में अज्ञात युवक उसके घर में प्रवेश कर गए। युवकों ने विकास के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। हल्लागुल्ला सुन विकास की मां पहुंची तो आरोपितों ने उनके साथ भी मारपीट और अभद्र व्यवहार किया। आरोपितों ने युवक का करीब 2300 रुपए और एक सोने का चेन छिन कर फरार हो गए। पीड़ित ने मामले को लेकर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज कराई है।

# पराली जलाने वालों पर सेटेलाइट से हो रही निगहबानी, 2013 स्पॉट चिह्नित

निज संवाददाता। बक्सर



अगर आप किसान हैं और चुपके से पराली जला रहे हैं तो बचने की कोई गुंजाइश नहीं है। क्योंकि, पराली जलाने से संबंधित स्पॉट की पहचान सेटेलाइट से की जा रही है। खास तो यह है कि जिला कृषि विभाग की निगरानी के बावजूद पराली जलाने के मामले रुक नहीं रहे हैं। प्रचार-प्रसार और सख्त चेतावनी के बावजूद मामले में कमी नहीं आ रही है। इसको लेकर कृषि विभाग के अधिकारी भी गंभीर हैं। सरकार की ओर से जारी गाइड लाइन के अनुसार पराली जलाने वाले किसानों का किसान रजिस्ट्रेशन बंद करने की कार्रवाई की जा रही है। जिला कृषि विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अब तक सेटेलाइट से पराली जलाने के मामले में 2013 स्पॉट को चिन्हित किया गया है। बता दें कि बीते वर्ष खरीफ के सीजन में भी 547 किसानों पर पराली जलाने के मामले में किसानों का आईडी ब्लॉक करने की कार्रवाई की गई थी। कृषि विभाग के सहायक निदेशक प्रक्षेत्र शेखर किशोर ने बताया कि पराली जलाने के मामले में पहचान व कार्रवाई करने के लिए प्रखंड कृषि पदाधिकारी, कृषि समन्वयक और किसान सलाहकारों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। 10 दिनों में बढ़ गये 1127 पराली से संबंधित मामले जिला कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीते दस दिनों में पराली जलाने के 1127 स्पॉट चिन्हित किये गये हैं। 29 अप्रैल 2024 को सेटेलाइट से मिले रिपोर्ट के अनुसार 886 स्पॉट चिन्हित किये गये थे और 60 किसानों का आईडी ब्लॉक करने की कार्रवाई हुई थी। वहीं दस दिन बाद पराली जलाने वाले स्पॉट चिन्हित करने की संख्या बढ़कर 2013 हो गई है। वहीं 160 किसानों पर आईडी ब्लॉक करने की कार्रवाई की गई है। पराली जलाने के मामले में राजपुर प्रखंड अव्वल है। जिला कृषि विभाग के अनुसार राजपुर प्रखंड में सबसे अधिक पराली जलाने के स्पॉट मिले हैं। सेटेलाइट से स्पॉट चिन्हित कर विभाग को भेजे गये रिपोर्ट के अनुसार अकेले राजपुर प्रखंड में 731 मामले सामने आए हैं। राजपुर प्रखंड के विभिन्न गांवों में कुल 731 पराली जलाने के स्पॉट सेटेलाइट द्वारा चिन्हित किया गया है। वहीं बक्सर प्रखंड में 125, चौसा प्रखंड में 166, इटाढ़ी प्रखंड में 379, डुमरांव प्रखंड में 108, चक्की प्रखंड में 7, सिमरी प्रखंड में 12, ब्रह्मपुर प्रखंड में 159, चौगाई प्रखंड में 73, केसठ प्रखंड में 6 और नावानगर प्रखंड में 247 पराली जलाने का मामला सामने आया है। सहायक निदेशक प्रक्षेत्र ने कहा कि प्राप्त रिपोर्ट एवं गाइडलाइन के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के इटाढ़ी रेलवे फाटक के पास ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। इसकी सूचना पर पहुंची जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज उसकी पहचान में जुट गई। कुछ देर में उसकी पहचान जिले के कोचस थाना क्षेत्र के कंजर गांव के निवासी के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि युवक अपनी बीमार पत्नी को दवा लेने बक्सर आया था। जीआरपी ने शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है जो बक्सर से रोहतास के लिए रवाना हो गए हैं। बताया गया कि जिले के कोचस थाना क्षेत्र के कंजर गांव के निवासी 48 साल के रामचंद्र सिंह की पत्नी बीमार रहती है। इसकी दवा लेने के लिए रामचंद्र सिंह अपने गांव से बक्सर जिला मुख्यालय में पहुंचे हुए थे। तभी इटाढी रोड रेलवे फाटक के पूर्वी छोर पर रेलवे ट्रैक पार करते वक्त युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना रेल थाना को दी। पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों ने यह भी बताया कि मृतक कान से कम सुनता था। जीआरपी थाना प्रभारी अरुण पासवान ने कहा कि सूचना मिली कि बक्सर स्टेशन के आउटर के पास पिलर संख्या 660 के पास ट्रेन से युवक की कटकर मौत हो गई है।

# नाथ बाबा मूर्ति स्थापना को ले कल से यज्ञ का शुभारंभ

निज संवाददाता। बक्सर



श्रीनाथ आश्रम द्वारा संचालित सिद्धाश्रम गंगा किनारे चरित्रवन स्थित आदिनाथ अखाड़ा में परम सिद्ध योगी महामंडलेश्वर श्री त्रिलोकीनाथ बाबा उर्फ नाथ बाबा के भव्य मूर्ति की स्थापना व प्राणप्रतिष्ठा के लिए अक्षय तृतीया यानी कल से यज्ञ का शुभारंभ किया जाएगा। महामंडलेश्वर योगी शीलनाथ जी ने बताया कि गुरुदेव भगवान श्री नाथ बाबा पूरे विश्व के साथ-साथ सिद्धाश्रम के कल्याण के लिए समर्पित रहे। उनके भव्य मूर्ति का मस्तिकाभिषेक किया जाएगा। यज्ञ की शुरुआत 10 मई शुक्रवार को होगी। पहले दिन पंचांग पूजन एवं जल यात्रा की जाएगी। 11 को अरणीमंथन एवं यज्ञ की शुरुआत की जाएगी। 12 को आदिनाथ भगवान का महामस्तीकाभिषेक एवं शोभा यात्रा का आयोजन होगा। 13 मई को प्राण प्रतिष्ठा समारोह, 14 को गुरुदेव भगवान श्री नाथ बाबा का मस्तिकाभिषेक व 15 मई को संत सम्मेलन का आयोजन किया गया है। प्रतिमाओं का विशेष पूजन, दीपदान एवं नवनाथ पूजन भी किया जाएगा। 16 को पूर्णाहुति एवं भंडारा का आयोजन किया गया है।

# बोलेरो ने 2 बाइक सवार को रौंदा, एक की मौत, बक्सर में दोनों किसी से मिलकर लौट रहे थे

निज संवाददाता। बक्सर





बक्सर के चौसा चुन्नी मार्ग में सड़क हादसे में घायल दो बाइक सवारों में से एक को मौत हो गई। दोनों बोलेरो की चपेट में आ गए थे। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों ने दोनों को सदर अस्पताल पहुंचाया जहां एक युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जबकि दूसरे को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। परिजन उसे वाराणसी ट्रॉमा सेंटर लेकर गए हैं। वहीं, पुलिस ने टक्कर मारने वाले वाहन को अपने कब्जे में ले लिया है। घटना चौसा चुन्नी मार्ग स्थिति सलारपुर मौजा के पास की है। चौसा नगर पंचायत के कनकनारायन पुर निवासी 47 वर्षीय अंगद यादव अपने ही गांव के युवक तुलसी ठाकुर के 25 वर्षीय पुत्र किशुन ठाकुर के साथ बाइक पर सवार हो किसी से मिलने चुन्नी गांव गए थे। कार्य खत्म होने के बाद वे दोनों बाइक से घर लौट रहे थे। घटना में अंगद यादव की मौत हो गई है। घटना की जानकारी के बाद पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। बोलेरो व बाइक को जब्त कर थाना ले गई। वही, घटना की जानकारी के बाद मृतक के घर मे कोहराम मच गया। अंगद यादव के घर में मां, पत्नी और दो बेटे हैं।

# बुज़ुर्ग की हत्या मामले में FIR दर्ज, आम तोड़ने के विवाद में गोली मारकर की गई थी हत्या

निज संवाददाता। आरा





भोजपुर के चौरी थाना इलाके के डिलिया गांव में बीते मंगलवार की रात आम तोड़ने का विरोध करने पर अधेड़ की गोली मारकर हत्या करने के मामले में मृतक की पत्नी मीना देवी ने चार नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। हालांकि, किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। प्राथमिकी में डिलिया गांव निवासी अखिलेश यादव,बिजली यादव,संजय गोसाई तथा मनु यादव समेत अन्य को आरोपित किया गया है। मृतक की पत्नी ने बताया कि गांव के ही मो.सलाउद्दीन का खेत व बगीचा का इनके पिता बहादुर राम भी पहले रखवाली किया करते थे । उनके गुजर जाने के बाद यह करते थे। दो माह से वह उनके बगीचे में लगे आम के पेड़ का रखवाली करने के लिए रोज देर शाम जाते और सुबह वापस लौटते थे। रविवार की दोपहर गांव के नामजद आरोपित उस बगीचे में लगे आम के पेड़ से आम तोड़ रहे थे।

**चार लोगों से हुआ था विवादः** जिसे देख जब वह वहां पहुंचे और उनसे पूछताछ की तो उन लोगों से तीखी नोकझोंक हुई थी। जिसके बाद उन लोगों द्वारा इन्हें धमकी दी गई थी कि मैं तुम्हें देख लूंगा। मंगलवार की देर शाम जब वह बगीचे में रखवाली करने के लिए गए थे। उसी बीच करीब रात्रि नौ बजे उन्हें फोन पर सूचना मिली कि उनकी गोली मारकर हत्या कर दी गई है। सूचना पाकर जब घटनास्थल पर पहुंचे। जिसके पश्चात उन्होंने इसकी सूचना स्थानीय थाना को दी। वहीं दूसरी और मृतक के पत्नी ने दो दिन पूर्व आम तोड़ने के लिए हुए चारों उक्त व्यक्तियों से झगड़ा के विवाद को लेकर उन पर ही गोली मारकर उनकी हत्या करने का आरोप लगाया है।नामजद प्राथमिकी के बाद एक विशेष टीम का गठन करने के बाद आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# अधिवक्ता के निधन पर आज बक्सर कोर्ट में काम बंद

निज संवाददाता। बक्सर



◆ श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन, संघ के महासचिव ने दी जानकारी

बक्सर व्यवहार न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता रामजी सिंह का निधन हो जाने के कारण अधिवक्ताओं में शोक का माहौल है। गुरुवार को न्यायालय में नो वर्क रहेगा। यह जानकारी अधिवक्ता संघ के महासचिव बिंदेश्वरी प्रसाद पांडेय ने दी। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ अधिवक्ता पटना में इलाजरत थे। वहीं बुधवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। इसको लेकर अधिवक्ता संघ की ओर से स्वजनों से मुलाकात कर तत्काल उन्हें सहायता राशि दी गई है। महासचिव ने बताया कि अधिवक्ता मूल रूप से कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के नाचाप गांव के रहने वाले थे। उनके देहांत पर गुरुवार को न्यायिक कार्य बंद रहेंगे। इसके साथ ही दिन में 10 बजे बार भवन में एक श्रद्धांजलि सभा का भी आयोजन किया जाएगा। इसमें सभी लोग दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे उन्होंने आगे बताया कि अधिवक्ता रामजी सिंह साल 1968 से वकालत के पेशे से जुड़े हुए थे। उन्हें दिल की बीमारी थी ऑपरेशन के बाद भी वह विधिक कार्यों से अलग नहीं हुए कुछ दिन पहले उनको बुखार आया। इसके बाद उन्हें पटना के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां पर इलाज के दौरान उनका निधन हो गया।

# देश-समाज की सेवा भावना रखें : डीडीसी

निज संवाददाता। आरा



विश्व रेडक्रॉस दिवस पर बुधवार को भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी भोजपुर ने जागरूकता साइकिल रैली और कई कार्यक्रम कराया। कार्यक्रम आरा में रेडक्रॉस कार्यालय एवं उदवंतनगर में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बामपाली में हुआ। डीडीसी विक्रम वीरकर ने रमना मैदान के समीप रेडक्रास भवन से साइकिल रैली को रवाना किया। अध्यक्षता भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ विवेकानंद यादव एवं उद्घाटन डीडीसी विक्रम वीरकर, संचालन रेडक्रॉस की सचिव डॉ विभा कुमारी ने किया। विक्रम वीरकर ने कहा कि हम सभी को सर हेनरी डुनाट के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए। अपने जीवन में कुछ ना कुछ ऐसी सेवा भावना उतारनी चाहिए। जो विश्व, देश और समाज की रक्षा कर सके। वाइस चेयरमैन डॉ राजेश सिंह ने रेड क्रॉस के कार्यों की चर्चा की। अध्यक्ष डॉ वीएन यादव ने कहा कि मानव का मानव के प्रति प्रेम जगाना बहुत ही आवश्यक है। डॉ अर्चना सिंह ने कहा कि जिस देश, समाज और जिस परिवार में हम रहते हैं उसके प्रति कुछ ना कुछ दान करके अपना ऋण जरूर चुकाऐ। साइकिल रैली में संभावना आवासीय उच्च विद्यालय, आरएस मेमोरियल स्कूल जगदेव नगर, बालिका उच्च विद्यालय, जैन कन्या पाठशाला, भगिनी निवेदिता व मॉडल इंस्टिट्यूट प्लस टू के बच्चे शामिल थे।

# 85 वांछित एवं13 अपहरणकर्ता अरेस्ट, हत्या की कोशिश, लूटकांड-रंगदारी मामले में चल रहे थे फरार

निज संवाददाता। आरा



लोक सभा चुनाव के मद्देनजर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी व शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 85 बदमाश पकड़े गए। इसमें लूट कांड में एक,रंगदारी में एक, हत्या के प्रयास में 13,अपहरण में एक, वारंट में बारह एवं शराब में 55 पुलिस के हत्थे चढ़े है। इससे पूर्व पुलिस ने 149 आरोपितों व वारंटियों को पकड़ा था। इधर, दूसरे दिन अभियान के दौरान 10 अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 56 लीटर देसी व 213 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। 350 लीटर शराब विनष्ट कर दिया गया।अभियान के दौरान 39 वारंटों व एक कुर्की का निष्पादन किया गया। दो चाकू व दो बाइक जब्त किया गया है। कार के अलावा चोरी का एक ट्रैक्टर बरामद किया गया है। मुफस्सिल थाना पुलिस ने दो अपहृता को बरामद कर एक को धर दबोचा। सिकरहटा पुलिस ने चोरी का ट्रैक्टर बरामद किया है। टाउन थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में चाकू बरामद कर एक आरोपित राज किशोर को पकड़ा है। पकड़ा गया आरोपित खेताड़ी मोहल्ला का निवासी है। सात मई को प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। नवादा थाना पुलिस ने बंधन टोला से तीन बोतल शराब के साथ शशि शेखर सिंह व उज्ज्वल कुमार को धर दबोचा। दोनों अजीमाबाद के कुरकुरी के निवासी है।

## संक्षिप्त समाचार

### बेतिया समेत 6 जिलों में झमाझम बारिश..19 में ऑरेंज अलर्ट



**पटना, एजेंसी।** भीषण गर्मी और हीट वेव के बाद पिछले दो दिनों से बिहार का मौसम बदला हुआ है। बेतिया, बेगूसराय, सीतामढ़ी, मुंगेर, छपरा में सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। मधेपुरा में बूंदाबादी हो रही है। जिसके बाद यहां का तापमान 40 डिग्री के नीचे आ गया है। इधर, राजधानी पटना में सुबह से ही काले बादल छाए हुए है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले एक घंटे में यहां बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की ओर से आज प्रदेश के 19 जिलों में बारिश, मेघ गर्जन और वज्रपात के साथ ही 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवा चलने को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें कटिहार, पूर्णिया, अररिया, मधेपुरा, किशनगंज, सुपौल और सहरसा, पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, गोपालगंज, सीवान, सारण, मुजफ्फरपुर, शिवहर, सीतामढ़ी, वैशाली,समस्तीपुर, दरभंगा और मधुबनी शामिल है।

**13 मई तक फिलहाल गर्मी से राहत :** मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी से आने वाली नमी युक्त पुरवा हवा का प्रवेश बिहार में उत्तर-पूर्वी भाग से हुआ। इसका प्रभाव 13 मई तक रहेगा। जिसके कारण से लोगो को गर्मी से राहत मिलने की संभावना है।

### डोर-टू-डोर शराब पहुंचाने के दौरान दो डिलिवरी बॉय गिरफ्तार



**शेखपुरा, एजेंसी।** शेखपुरा में उत्पाद विभाग ने अलग-अलग टीम बनाकर नगर परिषद क्षेत्र के कई मोहल्ले में छापेमारी की। इस दौरान 4 बोतल विदेशी शराब के साथ 2 डिलीवरी बॉय को गिरफ्तार किया। छापेमारी का नेतृत्व प्रभारी उत्पाद अधीक्षक सह उत्पाद इंस्पेक्टर प्रकाश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि एक आरोपी टोटियां पहाड़ मोहल्ला निवासी मनोज महतो है और दूसरा जमालपुर मोहल्ला निवासी नरेश चौधरी का बेटा रजनीश कुमार है। इनके पास से दो-दो विदेशी शराब की बोतल बरामद की गई है। दोनों के खिलाफ स्थानीय उत्पाद थाना की ओर से प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। इसके अलावा प्रभारी उत्पाद अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवक घर पर जाकर शराब देते थे। इनको कई बार पकड़ने की कोशिश की गई लेकिन बच जा रहे थे।

# उजियारपुर में हैट्रिक बनाने और रोकने की लड़ाई नित्यानंद राय और आलोक मेहता में दूसरी बार भिड़ंत्त





**उजियारपुर, एजेंसी।** करीब 16 साल पहले परिसीमन से उपजे उजियारपुर लोकसभा क्षेत्र को मसाला उत्पादन के मामले में 'मिनी केरल' कहा जाता है। इस इलाके में हल्दी, धनिया, लहसुन, मिर्चा, आजवाइन की खेती होती है। आलू और ओल के अलावा सब्जी उत्पादन में भी यह इलाका प्रदेश में अपनी पहचान रखता है। तंबाकू की भी खेती होती है। मक्के की फसल भी खूब लहलहाती है। क्षेत्र की सड़कें इलाके में हुए विकास को बयां कर रही हैं। हाजीपुर-बछ्वाड़ा फोरलेन का काम जारी है। इसके पूरा होने से इलाके के लोगों को और सुविधा होगी। समय कम लगने के साथ ही दूरी भी कम हो जाएगी। उजियारपुर की एक और पहचान यह भी है कि इस सीट से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और देश के गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय चुनावी मैदान में हैं। उनको राजद नेता और पूर्व मंत्री आलोक कुमार मेहता कड़ी टक्कर दे रहे हैं। एक ओर नित्यानंद राय जीत की हैट्रिक लगाने के लिए धुआंधार प्रचार और जी-तोड़ मेहनत कर रहे हैं तो दूसरी ओर आलोक कुमार मेहता का प्रयास है कि वे इस बार उजियारपुर में अपना खाता खोल लें। अब तक वे दो बार चुनाव हार चुके हैं। हार की हैट्रिक न लगे, इसके लिए वे भी समर्थकों के साथ दिन-रात प्रचार करने में जुटे हैं। उजियारपुर में कोइरी और यादव मतदाताओं की संख्या अधिक है। मतदान 13 मई को होना है। धमौन के मोहन यादव कहते हैं कि एनएच 122 का निर्माण हो रहा है। हाजीपुर-बछ्वाड़ा रेल खंड का दोहरीकण व विद्युतीकरण हो गया है। पत्थरघाट के संतोष कुमार राजनीतिज्ञों से ही नाराज दिखते हैं। कहते हैं कि समय आएगा तो किसी न किसी को वोट दे देंगे। जीते कोई, फिर हमसे मिलने तो पांच साल के बाद ही आएगा। बढ़ौना तरी मुसहरी के सिंघेश्वर सदा का घर फोरलेन ने छीन लिया। फिर भी वे संतुष्ट हैं। पांच किलो अनाज मिल रहा है। घर में रसोई गैस है। वृद्धावस्था पेंशन भी मिल रही है। इनकी बस एक ही गुजारिश है कि आवास योजना में कमीशनखोरी बंद हो। कल्याणपुर गंज के रामाशीष राय कहते हैं कि अगर जनप्रतिनिधि की पहचान राष्ट्रीय स्तर पर होती है तो गर्व होता है। विभूतिपुर के श्याम गुप्ता सिर्फ इतना कहते हैं कि इस क्षेत्र का अजब ही हाल है। मतदान के एक दिन पहले ही यह तय हो सकेगा कि किसे वोट करना है या नहीं। दाहू चौक पर गुमटी चला रहे विक्रम कुमार कहते हैं कि किसे पता नहीं है कि किसकी लहर चल रही है। उजियारपुर लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा क्षेत्र हैं। इसमें तीन एनडीए तो तीन इंडिया गठबंधन के विधायक हैं। पातेपुर (सुरक्षित) विधानसभा सीट वैशाली जिला में है। बाकी पांचों विधानसभा क्षेत्र समस्तीपुर जिले में है। पातेपुर से भाजपा के लखेंद्र रौशन, सरायरंजन से जदयू के वरिष्ठ नेता व मंत्री विजय कुमार चौधरी और मोहिउद्दीनगर से भाजपा के राजेश कुमार सिंह विधायक हैं। वहीं, इंडिया गठबंधन में उजियारपुर से राजद के टिकट पर लोकसभा का चुनाव लड़ रहे आलोक कुमार मेहता, मोरवा से राजद के रणविजय साहू और विभूतिपुर से सीपीएम के अजय कुमार विधायक हैं।

### पांच साल में नोटा की संख्या दोगुनी हुई

2014 के चुनाव में सिर्फ 6171 लोगों ने नोटा को वोट दिया था। लेकिन 2019 में नोटा दबाने वालों की संख्या 14434 हो गई। इस कारण नोटा दबाने वालों की संख्या छठे पायदान से घटकर पांचवें पायदान पर आ गई।

### उजियारपुर के अहम मुद्दे

- हर खेत के लिए सिंचाई की सुविधा
- फसलों के भंडारण की सुविधा
- महादलित टोलों में बांस-बल्ला के बदले पोल से बिजली कनेक्शन
- मुख्य सड़क से दलित टोला में सड़क का संपर्क हो
- गरीबों को सरकारी आवास की सुविधा मिले।

### इस बार 13 प्रत्याशी चुनावी मैदान में

इस बार के लोकसभा चुनाव में उजियापुर सीट पर 13 प्रत्याशी मैदान में हैं। भाजपा से नित्यानंद राय, आरजेडी से आलोक कुमार मेहता, बसपा के मोहन कुमार चौधरी के अलावा अंशु कुमार, निक्की झा, मनोज कुमार, रामपुकार राय, संतोष राय, अमरेश राय, किशोर कुमार, नारेन्द्र गिरी, राकेश कुमार और संजय पासवान हैं। राजद प्रत्याशी आलोक कुमार मेहता का कहना है कि बेराजगारी, गरीबी उन्मूलन, आम आदमी की नागरिक सुरक्षा, संविधान बचाओ के मसले पर हम चुनाव लड़ रहे हैं। 17 महीने में तेजस्वी यादव ने ट्रेलर दिखाया है। लड़ाई उजियारपुर की जनता और भाजपा के बीच है। भाजपा प्रत्याशी नित्यानंद राय का कहना है कि पीएम के नेतृत्व में देश-प्रदेश का विकास हुआ है। उजियारपुर में घर-घर विकास की गंगा पहुंची है। लोग इसे महसूस कर रहे हैं। जनता विकास चाहती है। इस कारण लोगों के मन में पीएम मोदी बसे हुए हैं। इस बार भी लोग मोदीजी को ही वोट करेंगे।

# सड़क किनारे खड़ी ट्रक में लगी आग दो दमकल की गाड़ियों ने पाया काबू

**बिहटा-सरमेरा रोड के कथराही मोड़ के पास हादसा**



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में सड़क किनारे खड़ी एक ट्रक में बुधवार की रात अचानक आग लग गई। मामला बिन्द थाना इलाके के एनएच 78 बिहटा-सरमेरा 2 लेन के कथराही मोड़ के पास की है। अगलगी के कारण ट्रक का अगला हिस्सा केबिन पूरी तरह से जलकर खाक हो गया है। लोगों ने बताया कि कथराही मोड़ के समीप ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी। तभी अचानक ट्रक से आग की लपटें निकलनी शुरू हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने टोल फ्री नंबर 101 पर घटना की जानकारी दी। इसके बदा रहुई थाना एवं सरमेरा थाना में तैनात दमकल की गाड़ियां पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद आग पर काबू पाया गया। ट्रक कथराही निवासी रामगुलाम तांती का का है। इस मामले में कथराही निवासी गनौरी यादव ने अग्निशमन पदाधिकारी को आवेदन दिया है जिसमें उन्होंने बताया है कि उनके ऑफिस के सामने ट्रक लगी हुई थी जिसमें अचानक देर रात शॉर्ट सर्किट के कारण आग लग गई। ट्रक मालिक फिलहाल कलकत्ता में हैं। घटना की जानकारी मिलने के उपरांत वह लौट रहा है। बिन्द थाना अध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि ट्रक कई दिनों से सड़क किनारे खड़ी थी। जिसमें अचानक बुधवार की रात आग लग गई। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि ट्रक मालिक उसे बेचने के प्रयास में लगा हुआ था। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। वहीं अग्निशमन पदाधिकारी ने बताया कि ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगने की वजह बताई जा रही है।



# नकली नोट छापने वाले गिरोह का भंडाफोड़, चार आरोपी गिरफ्तार

**छपरा, एजेंसी।** सारण के अमनौर थाने की पुलिस ने जाली नोट छापने वाले गिरोह के चार लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी ने प्रेस रिलीज जारी कर बताया कि अमनौर थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि सलखुआ गांव में बच्चा तिवारी के घर में की लोग जाली नोट बनाने का कारोबार करते है। इसके बाद कार्रवाई करते हुए टीम बनाकर संयुक्त रूप से छापेमारी की गई।इस दौरान 46,500 रुपए के जाली नोट, 86,000 रुपए के असली नोट, कागज का बंडल, प्रिंटर, इंक, लैपटॉप, मोबाइल,चेक बुक, 59 लोगों का आधार कार्ड, 1 बाइक और 1 कार को बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्तों में धीरज कुमार सिंह, पिंटू तिवारी, पवन कुमार मांझी और बच्चा तिवारी शामिल है।

**पुलिस ने गुप्त सूचना पर की कार्रवाई, सारण के अमनौर थाने का मामला**

# गया में 5वीं के छात्र की हत्या..ट्रैक पर मिला शव

**स्कूल संचालक ने फोन कर कहा-मिहिर भाग गया, सिर-हाथ में चोट के निशान; पिता बोले-मारकर फेंका**



**गया, एजेंसी।** गया में 5वीं क्लास के एक छात्र की हत्या कर दी गई। 12 साल के मिहिर कुमार का शव किउल रेल खंड पर रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया है। मिहिर रोज की तरह बुधवार को स्कूल बस से इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल गया था, लेकिन उसके बाद नहीं लौटा। परिजनों ने जब उसकी खोजबीन की तो स्कूल संचालक रविश कुमार ने बताया गया कि मिहिर स्कूल से भाग गया है। काफी खोजबीन के बाद स्कूल से 5 किमी की दूरी पर मनैनी और अढ़वां के बीच रेलवे ट्रैक पर बच्चे का शव मिला। उसके सिर और हाथ पर चोट के कई निशान भी मिले हैं। बच्चे की हत्या के बाद परिवार में कोहराम मच गया। हालांकि, बच्चे की मौत कैसे हुई, इसकी जानकारी अभी नहीं मिली है। पुलिस के मुताबिक, पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद इसका खुलासा हो पाएगा। वहीं, परिजनों का आरोप है कि इस घटना के पीछे रविश कुमार का हाथ है। उसी ने बच्चे की हत्या कर शव को ट्रैक पर फेंक दिया है। इधर, घटना के बाद रविश कुमार फरार है। पुलिस ने उसके खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। उसकी तलाश की जा रही है। घटना गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र की है।

### संचालक ने गुमराह किया:परिजन

मिहिर के पिता ने बताया कि दोपहर 12.30 में स्कूल से फोन आया कि बच्चा भाग गया है। हम स्कूल पहुंचे तो हमें घंटों गुमराह किया गया। पहले स्कूल संचालक रविश कुमार ने बताया कि बच्चे को ईचुआ की तरफ देखा गया। उधर ढूंढा तो वह नहीं मिला। फिर उसने बताया कि मनैनी की तरफ देखा गया। परिजन उसे सभी जगह ढूंढते रहे। इसी बीच मनैनी की तरफ रेलवे ट्रैक के किनारे उसका शव पड़ा हुआ मिला। काफी खोजबीन के बाद स्कूल से 5 किमी की दूरी पर मनैनी और अढ़वां के बीच रेलवे ट्रैक पर बच्चे की लाश मिली। वजीरगंज थानाध्यक्ष मुन्ना वर्मा कहा कि स्कूल संचालक के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया जा रहा है। फिलहाल बच्चे की मौत कैसे हुई इसकी जानकारी नहीं मिली है।

### इकलौता बेटा था मिहिर, हाथ और सिर पर चोट के निशान

मिहिर कुमार उर्फ वीर वजीरगंज बाजार निवासी विकास कुमार गुप्ता का इकलौता बेटा था। एक छोटी बहन है, जो 7 साल की है। इकलौता बेटे की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। बच्चे के सिर और हाथ पर चोट के निशान थे। जब छात्र की बॉडी मिली तो उसे सीएचसी ले जाया गया, लेकिन डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पिता विकास कुमार का मानना है कि स्कूल संचालक ने ही उसके बेटे की हत्या कर रेलवे ट्रैक के किनारे शव को फेंक दिया है।

### स्कूल संचालक के खिलाफ केस दर्ज

मृतक के पिता विकास कुमार ने थाना में आवेदन दिया है। जिसमें उन्होंने बताया है कि वीर इंदिरा गांधी बेसिक स्कूल में 5 वीं कक्षा का मेरा बेटा छात्र था। रोज की तरह वह स्कूल बस से गया था। स्कूल में 11 बजे छुट्टी होती है। स्कूल बस से ही घर लौटता था। 11 बजे के बाद जब वह नहीं लौटा तो कुछ देर इंतजार करने के बाद स्कूल पहुंच कर पूछताछ की, लेकिन स्कूल संचालक उसे गुमराह करता रहा।

# मल्लिकार्जुन खड़गे समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में 11 मई को चुनावी जनसभाओं को करेंगे संबोधित



**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एक बार फिर बिहार आने वाले हैं। वे समस्तीपुर और मुजफ्फरपुर में 11 मई को कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित करेंगे। समस्तीपुर से सन्नी हजारी कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं, जो नीतीश सरकार में जेडीयू कोटे से मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। वहीं, मुजफ्फरपुर में मौजूदा सांसद एवं बीजेपी छोड़कर कांग्रेस में आए अजय निषाद के समर्थन में खड़गे रैली करेंगे। लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद खड़गे का यह दूसरा बिहार दौरा है। इससे पहले उन्होंने किशनगंज और कटिहार में चुनावी रैलियां की थीं। जानकारी के मुताबिक मल्लिकार्जुन खड़गे शनिवार को मुजफ्फरपुर और समस्तीपुर में रैली करेंगे। इसके साथ ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद का भी बिहार दौरा संभावित है। वे 11 से 13 के बीच चुनाव प्रचार के लिए बिहार आ सकते हैं। समस्तीपुर में लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में 13 मई को और मुजफ्फरपुर में पांचवें चरण में 20 मई को मतदान होना है। बिहार में कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इनमें भागलपुर, किशनगंज, कटिहार, समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, महाराजगंज, सासाराम, पटना साहिब और पश्चिम चंपारण शामिल हैं। कांग्रेस के प्रत्याशी पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं की जनसभाएं अपने-अपने इलाकों में कराने पर जोर लगा रहे हैं। हालांकि, अन्य राज्यों में व्यस्तता के चलते राहुल गांधी, प्रियंका गांधी की रैलियां बिहार में नहीं हो पा रही हैं। राहुल गांधी ने बिहार में सिर्फ एक रैली भागलपुर में की थी। वहीं, अब तक प्रियंका गांधी वाड्रा की एक भी रैली राज्य में नहीं हो पाई है।

# दरभंगा एम्स पर सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को आदेश

## दाखिल करें दूसरी जमीन की रिपोर्ट, 23 जुलाई को अगली सुनवाई




**दरभंगा , एजेंसी।** दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनाने की मांग को लेकर दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने केंद्र को छह सप्ताह में दरभंगा एम्स के लिए आवंटित दूसरी जमीन की व्यवहार्यता पर रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। जस्टिस सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ के समक्ष केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्य भाटी ने कहा कि बिहार में दूसरे एम्स के निर्माण के लिए आवंटित जमीन की व्यवहार्यता पर विचार किया जा रहा है। उन्होंने पीठ से कहा कि इस मामले में सरकार ने अपना जवाब दाखिल कर दिया है। हालांकि देरी से जवाब दाखिल किए जाने के चलते सरकार का जवाब अदालत के रिकॉर्ड पर नहीं आ सका। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उक्त आदेश जारी किया। केंद्र सरकार से छह सप्ताह के भीतर दरभंगा में एम्स के लिए आवंटित दूसरी जमीन की व्यवहार्यता पर विचार करने और समुचित निर्णय लेकर अपनी रिपोर्ट दाखिल करने को कहा है। वहीं केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया है कि बिहार के दरभंगा में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान सस्थान (एम्स) बनाने के लिए आवंटित दूसरी जमीन की व्यवहार्यता पर विचार कर रहे हैं और इसके लिए विशेषज्ञों का दल मौके का मुआयना भी कर रहा है। केंद्र सरकार ये जानकरी सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में दी। दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनाने की मांग को लेकर याचिका दाखिल करने वाले संगठन की ओर से अधिवक्ता राजीव शंकर द्विवेदी ने पीठ से सरकार को एम्स के लिए सहरसा में आवंटित जमीन की व्यवहार्यता पर विचार करने का भी आदेश देने का आग्रह किया। इसपर पीठ ने कहा कि अभी फिलहाल हम इस बारे में आदेश नहीं दे सकते। इसके साथ ही शीर्ष अदालत ने इस मामले में सुनवाई 23 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी। दरअसल, पटना के बाद बिहार में एक और एम्स बनना है। इसके लिए पहले, दरभंगा मेडिकल कॉलेज की जमीन को एम्स के लिए आवंटित कर दिया गया था। लेकिन विशेषज्ञों की टीम ने यह कहकर मना कर दिया कि यहां पहले से भीड़ है। इस बीच 2016 में सहरसा के तत्कालीन जिलाधिकारी ने मतस्यगंधा परियोजना के पास 216 एकड़ जमीन आवंटित कर दी। हालांकि बाद में दरभंगा में ही एम्स के लिए 150 एकड़ जमीन आवंटित किया गया और कहा गया कि बाद में 35 एकड़ जमीन और दी जाएगी। सुप्रीम कोर्ट कोशी विकास संघर्ष मोर्चा, सहरसा की ओर से अधिवक्ता राजीव शंकर द्विवेदी द्वारा दाखिल याचिका पर सुनवाई कर रही है। याचिका में केंद्र सरकार को दरभंगा के बजाय सहरसा में एम्स बनाने का आदेश देने की मांग की है। याचिका में कहा गया है कि दरभंगा में पहले से ही उच्चस्तरीय मेडिकल कॉलेज होने के साथ ही स्वास्थ्य संसाधन बेहतर है। यदि सहरसा में एम्स बना तो पूरे कोशी क्षेत्र के लाखों लोगों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ मिलेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्यार्थियों को नजदीक के स्कूलों में दी जायेगी नामांकन की सहमति

**भागलपुर**। नौवी कक्षा में नजदीक के स्कूलों में नामांकन को लेकर जिले के आठवीं पास छात्र-छात्राओं की परेशानी कुछ कम होने की है। मंगलवार को बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने डीइओ कार्यालय में प्रदर्शन किया था और वे लोग जिलाधिकारी के समक्ष भी नामांकन की सहमति दिलवाने की मांग लेकर पहुंचे थे। मामले में जिलाधिकारी ने भी पहल करते हुए राज्य स्तर पर विभाग से छात्र-छात्राओं की समस्या से अवगत कराते हुए नामांकन को लेकर अनुरोध किया था। शिक्षा विभाग ने प्राप्त आवेदनों की जांच के लिए कमेटी गठित की है। यह कमेटी छात्र-छात्राओं की समस्या वास्तविक है या नहीं, इसकी जांच करेगी। नजदीक के स्कूलों में नामांकन की सहमति दी जायेगी। कमेटी में शामिल पदाधिकारी बच्चों के घर और उसके स्कूलों की दूरी की भी जानकारी लेंगे। फिर रिपोर्ट देंगे, जिसके आधार पर डीइओ सहमति देंगे।

### खेतों की मिट्टी से गायब हो रहे सूक्ष्म पोषक तत्व

**भागलपुर**। जिले में लगभग सभी प्रखंडों के खेतों की मिट्टी से दिन-प्रतिदन पोषक तत्व कम होते जा रहा हैं। ऐसे में अगर अभी भी किसान नहीं सुधरे तो आने वाले समय में किसानों को काफी परेशानी हो सकती है। मिट्टी से पोषक तत्व की कमी का सीधा असर फसलों के उत्पादन पर पड़ता है। जिला कृषि भवन परिसर स्थित मिट्टी जांच प्रयोगशाला में मिट्टी जांच में प्रखंडों के खेतों में सूक्ष्म पोषक तत्व जिंक व नाइट्रोजन कम होने का खुलासा हुआ है। सहायक निदेशक मिट्टी जांच पदाधिकारी केशव कुमार गुप्ता ने बताया कि विगत चार वर्षो में 32 हजार से अधिक मिट्टी नमूनों की जांच की गई। इसमें जिले के प्रत्येक प्रखंडों से लिये गये मिट्टी नमूनों में जिंक की काफी कमी देखने को मिली, जबकि नमूना के दो तिहाई में नाइट्रोजन की काफी कमी दिखा। उन्होंने बताया कि पोषक तत्व कम होने के बाद खेतों में लगी फसलों का पौधा समय पर नहीं बढ़ता है। उन्होंने कहा कि मिट्टी में पोषक तत्वों को बरकरार रखने के लिए किसानों को फसल चक्र तरीके से खेती करनी होगी। तभी मिट्टी में मौजूद पोषक तत्व बचेगा। बताया कि किसानों को किसी भी फसलों की खेती करने के बाद दलहन फसलों का भी खेती करना चाहिए। इससे मिट्टी में बहुत तेजी से पोषक तत्व बढ़ता है। मानक से अधिक खेतों में हो रहा उर्वरक का उपयोग सबौर कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक एके झा ने बताया कि किसान फसलों का अधिक उत्पादन करने के लिए मानक से अधिक उर्वरक का उपयोग करते हैं। इससे मिट्टी में मौजूद पोषक तत्वों पर काफी असर पड़ता हैं। यहीं वजह हैं कि दिन-प्रतिदन मिट्टी में मौजूद पोषक तत्व कम हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक फसल के बाद दलहन फसलों की खेती करनी चाहिए। इससे किसानों के खेत की उर्वरा शक्ति बढ़ेगी और सभी फसलों का पैदावार भी बढ़ेगा।

### सीबीएसई रिजल्ट के 4 दिन बाद से मार्क्स वेरिफिकेशन होगा

**भागलपुर**। सीबीएसई की ओर से 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम 20 मई के बाद जारी की जाएगी। बोर्ड की ओर से जारी नोटिस में विद्यार्थियों को मार्क्स वेरिफिकेशन के बारे में भी जानकारी दी गई है। बोर्ड की ओर से बताया गया है कि रिजल्ट जारी होने के बाद अगर कोई विद्यार्थी प्राप्त अंक से संतुष्ट नहीं है तो मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बोर्ड की ओर से रिजल्ट जारी होने के चार दिन बाद से मार्क्स वेरिफिकेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन लिया जाएगा।

### उद्यानिकी योजना से खेती करने पर मिलेगा प्रति एकड़ 1 लाख

**भागलपुर**। क्लस्टर बनाकर खेती करने वाले किसानों को कृषि विभाग प्रति एकड़ एक लाख रुपए सहयोग राशि देगा। क्लस्टर योजना में सामूहिक रूप से 25 एकड़ में एक ही फसल की खेती करनी होगी। तय की गई फसलों की खेती करने पर ही इस योजना का लाभ मिलेगा। जिला कृषि उद्यान सहायक निदेशक अभय कुमार मंडल ने बताया कि 25 एकड़ खेत में सामूहिक रूप से किसी एक उद्यानिकी फसल की खेती करने पर किसानों को सहायता राशि दी जाएगी।

### नवजात की मौत पर किया जाएगा चाइल्ड डेथ रिव्यू

**मुंगेर**। नवजातों की मौत को लेकर अब स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह सजग हो चुका है। नवजातों कि मौत पर अब चाइल्ड डेथ रिव्यू किया जाएगा। दरअसल नवजातों कि हो रही मौत को लेकर सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा ने बुधवार को सदर अस्पताल स्थित एसएनसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सरकार द्वारा एसएनसीयू के लिए जारी किए गए नए एसओपी के आधार पर ही नवजातों के उपचार करने का निर्देश दिया। सीएस ने कहा कि एसएनसीयू वार्ड में इलाजरत किसी भी नवजात की मौत पर अब विभागीय निर्देशानुसार चाइल्ड डेथ रिव्यू आवश्यक किया गया है। नवजातों कि मौत कि रिव्यू नोडल पदाधिकारी, नर्स और उपाधीक्षक की मौजूदगी में करायी जाएगी जिससे कारणों की समीक्षा हो सकेगी। विशेष परिस्थिति में ही नवजात को रेफर किया जाएगा और रेफर करने का स्पष्ट कारण बीएसटी पर अंकित किया जाना होगा।

### विवि छात्र राजद के प्रतिनिधिमंडल ने कुलपति श्यामा राय को सौंपा ज्ञापन

**मुंगेर**। विश्वविद्यालय छात्र राजद के प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को कुलपति प्रो. श्यामा राय से मिलकर पीजी सेमेस्टर-3 के खराब रिजल्ट से अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व छात्र राजद के विश्वविद्यालय उपाध्यक्ष मनीष कुमार यादव कर रहे थे। प्रतिनिधिमंडल में अनीश राज, अभिनव कुमार, आकाश कुमार तथा आशीष कुमार शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने दर्जनों छात्र-छात्राओं के हस्ताक्षरित मांग पत्र भी वीसी को सौंपा। मांग पत्र सौंपने के बाद मनीष ने बताया कि पीजी सेमेस्टर-3, सत्र 2022-24 के सैकड़ों छात्र-छात्राओं का रिजल्ट प्रमोटेड दिखाया गया है। जिसकी कायदे से जांच होनी चाहिए। यह विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। उन्होंने इसके लिए कॉलेज एवं विभाग वार रिजल्ट का डिटेल्स भी कुलपति को सौंपा। तीनों संकायों के रिजल्ट में काफी संख्या में विद्यार्थी प्रमोट किए गए हैं। जिसकी जांच छात्र हित में आवश्यक है।

### पहला विश्व कप दिलाने वाले कोच के निधन से शोक

**मुंगेर**। जिले के खेल प्रेमियों एवं फुटबॉल प्रेमियों में पहला विश्व कप दिलाने वाले कोच के निधन से शोक व्याप्त है। खेल प्रवक्ता महमूद आलम ने बताया कि अर्जेंटीना को 1978 में पहला विश्व कप खिताब दिलाने वाले करिश्माई कोच सीजर लुइस मेनोटी का 85 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मेनोटी अभी भी अर्जेंटीना के निर्देशक के रूप में काम कर रहे थे। फुटबॉल प्रेमी संजय कुमार सिंह, मिथुन कुमार, सुदीप कुमार गुप्ता, प्रवीण शंकर सिंह, जय प्रकाश पंडित आदि ने संयुक्त रूप से कोच सीजर लुइस मेनोटी के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

### 14 शिक्षकों को विभागीय स्तर पर क्लीन चिट, एक फर्जी करार

**मुंगेर**। मुंगेर शिक्षा विभाग द्वारा नियोजित शिक्षकों के लिए फरवरी व मार्च माह में सक्षमता परीक्षा का आयोजन किया गा था। इस परीक्षा में शामिल हुए जिले के लगभग 2900 शिक्षकों में से कुल 23 शिक्षकों के प्रमाण पत्रों को संदिग्ध पाया गया था। इन सभी शिक्षकों को उनके शैक्षणिक व प्रशैक्षणिक दस्तावेजों के साथ जांच के लिए विभागीय स्तर पर गठित जांच समिति के समक्ष 10 अप्रैल से 15 अप्रैल के बीच पटना बुलाया गया था। इस क्रम में जांच के दौरान 14 शिक्षकों को विभागीय स्तर पर क्लीन चिट मिल गया। वहीं संग्रामपुर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय झिट्टी में पदस्थापित शिक्षिका नेहा कुमारी को फर्जी के रूप में चिह्नित किया गया। इसके साथ ही नेहा कुमारी के नियोजन को रद्द करने का आदेश डीईओ को दिया गया। इस संबंध में डीईओ ने संग्रामपुर के बीईओ कमलेश कुमार को नियोजन रद करने की कार्रवाई के साथ ही स्थानीय थाना में केस दर्जन कराने का निर्देश दिया है। वहीं दूसरी ओर प्राथमिक विद्यालय झिट्टी के ही चंदन कुमार सिंह, प्राथमिक विद्यालय खोपापर धरहरा की गायत्री कुमारी व केएमएस महगामा धरहरा के शिक्षक मु. लुकमान को पटना बुलाया है।

# पानी की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सड़क किया जाम

## तीन घंटे बाद पुलिस ने सभी को समझाकर हटाया, टेटिया बंबर प्रखंड का मामला

निज संवाददाता। मुंगेर



मुंगेर में पानी की किल्लत होने पर ग्रामीणों ने तीन घंटे तक सड़क जाम कर दिया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारी की पहल पर सभी ग्रामीण सड़क से हटे। घटना जिला के टेटिया बंबर प्रखंड के राजारानी तालाब के पास की है। वहीं जाम के कारण चालकों की काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार टेटिया बंबर प्रखंड क्षेत्र के बनगामा पंचायत अंतर्गत राजा रानी तालाब स्थित वार्ड संख्या 7 में ग्रामीणों को पेयजल नहीं मिल रहा है। मुख्यमंत्री ग्रामीण पेयजल निश्चय योजना के तहत ग्रामीणों को पेयजल मिलता था, लेकिन बीते एक महीने से मोटर जल जाने के कारण आपूर्ति बाधित है। भीषण गर्मी के दौरान जलस्तर नीचे चले जाने से चापाकल से भी पानी नहीं आ रहा है। इसी समस्या को लेकर नाराज लोगों ने खड़गपुर-तारापुर सड़क जाम कर दिया। दर्जनों की संख्या में महिलाओं, बच्चों ने बाल्टी, डेकची, ड्रम, गैलन लेकर सड़क जाम कर दिया। इससे सड़क के दोनों किनारों में गाड़ियों की कतार लग गई। सड़क जाम कर रहे ग्रामीण लीला देवी, आरती कुमारी, फूलों कुमारी, कुसुम देवी, आरती देवी, पूनम देवी, फुलवा कुमारी ,सुनील बिंद ने बताया कि गर्मी का मौसम है पेयजल की समस्या है। हम लोगों के पास चापाकल भी नहीं है। हम लोग गरीब परिवार से आते है। पानी के लिए हर रोज दूर जाना पड़ता है। मुखिया के पास शिकायत लेकर गए थे लेकिन उन्होंने बताया कि अब यह योजना पीएचईडी विभाग के पास है। इसे वही लोग ठीक करेंगे। वोट मांगने के लिए घर-घर सभी लोग आते है, लेकिन पानी की समस्या का निदान करने कोई जनप्रतिनिधि दिखाई नहीं देता है। वहीं हवेली खड़गपुर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों को समझा कर 3 घंटे बाद सड़क जाम को हटाया।

## नवजात के माता-पता का निगम से सवाल

# जांच के नाम कितना झूठ बोलेंगे अधिकारी

निज संवाददाता। भागलपुर



नाथनगर के वार्ड-2 के दिनकर कुमार लाल व उनकी पत्नी अंकिता कुमारी ने निगम प्रशासन से सवाल पूछा है कि उसके नवजात की मौत मामले में वह और कितना झूठ बोलेगा। उसके घर के पास कचरे में लगे आग के धुएं से उसके नवजात की मौत हो गयी थी। इसके बाद निगम प्रशासन ने चार अप्रैल को जांच कमेटी बनायी थी। लेकिन वह केवल दिखावा था। नगर आयुक्त ने सात दिन में जांच कर रिपोर्ट भी सिटी मैनेजर विनय कुमार यादव से मांगी थी। लेकिन अब तक टीम घटनास्थल पर नहीं पहुंची है। उन्होंने कहा कि निगम का एक कर्मचारी तक हमारे घर यह जानने नहीं आया कि आखिर नवजात की मौत कैसे हुई? उन्हें तो अब भी यह झूठ ही लग रहा होगा, क्योंकि जिसकी कोख उजड़ी, उसका दर्द तो वही समझ सकता है। बुधवार को दैनिक भास्कर से बातचीत में दंपती ने अपना दर्द साझा किया। उनका कहना है कि एक बार कचरे में लगी आग के धुएं से मेरी कोख उजड़ गई, अब दोबारा ऐसी घटना न हो, इसके लिए तो निगम प्रशासन अपनी मुकम्मल तैयारी करे।

**जांच के बाद परिजनों को मिलेगा मुआवजा : मेयर**: मेयर डॉ. बसुंधरा लाल ने इस मामले में सिटी मैनेजर विनय कुमार यादव से पूछताछ की तो उन्होंने बताया है कि अभी जांच चल रही है। प्रतिवेदन रिपोर्ट तैयार नहीं हुई है। मेयर ने उनसे कहा है कि रिपोर्ट बनने के बाद उसे भी दें। सवाल यह है कि जिस सिटी मैनेजर को नगर आयुक्त के जांच करने संबंधी चिट्ठी 30 अप्रैल तक नहीं मिली। वह कब जांच के लिए गए और किससे बात की। जब पीड़ित से बात ही नहीं की तो रिपोर्ट किस आधार पर बना रहे हैं।

# 8 फर्जी लैब टेक्नीशियन की सर्विस खत्म की गई

निज संवाददाता। मुंगेर

मुंगेर में स्वास्थ्य विभाग में फर्जी तौर पर बहाल हुए आठ लैब टेक्नीशियन पर कार्रवाई हुई है। सभी की सर्विस खत्म कर दी गई है। फिलहाल सभी फरार हैं। इसमें 6 फर्जी कर्मी नालंदा जिला तथा 2 पटना जिला के शामिल हैं। इन सब की बहाली फर्जी लेटर निकालकर साल 2022 में ही की गई थी। तब से यह सभी अपना काम कर रहे थे और वेतन भी ले रहे थे। हाल में वेतन भुगतान की प्रक्रिया जब ऑनलाइन हुई तब इसका खुलासा हुआ। इसके बाद अप्रैल में विभाग ने आदेश जारी कर सेवा समाप्त की। सिविल सर्जन डॉ. विनोद कुमार सिन्हा ने पत्र जारी करते हुए सभी फर्जी कर्मियों की सेवा समाप्त करने का आदेश दिया है। सीएस का आदेश मिलते ही सभी पीएचसी अधिकारी ने अपने थाना क्षेत्रों में प्राथमिकी दर्ज कराई है। जारी लेटर में कहा गया है कि फर्जी पाये जाने के बाद सभी लैब टेक्नीशियन को सेवामुक्त करते हुए इनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया है। 24 अप्रैल को पत्र प्राप्त होते ही महज 5 दिन बाद सिविल सर्जन कार्यालय मुंगेर से संबंधित 8 फर्जी प्रयोगशाला प्रावैधिक की सेवा समाप्त करते हुए कार्रवाई का निर्देश जारी किया गया। बताया गया कि नियुक्ति विभाग के कुछ कर्मियों की मिली भगत से की गई थी। इन फर्जी आदेश पत्र में तारापुर अनुमंडल में 3, हवेली खड़गपुर में 3 और संग्रामपुर में 2 की नियुक्त की गई। ये सभी फर्जी कर्मी अप्रैल 2022 में अपने कार्यस्थल पर योगदान कर चुके थे, लेकिन जब विभाग को इनकी फर्जी नियुक्ति कि भनक लगी तो ये सभी मार्च-अप्रैल 2024 से फरार हो गये। फर्जी लोगों में टना अनु. अस्पताल तारापुर के वेद राज अमरनाथ सिंह, सुरजन कुमार सुहावन प्रसाद, अमित कुमार, अशोक कुमार सिंह, विवेकानंद, मुकेश कुमार, रूपक कुमार और शिव शंकर कुमार शामिल हैं।

# मैथिली ठाकुर के गीतों पर मुंगेर में झूमे दर्शक, मतदाता जागरूकता अभियान में पहुंची थी, पनिया के जहाज गाने पर लोग झूमे

निज संवाददाता। मुंगेर



पनिया के जहाज से पलटनिया बनी आई हो पिया, ले ले आई है हो पिया, सिंदुरवा... बंगाल का लोकगीत गाकर मैथिली ठाकुर ने दर्शकों को मंत्र मुक्त कर दिया। लोक गायिका मतदाता जागरूकता अभियान सह संगीतमय कार्यक्रम में पहुंची थी। इसके बाद बिहार की लोक गायिका मैथिली ठाकुर ने राम जी से पूछे जनकपुर के केनल नारी बता दे बबुआ,रामा रामा करते-करते बीते रे उमरिया, जैसे एक से बढ़कर एक लोकगीत मंच से प्रस्तुत की। मैथिली ठाकुर के साथ लोग में सुर मिलाते नजर आए तो जमकर तालियां भी बजी। बुधवार को जमालपुर अंतर्गत रामपुर कॉलोनी पानी टंकी के मैदान में मतदाता जागरूकता सह संगीतमय कार्यक्रम के आयोजन था। इसमें इलेक्शन कमीशन के स्वीप आइकॉन लोक गायिका मैथिली ठाकुर विशिष्ट अतिथि थी। कार्यक्रम का उद्घाटन निर्वाची पदाधिकारी सह मुंगेर के जिला पदाधिकारी अवनीश कुमार सिंह, लोक गायिका मैथिली ठाकुर, मुंगेर जिला आइकॉन श्रृजा सेन गुप्ता जमालपुर के बीडीओ नंदकिशोर ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर किया। डीएम ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जमालपुर विधानसभा में पिछले चुनाव के दौरान काफी कम वोट पड़े थे, यह चिंता का विषय है। हम लोग लगातार प्रयत्नशील है कि इस इलाके के मतदाता घर से बाहर निकले और वोट करें। उन्होंने 13 मई को मतदान के दिन अधिक से अधिक लोगों को घर से बाहर निकल कर वोट करने की अपील की। इसके बाद बिहार लोक गायिका इलेक्शन कमीशन के आइकन मैथिली ठाकुर ने अपनी संगीतमय प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार को पहचाने। 5 साल में एक बार मौका आता है वोट देने का यह अधिकार हम लोगों को संविधान ने दिया है इसलिए हम लोग अपने अधिकार का प्रयोग करें। एक वोट की कीमत बहुत बड़ी होती है। इसलिए वोट जरूर दें। मौके पर एक्टिविस्ट ऋतुराज बसंत ने कहा कि लगातार वोटिंग प्रतिशत गिरना चिंता का विषय है, लेकिन निर्वाचन आयोग और स्थानीय जिला प्रशासन इसके लिए जो कार्य कर रहे हैं वह सराहनीय है। उन्होंने लोगों से अपील की कि 13 मई को मतदान में धूप, गर्मी, ठंड बरसात को कारण बनाकर घर में बैठे ना रहें बल्कि घरों से बाहर निकलें और मतदान करें। आपके एक वोट से ही किसी की सरकार बनती है और किसी की सरकार नहीं बन पाती है। अगर कोई बेहतर काम किया है तो आप उन्हें दोबारा वोट दे कर सत्ता पर बिठा सकते हैं। अगर कोई काम गलत किया है तो वैसे जनप्रतिनिधि को सत्ता से आप उतर भी सकते हैं। यह अधिकार आपका एक वोट से संभव है इसलिए अपने वोट की कीमत पहचाने मतदान के दिन वोटों का मतदान करें। मंच संचालक कौशल किशोर पाठक एवं प्रवीण चंद्रा ने किया।

## कुलपति भागाओ विवि बचाओ अभियान चलेगा, भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई का आह्वान




निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने तिलकामांझी भागलपुर विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में पीसी की। छात्र नेता ने संयुक्त रूप से बताया कि छात्र हितों की मूलभूत सुविधाओं को लेकर आंदोलन हो रहा था। इस दौरान कुलपति के इशारे पर विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं को मंगलवार को घसीट कर गिरफ्तार किया गया। हिरासत रखने के विरोध में विद्यार्थी परिषद ने पीसी किया। विद्यार्थी परिषद ने अपने आंदोलन की आगामी योजना और भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रखने का आह्वान किया। कुलपति भागाओ विश्वविद्यालय बचाओ अभियान की शुरुआत विद्यार्थी परिषद करेगा। छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास है: प्रदेश सह मंत्री हैप्पी आनंद ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं की बर्बरता पूर्वक गिरफ्तारी और छात्रों की आवाज को दबाने का प्रयास है। इसे विद्यार्थी परिषद बर्दाश्त नहीं करेगा। जिला संयोजक रोहित राज ने कहा कि लगातार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से एससी एसटी छात्र और सभी वर्गों के छात्रों का निशुल्क नामांकन, प्रवेश परीक्षा और परिणाम में अराजक स्थिति को दूर करने के लिए विद्यार्थी परिषद ने कई बार कुलपति से वार्ता और ज्ञापन देकर समस्या का समाधान करने का प्रयास किया। लेकिन कुलपति ने समाधान के लिए कभी प्रयास नहीं किया। जिसके कारण विद्यार्थी परिषद को आंदोलन अपने हाथ में लेना पड़ा। मुंगेर विश्वविद्यालय के लैपटॉप या आईफोन को दिखाकर बिल बनाया: प्रदेश कार्य समिति सदस्य कुणाल पाण्डेय ने कहा कि अगर कुलपति मुंगेर विश्वविद्यालय का आईफोन और लैपटॉप जो कि इतने दिन से इस्तेमाल कर रहे थे? तो तिलकामांझी विश्वविद्यालय का लैपटॉप और आईफोन जो कुलपति के लिए खरीदा गया या उनको मिला वह कहां है। मुंगेर विश्वविद्यालय के लैपटॉप या आईफोन को दिखाकर यहां का बिल बना लिया गया। इसको कुलपति सार्वजनिक करें। बीएड कॉलेज को किस आधार पर मान्यता दिया गया: कुणाल पाण्डेय ने कहा कि बीएड कॉलेज को किस आधार पर मान्यता दिया गया। यह कुलपति सार्वजनिक करें। कई ऐसे कॉलेज जो बिना शिक्षक बिना संसाधन के मान्यता प्राप्त हुआ। किस आधार पर मान्यता दिया गया, कुलपति बताएं। इसमें भ्रष्टाचार के बड़े एजेंट की ओर इशारा करता है। कुलपति सार्वजनिक करें कि उनका कुलपति बनने के लिए 10 साल प्रोफेसर बनने का जो कैटिगरी यूजीसी गाइडलाइन में है क्या उसके तहत वे आते हैं। अगर नहीं आते हैं इसको सार्वजनिक करें। अविलंब कमेटी बनाकर निष्पादन किया जाए: बीएन कॉलेज के प्राचार्य अशोक ठाकुर पर लगे आरोप को अविलंब कमेटी बनाकर निष्पादन किया जाए। विद्यार्थी परिषद इन सभी समस्याओं को लेकर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करेगा। इसी आंदोलन के तहत विद्यार्थी परिषद ने आंदोलन को अभियान के रूप में लेते हुए कहा है कुलपति भगाओ विश्वविद्यालय बचाओ। यहां उन्होंने शिक्षक संघ, कर्मचारी संघ और सभी आम छात्रों से इस समस्या के समाधान के संघर्ष में साथ देने की अपील भी की है।

## बंगाल से भागलपुर आ रहा कपड़ा लदा ट्रक पलटा

**भागलपुर**। भागलपुर के बाइपास थाना क्षेत्र में मंगलवार रात को कपड़ा लदा ओवरलोड ट्रक पलट गया। बुधवार शाम तक वो घटनास्थल पर ही पड़ा है। ट्रक ड्राइवर गिरफ्तार हो गया है। दुर्घटनाग्रस्त ट्रक की जानकारी मिलने के बाद ट्रक मालिक घटनास्थल पर पहुंचे।


**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जनरल), पूर्व रेलवे, सियालदह, दूसरी मंज़िल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, पूर्व रेलवे, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के सम्बन्ध में निम्नलिखित ई-निविदायें आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1042-2023-24, दिनांक: 08.05.2024। कार्य का विवरण:** पातिपुकुर (पीएफ संख्या 1), बी. बी. डी. बाग़ (पीएफ संख्या 1 तथा पीएफ संख्या 2), इडेन गार्डन्स (पीएफ संख्या 1) एवं रिमाउंट रोड (पीएफ संख्या 1) पर - प्लेटफॉर्म सतह को ऊँचा करना तथा अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 32,76,494। **बयाना राशि:** ₹ 65,500। **पूरा करने की अवधि:** 18 महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1056-2023-24, दिनांक: 08.05.2024। कार्य का विवरण:** सियालदह-बजबज के बीच - सहायक अभियंता/बालीगंज के अधीन समपार फाटक संख्या 1/ए/ई, 2/ए/ई, 5/एस/टी (कांकुलिया), 7/बी/टी (04 अदद समपार फाटकों) में मानक टाइप गेट लॉज का प्रावधान सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 11,59,292। **बयाना राशि:** ₹ 23,200। **पूरा करने की अवधि:** 15 महीना। **क्रम संख्या:** 3। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1093-2024-25, दिनांक: 08.05.2024। कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल में भगवानगोला, देबग्राम तथा जियागंज स्टेशनों पर नयी ईआई सिस्टम द्वारा वर्तमान जीई निर्मित ईआई सिस्टम की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 46,54,197.04। **बयाना राशि:** ₹ 93,100। **पूरा करने की अवधि:** 18 महीना। **क्रम संख्या:** 4। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1094-2024-25, दिनांक: 08.05.2024। कार्य का विवरण:** सियालदह मंडल में बजबज तथा पलासी स्टेशनों पर नयी ईआई सिस्टम द्वारा वर्तमान जीई निर्मित ईआई सिस्टम की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 29,62,435.36। **बयाना राशि:** ₹ 59,300। **पूरा करने की अवधि:** 18 महीना। **क्रम संख्या:** 5। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1095-2024-25, दिनांक: 08.05.2024। कार्य का विवरण:** सियालदह साउथ खंड में विभिन्न रेलवे कॉलोनियों पर यूजी केबल द्वारा ओएच लाइन की बदली। **निविदा मूल्य:** ₹ 69,71,740 । **बयाना राशि:** ₹ 1,39,400। **पूरा करने की अवधि:** 8 महीना। **क्रम संख्या:** 6। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1098-2024-25, दिनांक: 08.05.2024। कार्य का विवरण:** (i) तीन (03) वर्षों के लिए जजेस कोर्ट रोड (जेजेसी) ऑफिसर्स क्वार्टर पर 8 यात्री की क्षमता वाले पैसेंजर लिफ्ट संख्या 2 (जी+13) (निर्माता-सर्वश्री थीसेनक्रुप्प) का व्यापक रखरखाव अनुसूची तथा ब्रेकडाउन ठेका, (ii) तीन (03) वर्षों के लिए बी.आर. सिंह हॉस्पिटल, सियालदह में ओपीडी बिल्डिंग के 20 शय्या सह पैसेंजर लिफ्ट (जी+5) (निर्माता-सर्वश्री थीसेनक्रुप्प) का व्यापक रखरखाव अनुसूची तथा ब्रेकडाउन ठेका। **निविदा मूल्य:** ₹ 9,79,956। **बयाना राशि:** ₹ 19,600। **पूरा करने की अवधि:** 36 महीना। **क्रम संख्या:** 7। **निविदा संख्या: ईएलईजी-ओटी-1100-2024-25, दिनांक: 08.05.2024। कार्य का विवरण :** तीन (03) वर्षों के लिए एसएसई/ई(जी)/आईसी/ सीपी के अधिकार क्षेत्र के अधीन विंडो/स्प्लिट (1.5/2 टीआर) टाइप एयर कंडीशनिंग मशीनों, रेफ्रिजरेटर, वाटर कूलर का वार्षिक रखरखाव ठेका तथा कम्प्रेसर, कंडेंसर, ब्लोअर मोटर आदि की मरम्मत। **निविदा मूल्य:** ₹ 15,43,408। **बयाना राशि:** ₹ 30,900। **पूरा करने की अवधि:** 36 महीना। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** ₹ 0 (क्रम संख्या 1 से 7 प्रत्येक के लिए)। **निविदा प्रकाशन की तारीख:** 08.05.2024। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 31.05.2024 को दोपहर 2.00 बजे। **निविदा बोली खुलने की तारीख एवं समय:** 31.05.2024 को दोपहर 2.00 बजे के बाद। **निविदा बोली शुरू होने की तारीख:** 17.05.2024। निविदा सूचना एवं समय-समय पर जारी की जाने वाली संशोधनी का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-47/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा संख्या: एलआरसी-3_पीयू-फोम_सीट-बर्थ, दिनांक: 02.05.2024।** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता (एलएचबी), पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए वित्तीय तथा तकनीकी क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से ऑनलाइन के जरिये ई-निविदा (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** ईएन 45545 पार्ट-2 एचएल-3 के अनुरूप एफएसटी प्रॉपर्टीज के अनुसार कुशन सामग्री के रूप में पीयू फोम सहित बर्थ और सीटों का रेट्रोफिटमेंट। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 25,66,54,003.28। **बयाना राशि:** ₹ 14,33,300। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 22.05.2024 को दोपहर 2.00 बजे। वेबसाइट का विवरण जहाँ संशोधनी 1 एवं 2 सहित निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है : **www.ireps.gov.in**।

(MISC-45/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**संशोधनी**

उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता (निर्माण), पूर्व रेलवे, हावड़ा, 371, तेलकल घाट रोड, हावड़ा-711101 द्वारा पूर्व प्रकाशित **निविदा सूचना संख्या: एसएएनडीटी/सीओएन/एचडब्ल्यूएच/टीएन/03/2024** के अधीन **निविदा संख्या: एसएएनडीटी-सीओएन-03-2024-एचडब्ल्यूएच** के सम्बन्ध में संशोधनी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय 23.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे के बदले **24.05.2024 को अपराह्न 3.00 बजे पढ़ें**। अन्य सभी अनुदेश अपरिवर्तित रहेंगे।

(CON-11/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट:**www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### बरवाअड्डा में छात्रा की गला रेतकर हत्या

**धनबाद, एजेंसी।** धनबाद जिले के बरवाअड्डा थाना अंतर्गत कुलबेड़ा पंचायत के पोलयडीह में दिनदहाड़े स्कूली छात्रा 15 वर्षीय निशा कुमारी की गला रेत कर हत्या कर दी गई। वहीं गांव का ही एक युवक विशाल रजवार जख्मी हालत में चहारदीवारी के अंदर मिला। स्थानीय लोगों ने घायल विशाल रजवार को इलाज के लिए एसएनएमएमसीएच धनबाद में भर्ती कराया। जहां उसकी स्थिति गंभीर बताई जा रही है। घायल विशाल राजगंज कॉलेज में पढ़ाई करता है। विशाल को अस्पताल में होश आ गया है। पुलिस उससे पूछताछ करने की कोशिश कर रही है। हालांकि युवक से पूछताछ के बाद ही पता चल पाएगा कि घटना को अंजाम किसने और क्यो दिया है।

### समिति ने की अपील, परशुराम जन्मोत्सव पर घरों में 11-11 दीये जरूर जलाएं




**जमशेदपुर, एजेंसी।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव समिति ने सभी लोगों से 10 मई को भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने की अपील की है। समिति ने अपील की है कि जमशेदपुर, आदित्यपुर के सभी परशुराम वंशी अगर अपने-अपने स्तर से कार्यक्रम जन्मोत्सव से संबंधित कोई कार्यक्रम आयोजित करते हैं तो सभी ब्राह्मणों को उक्त कार्यक्रम में भाग लेना चाहिए। साथ ही सभी ब्राह्मण परिवारों से आग्रह किया है कि कम से कम 11 दीये अपने-अपने घरों में या किसी मंदिर में जरूर जलाएं।

### बोकारो के चपरी ढ़लान में फिर हादसा, ड्राइवर को आई झपकी, बिजली के पोल को तोड़ते हुए पलटा



**बोकारो, एजेंसी।** फुसरो-डुमरी मुख्य मार्ग के बेरमो थाना क्षेत्र अंतर्गत चपरी ढलान में एक ट्रेलर आरजे 19 जीएफ 1509 अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना में ट्रेलर चालक राजस्थान निवासी आजु खान और उप चालक शौकत खान को चोट आई है। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार टेलर गुजरात मोरबी से टाइल्स लोड कर फुसरो आ रहा था। इस दौरान चपरी ढलान में चालक को झपकी आ जाने के कारण टेलर सड़क किनारे स्थित पोल को तोड़ते हुए झाड़ियों में जा घुसा। यह घटना अमलो पीओ कार्यालय के पीछे हुई है। अगर यह हादसा पीओ कार्यालय के सामने हुई होती तो जान माल का भी नुकसान हो सकता था। घटना की सूचना मिलते ही बेरमो थाना प्रभारी अशोक कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पहुंचे और जायजा लिया।

### ऑपरेशन नारकोस के तहत हटिया स्टेशन से 32 किलो गांजा के साथ छह गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** ऑपरेशन नारकोस के तहत हटिया स्टेशन से 32 किलोग्राम गांजा के साथ छह लोग को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजा की 16 लाख रुपए बताई जा रही है। आरपीएफ के अधिकारी, फ्लाइंग टीम और जीआरपी रांची के सहयोग से हटिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान छह व्यक्ति 4 ट्रॉली बैग और 1 बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध तरीके से बैठे दिखे। संदेह के आधार पर उन्हें हिरासत में लिया गया। उनके बैग की तलाशी में 32 पैकेट में बंधा गांजा मिला। आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपितों ने पूछताछ में बताया है कि वे 4 मई को राउरकेला पहुंचे थे। वहां से गांजा लेकर कानपुर जा रहे थे। दुलार चंद्र राम (बिहार के रोहतास का निवासी), बबलू कुमार यादव, निखिल कुमार यादव, हेमंत मित्रा, बिनीत कुमार (रामगढ़) व इकबाल खान (राजौरी गार्डन, दिल्ली)।

### ऑपरेशन नारकोस के तहत: हटिया स्टेशन से 32 किलो गांजा के साथ छह गिरफ्तार

**रांची, एजेंसी।** ऑपरेशन नारकोस के तहत हटिया स्टेशन से 32 किलोग्राम गांजा के साथ छह लोग को गिरफ्तार किया गया है। बरामद गांजा की 16 लाख रुपए बताई जा रही है। आरपीएफ के अधिकारी, फ्लाइंग टीम और जीआरपी रांची के सहयोग से हटिया स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-3 पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान छह व्यक्ति 4 ट्रॉली बैग और 1 बड़े आकार के बैग के साथ एस्केलेटर के पास संदिग्ध तरीके से बैठे दिखे। संदेह के आधार पर उन्हें हिरासत में लिया गया। उनके बैग की तलाशी में 32 पैकेट में बंधा गांजा मिला। आरपीएफ इंस्पेक्टर रूपेश कुमार यादव ने बताया कि आरोपितों ने पूछताछ में बताया है कि वे 4 मई को राउरकेला पहुंचे थे। वहां से गांजा लेकर कानपुर जा रहे थे। दुलार चंद्र राम (बिहार के रोहतास का निवासी), बबलू कुमार यादव, निखिल कुमार यादव, हेमंत मित्रा, बिनीत कुमार (रामगढ़) व इकबाल खान (राजौरी गार्डन, दिल्ली)।

# झारखंड में बदला हवा का रुख, रांची समेत पूरे राज्य में हो सकती है बारिश

**रांची, एजेंसी।** पिछले कई दिनों से प्रचंड गर्मी झेल रहे रांची समेत पूरे राज्य के लोगों ने पिछले 24 घंटे में आंधी-बारिश के बाद राहत की सांस ली है। रांची समेत अन्य जिलों का अधिकतम तापमान बुधवार को चार से पांच डिग्री तक नीचे आ गया। हवा की रफ्तार 30 से 40 किमी प्रतिघंटा रही। हवा के बदले रुख के कारण नौ और 10 मई को रांची समेत पूरे राज्य में बारिश होगी। इस दौरान आंधी के साथ कहीं-कहीं वज्रपात भी होगा।

मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के उत्तर-पूर्वी भाग में बने साईक्लोनिक सर्कुलेशन और असम के दक्षिणी हिस्से तक निम्न दवाब वाली ट्रफलाइन बनी है। यह यूपी, झारखंड, बंगाल के गंगा क्षेत्र से लेकर असम तक से गुजर रहा है। इसी के चलते ही मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है।

रांची का अधिकतम पारा सामान्य से 4 डिग्री नीचे

पिछले 24 घंटों में रांची में 1.7 मिमी बारिश के बाद अधिकतम पारा 33.8 व न्यूनतम 19.6 डिग्री पर आ गया। यह सामान्य से करीब 4 डिग्री कम है। वहीं, सूबे में सर्वाधिक अधिकतम पारा मेदिनीनगर का 38.6 व न्यूनतम 21.9 डिग्री रहा। सूबे में रामगढ़ का अधिकतम तापमान सबसे कम 31.2 डिग्री दर्ज किया गया। राज्य के अन्य हिस्सों में भी तापमान सामान्य से नीचे आ गया है।

आंधी-ओलावृष्टि से फसल और बिजली नेटवर्क को नुकसान

पलामू जिले में मंगलवार की शाम में चली धूलभरी तेज आंधी, कुछ क्षेत्रों में हुई बारिश व ओलावृष्टि से काफी नुकसान हुआ है। बारिश व ओलावृष्टि से जहां गरमा फसल व सब्जी को नुकसान पहुंचा है वहीं तेज आंधी से आम की फसल व बिजली के तार-पोल को नुकसान पहुंचा है। ओलावृष्टि हुसैनाबाद में अंचल में हुई है। इस दौरान एक बच्ची सहित तीन लोग ठनका की चपेट में आकर भी अकाल मौत का शिकार बन गए।



हुसैनाबाद प्रखंड के दरुआ गांव के किसान योगेन्द्र सिंह ने बताया कि आंधी व ओलावृष्टि से खेतों में किसानों के मक्का, मूंग, आम, नींबू, प्याज व सब्जियों की फसल को काफी क्षति हुआ है। बसारी, लोटनिया, सोनबरसा सहित कई गांव के हिस्सों में ओलावृष्टि व तूफान से आम के मंजर पहले ही नष्ट हो गये थे। दरुआ बेनी पंचायत के कई गांवों में मंगलवार को ओलावृष्टि से सड़कों पर ओले की चादर बिछ गई। इससे बचे हुए आम के फसल भी बर्बाद हो गए। लोटनिया पंचायत के मुखिया विनोद कुमार सिंह ने बताया कि बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से मूंग, प्याज व सब्जियों को क्षति हुई है। हुसैनाबाद व्यापार मंडल अध्यक्ष कृष्णा बैठा ने बताया कि इस ओलावृष्टि से कुछ ही गांवों में नुकसान हुआ है। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी से नुकसान काआकलन कर आपदा प्रबंधन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।

इधर झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के मेदिनीनगर डिविजन के एक दर्जन से अधिक गांव अंधेरे में आंधी के बाद से अंधेरे में डूबे हैं। हिसरा, पोखराहा, रामगढ़, छेछरिया, चांदो, बांसडीह, चौरा समेत 12 से 15 गांव में जाने वाली 11 हजार और 33 हजार वोल्ट के कई के पोल गिर गए हैं। मेदिनीनगर डिविजन के सहायक कार्यपालक अभियंता दामोदर कुमार रंजन ने बताया कि आंधी के कारण 11 हजार और 33 हजार वोल्ट के कई जगहों से पोल गिर गया है। नेपोल गिरने के कारण रामगढ़ क्षेत्र के करीब छह से सात गांव, पोखरहा के एक गांव और नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड क्षेत्र के करीब पांच गांव में बिजली बाधित है। बाधित क्षेत्र में बिजली बहाल करने के लिए लगातार काम चल रहा है, बहुत जल्द मरम्मती कार्य पूर्ण कर बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कर दिया जायेगा।

## पिटाई से कोयला चोर बेहोश, सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर व जवान बनाए गए बंधक



**गलफरबाड़ी, एजेंसी।** मुगमा के बंगाल-बिहार बस्ती में अवैध कोयला जब्त करने गए सीआइएसएफ बैजना कोलियरी कैंप के सब इंस्पेक्टर व चार जवानों को कोयला चोरों ने लगभग एक घंटे तक बंधक बनाकर रखा। बाद में निरसा थाने की पुलिस ने सीआइएसएफ अधिकारी व जवानों को सुरक्षित निकाला।बैजना कोलियरी कैंप के सीआइएसएफ को सूचना मिली थी कि कोयला चोरों ने कापासारा कोलियरी से अवैध ढंग से कोयले का खनन कर बिहार-बंगाल बस्ती के पीछे जमा कर रखा है। वहां से बाइक व अन्य वाहनों से कोयले को भट्ठों में खपाया जा रहा है।

इसी सूचना पर सुबह करीब आठ बजे सीआइएसएफ के सब इंसपेक्टर व चार जवान बोलेरो से छापामारी करने पहुंचे। उन्हें देख मुगमा स्टेशन रोड निवासी मजार अंसारी अवैध कोयला व बाइक को छोड़कर भागने लगा। जवानों ने उसे पीछा कर पकड़ लिया और पिटाई कर दी। इससे वह बेहोश हो गया।

उसके स्वजन को अन्य कोयला चोरों ने इसकी जानकारी दी। खबर मिलते ही मजार के स्वजन आसपास के सैकड़ों लोग के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। उनके साथ अन्य कोयला चोर भी थे।

बेहोश पड़े मजार को देखने ही उग्र हो गए और सीआइएसएफ अधिकारी व जवानों को घेर कर हंगामा शुरू कर लिया। लगभग एक घंटे तक उन्हें बंधक बनाकर रखा।

सीआइएसएफ के सब इंसपेक्टर ने निरसा थाने की पुलिस से मदद मांगी। पुलिस गश्ती दल पहुंचा और हंगामा कर रहे लोगों को समझाने की कोशिश की, पर नहीं माने।उनका कहना था कि सीआइएसएफ पहले मजार का इलाज कराएं, उसके बाद जाने दिया जाएगा। हंगामा बढ़ते देख पुलिस गश्ती दल ने निरसा थानेदार मंजीत सिंह को सूचना दी। थानेदार के आदेश पर पुलिसकर्मियों ने सख्ती दिखाकर लोगों को शांत कराया।

उनके शांत होते ही सीआइएसएफ सब इंस्पेक्टर व जवान वहां से चुपचाप खिसक गये। बाद में स्वजन ने स्थानीय नर्सिंग होम में मजार का इलाज कराया। सीआइएसएफ सूत्रों का कहना है कि भागने के क्रम में मजार स्कूटर से गिरकर बेहोश हो गया था।

## के. रवि कुमार ने कहा: लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरा से होगी वेबकास्टिंग




**रांची, एजेंसी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि इस बार लोकसभा चुनाव के दौरान सभी मतदान केंद्रों की 4डी कैमरा से वेबकास्टिंग होगी। मतदान केंद्र के अंदर और बाहर दोनों ओर की मॉनिटरिंग होगी। जीपीएस ट्रैकिंग से ईवीएम वाले वाहनों पर नजर रखी जाएगी। इस वेबकास्टिंग की मॉनिटरिंग मुख्य निर्वाचन कार्यालय, जिला निर्वाचन कार्यालय के साथ-साथ भारत निर्वाचन आयोग के स्तर से होगी।

सीईओ ने बुधवार को सभी जिलों में वेबकास्टिंग,जीपीएस ट्रैकिंग और व्हीकल मैनेजमेंट के लिए गठित सेल के नोडल पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से चुनाव तैयारियों की समीक्षा की। सीईओ ने विभिन्न मतदान केंद्रों पर ईवीएम पहुंचाने वाले वाहनों में जीपीएस लगाकर इसकी मानिटरिंग करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मतदान कार्य में लगे वाहनों का भुगतान ससमय करते हुए उसे मतदान कार्य से मुक्त करें। बैठक में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह, संयुक्त परिवहन आयुक्त प्रवीण कुमार प्रकाश सहित कई अफसर-कर्मचारी मौजूद थे।

**गोड्डा, राजमहल में दूसरे दिन नामांकन नहीं, दुमका में अभी शुरुआत भी नहीं :** रांची। अंतिम चरण के लोकसभा चुनाव के लिए गोड्डा, दुमका और राजमहल संसदीय क्षेत्रों में नामांकन पत्र भरने के दूसरे दिन कोई नॉमिनेशन नहीं हुआ। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने बताया है कि सातवें चरण के चुनाव के लिए नामांकन के दूसरे दिन एक भी नामांकन नहीं किया गया।

## सांसदों-विधायकों की रिहाई के कितने केस को दी गई चुनौती; झारखंड हाई कोर्ट का सरकार से सवाल




**रांची, एजेंसी।** झारखंड हाई कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि झारखंड के सांसदों और विधायकों (माननीयों) के आपराधिक मामलों में बरी होने के बाद कितने केस को ऊपरी अदालतों में चुनौती दी गई है। एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर और जस्टिस नवनीत कुमार की अदालत ने स्वत संज्ञान के तहत बुधवार को सुनवाई की। साथ ही अभियोजन निदेशक को शपथ पत्र के माध्यम से इसकी जानकारी देने का आदेश दिया। मामले की अगली सुनवाई 17 मई को होगी।

सुनवाई के दौरान अदालत ने यह जानना चाहा कि निचली अदालत से जो आरोपी बरी हुए हैं, उनके खिलाफ अपील दायर हुई है या नहीं। लेकिन सरकार के अधिवक्ता इसकी स्पष्ट जानकारी नहीं दे सके। इस पर अदालत ने अभियोजन निदेशक को हाजिर होने का आदेश दिया। अभियोजन निदेशक अदालत में हाजिर हुए और उन्होंने भी कहा कि उन्हें इस बारे में स्पष्ट जानकारी नहीं है।

बरी आरोपियों के खिलाफ दायर अपील की जानकारी जुटाने के लिए उन्होंने समय देने का आग्रह किया। अदालत ने उन्हें समय देते हुए 17 मई से पहले यह बताने को कहा कि अब तक कितने आरोपी निचली अदालत से बरी हुए हैं। कितनों के खिलाफ सरकार ने अपील दायर की है।

**सीबीआई से सवाल- गवाही में देरी क्यों :** मामले की सुनवाई के दौरान सीबीआई की ओर से कोर्ट को बताया गया कि सीबीआई अदालत में विधायकों-सांसदों के खिलाफ दर्ज 15 आपराधिक मामलों की सुनवाई चल रही है। गवाहियां कराई जा रही हैं। मामलों के शीघ्र निष्पादन के लिए सुनवाई जारी है। इस पर अदालत ने सीबीआई को जवाब दाखिल कर यह बताने को कहा कि गवाही कराने में देरी क्यों हो रही है।

**यह भी जानिए: तकनीक ने कोर्ट की कार्यवाही बदल दी- जस्टिस :** झारखंड हाइकोर्ट कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश एस चंद्रशेखर ने बुधवार को हाईकोर्ट में मोबाइल एप और ई-सेवाओं के लिए क्यूआर निर्देशिका जारी किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि तकनीक ने अदालती कार्यवाही को बदल दिया है। तकनीक के जरिए कई प्रक्रिया व्यवस्थित हो गई हैं। हाईकोर्ट ने इस वर्ष केवल 70 दिनों में 24769 मामलों का निपटारा किया है। हाईकोर्ट में वर्तमान में सिर्फ 19 जज हैं। हाईकोर्ट ने लंबित मामलों को कम करने के लिए कड़ी मेहनत की। इसके लिए पांच खंडपीठ और नौ एकल पीठ का गठन किया गया था। दीवानी मामलों में निपटारे की दर 176.59 प्रतिशत और आपराधिक मामलों में 123.34 प्रतिशत दर्ज की गई है।

### दल-बदल का मामला-चुनाव लड़ रहे जेपी पटेल को जवाब देने के लिए स्पीकर ने दिया छह जून तक का समय

**रांची , एजेंसी।** स्पीकर रबींद्रनाथ महतो ने दल-बदल मामले में मांडू विधायक और हजारीबाग संसदीय सीट से कांग्रेस प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को उनके आवेदन के आधार पर छह जून तक जवाब देने का समय दिया है। स्पीकर ने पटेल पर लगे आरोपों पर स्वयं या अधिवक्ता के जरिए पक्ष देने को कहा है। साथ ही, पटेल के खिलाफ 10वीं अनुसूची (दल-बदल) के तहत शिकायत करनेवाले नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी को भी उनके आवेदन के आधार पर छह जून तक स्वयं या अधिवक्ता के जरिए पक्ष रखने का समय दिया है। दोनों पक्षों को स्पीकर ने पहले 2 मई तक पक्ष रखने को कहा था।

2019 के झारखंड विधानसभा चुनाव में भाजपा के टिकट पर विधायक बने जयप्रकाश भाई पटेल के कांग्रेस में शामिल होने के बाद दल बदल कानून का सामना करना पड़ रहा है। 10 अप्रैल को स्पीकर द्वारा जारी नोटिस पर उन्होंने अपना पक्ष नहीं रखा था। उसके बाद स्पीकर ने उन्हें अपना पक्ष रखने के लिए 02 मई तक का समय दिया था, तब उन्होंने आवेदन देकर छह सप्ताह का समय मांगा था।

कहा था कि वे हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें 26 अप्रैल से हो रहे नामांकन में शामिल होना है। इसके बाद 20 मई को मतदान है। जबकि, 06 जून तक चुनावी प्रक्रिया पूरी होनी है।

## दो महीने पहले हुआ गैंगरेप, परिजनों को भी नहीं बताया, अब दी जान, लिखा- मैं ऐसे नहीं जी सकती

**रांची, एजेंसी।** रांची में बिरसा कृषि यूनिवर्सिटी की छात्रा के सुसाइड मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। सेकंड ईयर की छात्रा ने आरोपियों द्वारा सामूहिक बलात्कार करने के दो महीने बाद हाल ही में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली थी। गैंगरेप की बात घरवालों को भी नहीं पता थी, इसका पता युवती के सुसाइड नोट से लगा।

इस बारे में जानकारी देते हुए सदर पुलिस स्टेशन के प्रभारी अधिकारी कुलदीप कुमार ने कहा,पुलिस और लड़की के परिवार को सामूहिक बलात्कार के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, हालांकि लड़की के परिवार द्वारा उपलब्ध कराए गए दो सुसाइड नोट्स के अनुसार सामूहिक बलात्कार 6 मार्च को किया गया था। सुसाइड नोट में सामूहिक बलात्कार में शामिल दो युवकों के नाम बताए गए हैं। खास बात यह है कि ये सुसाइड नोट एक महीने के अंतराल पर लिखे गए हैं।

आगे उन्होंने कहा, हम यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि सामूहिक बलात्कार के बारे में किसी को नहीं बताने वाली लड़की ने किन परिस्थितियों में आत्महत्या करने से दो महीने पहले सुसाइड नोट लिखा था।सुसाइड नोट में लड़की ने खुदकुशी के लिए दो युवकों को जिम्मेदार ठहराते हुए लिखा, मेरी आत्महत्या का कारण आनंद मिंज और अरविंद किंडो हैं, जो काठीटांड़ के रहने वाले हैं। 6 मार्च को वे मुझे बहला-फुसलाकर कोकर चौक के अंदर ले गए और फिर मेरे साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। मैं इस तरह घुट-घुट कर नहीं जी सकती। इसलिए जा रही हूं, सभी से माफी चाहती हूं... !



सॉरी मां.... ! सब कुछ सीसीटीवी में कैद है। युवती के सुसाइड के बारे में जानकारी देते हुए पुलिस अधिकारी ने कहा, 5 मई को लड़की रात के खाने के बाद अपने कमरे में सोने गई थी। अगली सुबह (6 मई) जब उसके कमरे का दरवाजा देर तक नहीं खुला, तो उसके माता-पिता को शक हुआ और उन्होंने दरवाजा तोड़ दिया। उन्होंने लड़की को पंखे से लटका हुआ पाया। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया और उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। अगले दिन लड़की की मां के लिखित बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई।पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुसाइड नोट में यह नहीं बताया गया है कि आरोपी बलात्कारी युवक लड़की को कॉल करके बुलाने में कैसे कामयाब रहे थे।

### लालपुर में जमीन कारोबारी ने किया सुसाइड-लैंड स्कैम मामले में ईडी ने भेजा था समन, सुसाइड की वजह स्पष्ट नहीं,

**रांची, एजेंसी।** लालपुर के रहने वाले एक जमीन कारोबारी कृष्णकांत ने आज सुसाइड कर लिया है। जानकारी मिलते ही परिजन आनन-फानन में पास के ऑर्किड अस्पताल ले कर गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और परिजनों से पूछताछ कर जानकारी ली। कृष्णकांत लालपुर के सिल्वर डेल अपार्टमेंट में रहते थे। पूरी घटना स्पष्ट नहीं हो सकी है। वहीं आत्महत्या के पीछे की वजह भी सामने नहीं आई है। पुलिस जांच में जुट गई है।

बताया जा रहा है कि लैंड स्कैम मामले में ईडी लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में पूछताछ के लिए ईडी ने उन्हें समन भेजा था। आशंका जताई जा रही है कि वह इसी नोटिस की वजह से प्रेशर में थे।

शायद इसी लिए आत्महत्या का रास्ता अपनाया। फिलहाल परिजन भी बात नहीं कर रहे हैं। वहीं लालपुर पुलिस का कहना है कि जांच के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।

रांची में हुए जमीन घोटाला मामले में ईडी ने अब तक कई जमीन कारोबारियों के यहां छापा मारा या कार्रवाई की है। लगातार छापेमारी भी की है।

## 101 वर्षीय बेला सेन ने वोट डाल बटोरी सुर्खियां, होम वोटिंग कर लोकतंत्र को बनाया मजबूत

**चाईबासा, एजेंसी।** हो लड़ाकों की धरती सिंहभूम में 101 वर्ष की बेला सेन सुर्खियों में है। बेला सेन ने मतदान प्रतिशत को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से शुरू की गयी होम वोटिंग की सुविधा का इस्तेमाल कर लोकसभा चुनाव में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की है।

झारखंड के नक्सल प्रभावित सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र में रहने वाली चाईबासा निवासी 101 वर्षीय बेला सेन इस उम्र में भी अपने अधिकार से वंचित नहीं होना चाह रही थी।

उनकी इसी चाहत को निर्वाचन आयोग के निर्णय ने पंख लगाने का कार्य किया। आयोग ने इस बार 85 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्गों व दिव्यांग मतदाताओं के लिए घरेलू मतदान का विकल्प दिया है।24 अक्टूबर, 1923 को जन्मीं बेला सेन जो मतदान केंद्र तक का सफर तय करने में असमर्थ थीं, उन्होंने घरेलू मतदान का विकल्प चुना, एक ऐसा निर्णय जो चुनावी प्रक्रिया में भाग लेने के प्रति उनके अटूट समर्पण को रेखांकित करता है। इसमें सबसे पहली भागीदारी बेला सेन की रही। उन्होंने अपने घर में मत पत्र से मतदान कर अपने अधिकार को दर्शाया। इस बुजुर्ग महिला के हौसला को देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चाईबासा कुलदीप चौधरी ने स्वयं उनके घर पहुंच कर उत्साहवर्द्धन किया।



इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी कुलदीप चौधरी ने कहा कि निर्वाचन आयोग के द्वारा इस बार उन्हें भी मतदान करने का अधिकार दिया गया है, जो बुजुर्ग और दिव्यांग है, उनके लिए होम वोटिंग की सुविधा दी जा रही है। इसी के तहत बेला सेन ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया है। ऐसे लोग ही भारतीय लोकतंत्र को मजबूत करते हैं।

निर्वाचन आयोग के निर्देश पर हम अधिक से अधिक मतदान के लक्ष्य को लेकर चल रहे हैं। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतांत्रिक अभ्यास में कोई भी मतदाता छूट न जाए। बेला सेन जैसे कई अन्य लोग हैं जिनके लिए हमने विशेष घरेलू मतदान व्यवस्था की है।इस निर्वाचन क्षेत्र में 62 से अधिक मतदाता हैं जो 100 वर्ष से अधिक उम्र के हैं। इन 62 बुजुर्ग लोगों और 85 साल से ऊपर के 3,909 मतदाताओं के अलावा 13,703 विकलांग व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) के लिए हमने सुनिश्चित किया कि उन्हें घर पर मतदान का विकल्प मिले।इनमें से 85 वर्ष से अधिक आयु के 45 मतदाताओं और 33 दिव्यांगों ने घर पर मतदान का विकल्प चुना था। 85 वर्ष से अधिक आयु के 35 मतदाता और 27 दिव्यांग घर पर मतदान के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। यहां बता दें कि बेला सेन के पुत्र प्रोफेसर अशोक सेन सिंहभूम के चर्चित इतिहासकार हैं। 2006 में टाटा कॉलेज से सेवानिवृत्त होने के बाद चाईबासा में ही रह रहे हैं।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करे राजनीतिक दल

अब यह उजागर है कि प्रत्याशी के चुनाव में राजनीतिक दलों से साफ-सुथरी छवि का ध्यान रखने की चाहे जितनी अपेक्षा और मांग की जाए, पर उनका मकसद एक ही होता है। वे उसी को उम्मीदवार बनाते हैं, जिसके जीतने की संभावना अधिक होती है, चाहे वह आपराधिक छवि का ही क्यों न हो। माना जा रहा था कि भारतीय जनता पार्टी बृजभूषण शरण सिंह को चुनाव मैदान में नहीं उतारेगी। इसे लेकर उसमें ऊहापोह भी देखी जा रही थी। मगर लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार उसने उनकी जगह उनके बेटे करण भूषण सिंह को टिकट दे दिया। बृजभूषण शरण सिंह महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोप में अदालत की सुनवाइयों का सामना कर रहे हैं। उनकी वजह से भाजपा को खासी किरकिरी झेलनी पड़ी। यहां तक कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संघ ने भी बृजभूषण शरण सिंह पर अंगुली उठाई थी, जिसके चलते उन्हें कुश्ती महासंघ के चुनाव से अलग रहना पड़ा। मगर उन्होंने कुश्ती महासंघ पर अपना दबदबा कायम रखने की नीयत से अपने एक करीबी को अध्यक्ष का चुनाव लड़ाया और उसे ही विजय भी मिली। उस पर भी अंगुलियां उठनी शुरू हुईं, तो खेल मंत्रालय को आखिरकार बृजभूषण शरण सिंह के करीबी को अध्यक्ष पद से हटाना पड़ा। यह समझना मुश्किल है कि भाजपा के सामने ऐसी क्या मजबूरी थी, जो उसने बृजभूषण शरण सिंह से अपना पल्ला छुड़ाना उचित नहीं समझा। उनकी जगह उनके बेटे को टिकट दे दिया। इससे बृजभूषण शरण सिंह को लेकर उठ रहे सवाल शांत नहीं हो जाएंगे। इसके पीछे एक वजह तो यह बताई जाती है कि उत्तर प्रदेश में राजपूत समाज लगातार भाजपा पर आरोप लगा रहा था कि वह राजपूत समाज के प्रत्याशियों का टिकट काट रही है। दूसरा कारण यह हो सकता है कि बृजभूषण का टिकट कटने से उनके बगावत करने और उस सीट से भाजपा के हारने की आशंका हो सकती थी। मगर इस तरह समझौता करके भाजपा अगर अपनी एक सीट बचा भी ले, तो इससे उसके सिद्धांतों पर सवाल तो उठेंगे ही। लंबे समय से मांग की जा रही है कि राजनीतिक दल अपने प्रत्याशियों का चयन करते हुए उनकी छवि का ध्यान रखें। निर्वाचन आयोग ने भी कहा था कि राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को चुनावी मैदान में उतारने से परहेज करें। अगर वे किसी ऐसे प्रत्याशी को टिकट देती हैं, तो उन्हें इसका स्पष्टीकरण देना होगा कि आखिर उन्होंने ऐसा क्यों किया, क्या उसकी जगह कोई और प्रत्याशी नहीं मिला।

### परंपरा का प्रश्न

लंबी कशमकश के बाद आखिरकार कांग्रेस पार्टी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली और अमेठी सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। पिछले कुछ दिनों से इन सीटों के संभावित उम्मीदवारों को लेकर जैसी गहन चर्चा चल रही थी, उससे साफ है कि यह सिर्फ दो सीटों का मामला नहीं रह गया था। ये दोनों सीटें न सिर्फ लंबे समय से कांग्रेस का गढ़ रही हैं बल्कि गांधी परिवार का पसंदीदा अखाड़ा मानी जाती रही हैं। हालांकि, अतीत में एकाधिक मौकों पर इन सीटों की नुमाइंदगी गांधी परिवार से बाहर के व्यक्ति के हाथों में भी गई है, लेकिन इन सीटों को गांधी परिवार के चुनाव क्षेत्र के ही रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में 2019 लोकसभा चुनाव में अमेठी से राहुल गांधी की हार और इस बार सोनिया गांधी के लोकसभा चुनाव से बाहर रहने की वजह से कांग्रेस में इन दोनों सीटों पर शून्य बन गया था, जिसे भरे जाने की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही थी। इसमें दो राय नहीं कि रायबरेली से राहुल गांधी और अमेठी से केएल शर्मा को प्रत्याशी बनाने का फैसला करने में कांग्रेस ने काफी देर लगाई। इस देरी को लेकर तरह-तरह की कयासबाजी होती रही। लेकिन राजनीति में विलंब का भी अपना शास्त्र होता है। यह दावे से नहीं कहा जा सकता कि कांग्रेस नेतृत्व या गांधी परिवार के फैसले में हुई देर के पीछे अनिश्चय या असमंजस की ही भूमिका थी। इसकी कई और व्याख्याएं की जा सकती हैं। सोनिया गांधी के राज्यसभा का रुख करने के बाद राहुल गांधी के रायबरेली सीट को चुनने और प्रियंका के चुनाव में खड़ा न होने के फैसले पर भी कई तरह से टीका-टिप्पणी की जा सकती है। भाजपा के कुछ नेता इसे राहुल का अमेठी से भागना बताने भी लगे हैं। हालांकि प्रत्याशी कोई भी हो, ये दोनों सीटें गांधी परिवार की प्रतिष्ठा से जुड़ी हैं। इन सीटों पर जीत-हार को गांधी परिवार की जीत-हार के ही रूप में देखा जाएगा। बहरहाल, राहुल को रायबरेली सीट से प्रत्याशी बनाकर कांग्रेस ने संकेत दिया है।

## सबके हाथों में तकनीक की ताकत

**(हरजिंदर, वरिष्ठ पत्रकार)**

*अमित शाह का यह वीडियो बताता है कि वे आशंकाएं सही थीं। इसके साथ ही कुछ नेताओं और अभिनेताओं के एआई से तैयार फर्जी वीडियो पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रहे हैं। मगर एक सच यह भी है कि अभी उतनी नहीं है, जितनी साल की शुरुआत में आशंका थी। अभी भारत में जो आम चुनाव चल रहे हैं, उसकी तुलना कीजिए पिछले दो आम चुनावों या इस दौरान हुए विधानसभा व अन्य चुनावों से। इस दौरान सोशल मीडिया पर जितने प्रकार के, जितनी मात्रा में झूठ परोसे गए।*

चीजें उसी तरफ बढ़ती दिख रही हैं, जिधर उनके जाने की आशंका थी। गृह मंत्री अमित शाह के नकली अकल, यानी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) से संपादित वीडियो का जिस तरह से इस्तेमाल हुआ, उससे साफ हो गया है कि तकनीक की खतरनाक क्षमताओं को गंदी राजनीति ने साधना शुरू कर दिया है। इसके पहले भी कुछ ऐसे वीडियो आ चुके हैं। चार महीने पहले नए साल का स्वागत करते समय जब यह बताया जा रहा था कि इस वर्ष दुनिया में सबसे ज्यादा देशों में चुनाव होने वाले हैं, तब तमाम विश्लेषणों में यह बात भी नत्थी कर दी गई थी कि 2024 वह साल होने वाला है, जब जनता के फैसले को एआई तकनीक से प्रभावित करने की कोशिशें होंगी। ठीक वैसे ही, जैसे इसके पहले तक हर चुनाव को फर्जी खबरों, यानी फेक न्यूज से प्रभावित करने की कोशिशें होती रहीं। यह साफ था कि एआई झूठी चुनाव गाथाओं को उस हद तक ले जा सकती है, जहां फेक न्यूज पुरातन काल की चीज नजर आने लगे। सबको डर था कि चुनाव की गाथा इस बार कहीं एआई कारखानों से ही न लिखी जाए। अमेरिका जैसे देश में तो इस साल की शुरुआत से ही झूठ के इस संसार ने नया मायावी रूप धारण करना शुरू कर दिया था। पिछले दिनों जब अमेरिका में राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार चुनने के लिए प्राइमरीज के चुनाव चल रहे थे, तभी से एआई से तैयार किए गए वीडियो आने लग गए। इनमें से एक वीडियो काफी चर्चा में आया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन अपने पार्टी प्रतिनिधियों से अपील कर रहे थे कि प्राइमरीज के चुनाव में वे वोट न डालें और अपनी ऊर्जा को बाद में चुनाव के लिए बचाकर रखें। हालांकि, इसका कोई असर पड़ता, इसके पहले ही बात खुल गई, लेकिन तब तक यह भी साफ हो गया कि खतरे कहां तक हैं। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव अभी दूर है और जिस तरह से यह सब हो रहा है, मान लिया गया है कि इस चुनाव में एआई के झूठ बड़ी भूमिका निभाएंगे। अमेरिका में यह सब जब होगा, तब होगा, लेकिन भारत में तो फिलहाल चुनाव चल रहे हैं। एक तिहाई चुनाव तो निपट भी गए हैं। साल के शुरू में लग रहा था कि चुनाव का दौर आते-आते एआई के झूठ की बाढ़ आ सकती है। अमित शाह का यह वीडियो बताता है कि वे आशंकाएं सही थीं। इसके साथ ही कुछ नेताओं और अभिनेताओं के एआई से तैयार फर्जी वीडियो पिछले कुछ दिनों से चर्चा में रहे हैं। मगर एक सच यह भी है कि अभी उतनी नहीं है, जितनी साल की शुरुआत में आशंका थी। अभी भारत में जो आम चुनाव चल रहे हैं, उसकी तुलना कीजिए पिछले दो आम चुनावों या इस दौरान हुए विधानसभा व अन्य चुनावों से। इस दौरान सोशल मीडिया पर जितने प्रकार के, जितनी मात्रा में झूठ परोसे गए, उतने तो इस देश की राजनीति और समाज ने पहले कभी देखे तक नहीं थे। 2019 के चुनाव को तो सोशल मीडिया और वाट्सएप चुनाव भी कहा गया था। तब तक देश की एक बड़ी आबादी के हाथों में ऐसी तकनीक आ चुकी थी, जिससे पलक झपकते ही किसी बात या बतंगड़ को पूरे देश में फैलाया जा सकता था। उस चुनाव का पूरा फसाना तकनीक ने ही तय किया था या उसके प्रसार में बड़ी भूमिका निभाई थी। मगर यही बात इस बार एआई के बारे में नहीं कही जा सकती। कुछ खतरनाक किस्म के और चिंता पैदा करने वाले फर्जी वीडियो जरूर सामने आए हैं, लेकिन वे ऐसे नहीं हैं कि उनसे चुनाव का पूरा फसाना तय हो रहा हो या बदल रहा हो। गौर से देखें, तो इस चुनाव में सिर्फ इतना ही नहीं हुआ। इस बार फर्जी खबरों, यानी फेक न्यूज की संख्या और उनके बोलबाले में भी नाटकीय तौर पर कमी आई है। कम संख्या में ही सही, फर्जी खबरें अब भी आ रही हैं, लेकिन चुनाव के विमर्श में वे कोई बड़ी भूमिका निभाती नहीं दिख रहीं। नेताओं के भाषणों में अब भी झूठ बोले जा रहे हैं, बेमतलब के आरोपों-प्रत्यारोपों से चुनाव जीतने की कोशिशें अभी भी पहले की ही तरह हो रही हैं। मगर स्मार्टफोन के जरिये सीधे हमारे घर में आ धमकने वाली फर्जी खबरों में कमी के संकेत हर तरफ मिल रहे हैं। देश में जिस तरह की राजनीति है, उसमें यह तो नहीं माना जा सकता कि हमारे राजनीतिज्ञों में कोई सुधार आ गया और उन्होंने सोशल मीडिया के गलत इस्तेमाल से तौबा कर ली है। दरअसल, चुनाव आयोग की सतर्कता और झूठ का तुरंत ही पर्दाफाश करने वाले फैक्ट चैकर्स की फुर्ती इसमें एक भूमिका निभा सकती है और अब ये दोनों तरह की ताकतें ज्यादा सक्रिय हैं, लेकिन ऐसा नहीं है कि ये पहले पूरी तरह से नदारद थीं। ऐसे में, सही कारण समझना थोड़ा मुश्किल जरूर है, पर कुछ अनुमान तो लगाए ही जा सकते हैं। पिछले कुछ समय में एक चीज जरूर हुई कि अब सोशल मीडिया पर किसी एक दल का बोलबाला नहीं रहा। तकरीबन सभी छोटे-बड़े दलों ने अपने आईटी सेल बना लिए हैं और वे बराबर सक्रिय भी हैं। वे एक्स और इंस्टाग्राम से लेकर यू-ट्यूब तक हर जगह सक्रिय हैं। हर एक के पास अपने समर्थकों के बड़े नेटवर्क हैं। अब सभी ये सीख गए हैं कि कब किसी हैशटैग को किस तरह से ट्रेंड कराना है और किस बहस को कब किधर मोड़ देना है। किसी भी झूठ, फरेब या दावे का वे तुर्की-ब-तुर्की जवाब देने के लिए हरदम सक्रिय रहते हैं। इस सबने सभी को बराबरी के स्तर पर ला खड़ा किया है। पिछले दिनों देश के विपक्षी दल लेवल प्लेइंग फील्ड, यानी बराबरी के मैदान की मांग कर रहे थे। चुनाव आयोग से सुप्रीम कोर्ट तक यह मुद्दा अलग-अलग तरह से उठाया गया। जब चुनावी बॉन्ड के आंकड़े आए, तब भी यही कहा गया कि लेवल प्लेइंग फील्ड नहीं है। इन तर्कों में कितना दम है, यहां इस चर्चा की फिलहाल जरूरत नहीं, पर एक सच यह है कि तकनीक ने देश के छोटे-बड़े सभी राजनीतिक दलों को बराबरी का मैदान उपलब्ध करा दिया है। चुनाव के नतीजे अब चाहे जो भी हों, पर 2024 के आम चुनावों की एक कहानी यह भी है। **(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

## मोबाइल स्विच ऑफ करने से ऑन होंगी खुशियां

घर के लॉन में, सड़क पर, पार्क में, समुद्र के किनारे बच्चा जहां भी जाता है वह उसके साथ होता है। बारिश में फिसलन भरी सीढ़ियों पर चढ़ने में उसे थोड़ी दिक्कत आती है, लेकिन वह पीछा करना नहीं छोड़ता। यह विज्ञापन जिसने भी देखा है, जरूर याद होगा उसे। एक बच्चे और पग की प्यारी-सी कहानी। पग डॉगी की एक नस्ल है और इस विज्ञापन ने उसे भारत में मशहूर कर दिया था, खासतौर पर बच्चों के बीच। यह एड था एक मोबाइल नेटवर्क सर्विस प्रोवाइडर कंपनी का, जो कहना चाहती थी कि जहां जाइएगा हमें पाइएगा। नया-नया जमाना था वह मोबाइल का। नए रिश्ते की तरह आम जीवन में आया मोबाइल अच्छा ही लगता था तब। लेकिन, अब रिश्ता पुराना हो चला है, पीछा भी लंबा हो चला है। हमेशा चिपक कर साथ-साथ चलने वाली यह आदत अब अच्छी नहीं लगती। थोड़ा स्पेस चाहिए, वक्त चाहिए। तो क्यों नहीं मोबाइल को स्विच ऑफ कर लेते जब वह एड आया तब नेटवर्क बड़ी प्रॉब्लम हुआ करता था, लेकिन अब हमेशा की कनेक्टिविटी बड़ी प्रॉब्लम बन चुकी है कई लोगों के लिए। कोई समय नहीं होता, जब आप अकेले हों। आपने क्या देखा, क्या ऑर्डर किया, कहां गए और क्या खरीदा । इस कनेक्टिविटी की मेहरबानी से सब पर इंटरनेट की नजर है। ऐसे में कई बार खीझ होने लगती है, चिढ़ मचने लगती है मोबाइल की ट्रिंग-ट्रिंग और नोटिफिकेशन की पिंग-पिंग सुनकर। इस सिरदर्द से दूर होने और आनंद का नया रास्ता तलाशने का एक ही तरीका है, स्विच ऑफ। यकीन जानिए, मोबाइल बंद करना खुशियों का रास्ता खोलना है। ऐसा लगेगा कि आप सारे सवालों से मुक्त हो चले हैं। कॉल, मेसेज, मेल का झंझट कुछ देर के लिए खत्म। इस समय जवाबदेही होगी तो सिर्फ खुद के लिए। अहसास नहीं होता, लेकिन मोबाइल ने हमें गुलाम बना लिया है अपना। हमें लगता है कि फोन हम इस्तेमाल कर रहे हैं, पर दरअसल हम इस्तेमाल हो रहे होते हैं। स्विच ऑफ बटन दबाकर ऑन किया जा सकता है अहसास आजादी का। मोबाइल के चंगुल से छूटने के बाद पता चलता है कि हमारे पास कितना वक्त है जिस पर अभी तक इस डिवाइस ने कब्जा किया हुआ था। अपना अधिकार अब आपको वापस मिल चुका है। मोबाइल की स्क्रीन से निकल कर अब लौट सकते हैं वास्तविक दुनिया में, जहां संवाद के लिए किसी नेटवर्क की जरूरत नहीं पड़ती। जहां क्लिक, शेयर, लाइक, सब्सक्राइब या अपलोडिंग के लिए कोई डेटा खर्च नहीं होता। यहां सब कुछ लाइव है और सारे काम बन जाते हैं एक मुस्कान से। कितने रिश्ते, कितनी मुलाकातें, खाने का स्वाद, किस्से-कहानियां - मोबाइल से छूटने के बाद पता चलेगा कि इसके चक्कर में आपसे क्या-क्या छूट गया था। यानी यही असली फेयर आफ मीसिंग (फोमो) होना चाहिए, वह नहीं जो मोबाइल हमें बताता है। मोबाइल बंद हुआ है, तो अब जोक सुनकर और सुनाकर हंसिए, पढ़कर नहीं। खुशियां फॉरवर्ड कीजिए आमने-सामने, दूर बैठकर बटन से नहीं। मोबाइल स्विच ऑफ कर आप मौका बना सकते हैं दुनिया को फिर से समझने का। यह जानने का कि सबकुछ अब भी जज्बात और मेल-मिलाप से चलता है, अंगूठे के इशारे से नहीं। टेक डिवाइस से कुछ अरसा दूर रहने को कहा जाता है डिजिटल डीटॉक्स का शाब्दिक अर्थ होता है शरीर से जहरीले पदार्थों को बाहर निकालना। मोबाइल जैसी टेक डिवाइस बहुत मददगार है हमारे लिए, लेकिन यह कुछ जहरीले तत्व भी दे रही है हमें। बेचैनी, नींद का गायब होना, रिश्तों में दूरी, तनाव ये वो साइड इफेक्ट हैं, जो मोबाइल ज्यादा इस्तेमाल करने वालों को मिलते हैं। इसकी नीली रोशनी में बहुत कुछ धुंधला हो जाता है। स्विच ऑफ का ऑप्शन चुनकर आप उस धुंध को साफ कर सकते हैं। याद दिला सकते हैं खुद को कि असली बॉस आप हैं और आपका जीवन किधर जाएगा, यह किसी ऐप के मैप से तय नहीं होगा। ध्यान रहे, खुशियां कभी नेटवर्क की मोहताज नहीं होतीं। यह तो भावनाओं पर चलती हैं।

### सुडोकू पहेली क्रमांक- 5365

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | 3 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 1 | 7 | |
| 8 | 4 | | | 1 | | 6 | | 9 |
| | | | | 2 | 5 | | | |
| 2 | 6 | | | | | | 8 | 3 |
| | | | 7 | 6 | | | | |
| 1 | | 3 | | 7 | | | 2 | 4 |
| | 9 | 7 | | | | | | 6 |
| | | 8 | 4 | | | 9 | | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

#### सुडोकू पहेली क्र. 5364

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 8 |
| 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 2 | 1 | 7 | 4 |
| 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 3 | 2 | 5 | 6 | 4 | 1 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 5 | 9 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 8 | 3 | 6 | 1 | 5 |
| 2 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 | 3 | 6 |
| 6 | 3 | 9 | 4 | 7 | 8 | 5 | 2 | 1 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 9 | 7 |

## आज का राशिफल

### मेष

आज आर्थिक मामलों में लाभ होगा और आज आपके लिए सुख भोग में वृद्धि का दिन है। शुक्र सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि करेंगे। आवश्यक सामान की खरीदारी में शाम तक का समय व्यतीत होगा। घर परिवार के वृद्धजनों से कोई बहस न करें तो आपके लिए अच्छा है। आज सबकी बात सुनकर ही कोई फैसला करें।

### वृष

आज कोई भी काम बहुत सोचकर करें। आज पैसों के मामले में किसी पर भरोसा न करें और अपने काम पर फोकस करें। आपको दूसरों की बातें भी सुननी चाहिए। दुकान या कार्यालय में भी टीमवर्क के जरिए ही आप किसी समस्या का हल निकालने में सफल होंगे। आपके धन में वृद्धि होगी।

### कर्क

आज आपकी कार्य योजनाएं सफल होंगी। आपको ऑफिस में आज कुछ जरूरी काम सौंपे जा सकते हैं, जिनमें आपको खुद को साबित करके दिखाना होगा। रचनात्मक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी और आपको लाभ होगा। पुत्र और पुत्री के विवाह की बात काफी आगे बढ़ सकती है।

### सिंह

आज शुभ योग बन रहे हैं और आपकी संपत्ति में वृद्धि होगी। आपको ननिहाल से भी मान सम्मान मिलेगा। आपको पत्नी पक्ष एवं पत्नी की ओर से पूर्ण सहयोग मिलेगा। नौकरी में शत्रु आपकी चुगली करेंगे जिससे सायंकाल के समय परेशानी हो सकती है। आज आपके लिए जरूरी है कि आप अपने गुरु के प्रति निष्ठा और भक्तिभाव रखें।

### मिथुन

आज लाभ होगा और आपके लिए सफलता के योग बन रहे हैं। सम्मान की प्राप्ति होगी और सांसारिक प्रतिष्ठा के योग बन रहे हैं। व्यापार के भागीदारों तथा पत्नी पक्ष से भी पूर्ण सहयोग मिलेगा। आज आपके उधार में कमी होगी और कार्य सफल होंगे। आपको आज दोस्तों से हर प्रकार की मदद मिलेगी।

### कन्या

आज आपको हर कार्य में सफलता प्राप्त होगी। किसी काम से पास और दूर की यात्रा पर जा सकते हैं। बहन-भाई के विवाह इत्यादि मांगलिक समारोह में शामिल होने का अवसर मिलेगा। कोई पुराना मित्र या रिश्तेदार अचानक से आपके सामने आ सकता है।

### तुला

आज भाग्य में वृद्धि के योग बन रहे हैं और आज आपको काफी समय से रुके धन और संपत्ति की प्राप्ति होगी। नए संबंधों में स्थायित्व आएगा और आपका भाग्य साथ देगा। राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र में भी अच्छी सफलता मिल सकती है, प्रयत्नशील रहें। आपके लिए धन की प्राप्ति के योग बन रहे हैं और कारोबार में आपको जबर्दस्त सफलता प्राप्त होगी।

### वृश्चिक

आज आपको अधिकारियों से हर मामले में मदद मिलेगी। आज आपके काम में उलटफेर हो सकते हैं और बड़े बदलाव होने से आपका काम आसान हो सकता है। नए कार्य में वैधानिक और तकनीकी पहलुओं पर गंभीरतापूर्वक विचार करने के उपरान्त ही कुछ निर्णय लें। घर के पुराने लटके हुए कार्य आज पूरे होंगे।

### मकर

आज भाग्य साथ दे रहा है और आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। बिजनस के सिलसिले में किसी की सलाह लेने की आवश्यकता पड़ सकती है। दिन के बाद के हिस्से में किसी महिला की मदद से आपको लाभ होगा। मामला कार्यक्षेत्र का हो या आप अपने सभी उत्तरदायित्वों को सफलतापूर्वक निभा लेंगे।

### कुंभ

आज का दिन मिलाजुला होगा और आज आप अपने पुराने कर्ज चुका सकते हैं। आप अपनी पुरानी देनदारियों से मुक्त हो सकते हैं। कार्यक्षेत्र में भी आपके सुझाव का स्वागत किया जाएगा। कुछ आवश्यक घरेलू सामान की खरीदा करनी पड़ सकती है। अपनी जेब का खास ख्याल रखें। शाम का वक्त आपका घरवालों के साथ बीतेगा।

### धनु

आज का दिन परेशानी और समस्या को बढ़ाने वाला माना जा रहा है। आप लोगों के बीच में बिना विवाद के फंस सकते हैं। फिर भी आपके आसपास आज काफी खुशनुमा माहौल रहेगा और आपके कार्य सफल होंगे। कार्यालय में भी अकस्मात् कोई नया परिवर्तन होने से आपका काम बढ़ सकता है। महिला सहकर्मी व अधिकारी आपका सहयोग कर सकते हैं।

### मीन

आज आपके लिए राजनीतिक क्षेत्र में सफलता के योग बन रहे हैं। आपके सुख में वृद्धि होगी और भाग्य साथ देगा। सक्रिय राजनीति में भाग लेने का योग बन रहा है। विरोधी आपसे आगे निकल जाएंगे और आपको सफलता प्राप्त होगी। दिन के उत्तरार्ध में भी शुभव्यय कीर्ति में वृद्धि होगी। पुण्य कार्यों पर भी व्यय हो सकता है।

### वर्ग पहेली 5365

**संकेत: बाएं से दाएं**
1. इस देश में स्थित तांबे की विश्व कीसबसे बड़ी खान है (2)
3. पक्षी विहार के लिए प्रसिद्ध यह स्थान राजस्थान में स्थित है (5)
7. वृक्ष का वह भाग जिसमें डालियां नहीं होती (2)
8. अलक, जुल्फ (2)
9. बटन का घर, कारण (2)
10. चंद्रमा का अपभ्रंश (2)
12. अद्भुत, अनोखा, विचित्र (3)
14. दुश्मनी, बैर, शत्रुता (4)
17. राष्ट्र, देश, मुल्क (3)
18. ग्रेटर एंटीलीज पर स्थित एक द्वीप राष्ट्र है जिसकी राजधानी किंग्सटन है (3)
20. उतना भोजन जितना एक बार मुंह में डाला जाए, निवाला (2)
21. बदलवाना, बदले का काम दूसरे से कराना (4)
22. अभिपाया, मतलब (4)
25. प्रस्थान होने की क्रिया, प्रयाण, गमन (4)
26. एक पेय पदार्थ जो देव और दानव दोनों को प्रिय था, चंद्रमा का एक नाम (2)

**ऊपर से नीचे**
1. धराशायी, उत्तान, अपृष्ठाशायी (2)
2. किशोर कुमार की अभिनेत्री पत्नी (8)
3. कल्याणकारी, सज्जन, छलहीन (2)
4. आमोद यात्रा करना, तल्लीन होना (3)
5. बुलावा, नसीम-चंद्रमोहन सोहराब मोदी की हिट फिल्म (3)
6. धूल, गर्द, पराग के कण (2)
11. न्योता, निमंत्रण (3)
13. किसी के चित्त या मन का कष्ट पहुंचा हो (4)
15. यह गोविंदा अभिनीत पहली फिल्म थी (5)
16. ख्याति, नगाड़ा, धौंसा (2)
19. काले रंग की प्रसिद्ध चिड़िया (2)
20. जाति, वर्ण, नसल, वंश, समाज (2)
23. एक में चौथाई ओर जोड़कर (2)
24. इटली का यह शहर सात पहाड़ियों का नगर कहलाता है, देह के बाल, रोआं (2)

#### वर्ग पहेली 5364 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दु | ब | ई | | अ | मे | रि | का |
| का | ल | का | | ब | ल | वा | न |
| न | | रां | झा | | | ज | न |
| दा | व | त | | ज | स्ता | | दे |
| र | न | | का | का | | ले | ना |
| | स्प | र्श | क | र्ता | | न | |
| र | ति | | पि | | खु | दा | या |
| थ | | प | ट | ना | | र | म |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/3009

## संक्षिप्त समाचार

### डॉलर वाली कमाई का सपना; नोएडा में 1200 लोगों से करोड़ों की ठगी का खुलासा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** नोएडा में सेक्टर-126 पुलिस ने विदेश में नौकरी लगवाने के नाम पर करीब 1200 बेरोजगार युवकों के साथ करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह के सरगना समेत 11 आरोपियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक महिला भी शामिल है। आरोपी सेक्टर-132 में अरबटेक ट्रेड सेंटर में इको प्राइजेज नाम से कंपनी आपरेट कर रहे थे। डीसीपी विद्यासागर मिश्र ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-126 थाना क्षेत्र में एक ऐसा गिरोह सक्रिय है, जो बेरोजगार युवकों से संपर्क करता है और विदेश में नौकरी दिलाने के नाम उनसे ठगी करता है। इसके बाद एसीपी प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में मामले का पर्दाफाश करने के लिए एक टीम बनाई गई। इनपुट के आधार पर टीम ने सेक्टर-132 के अरबटेक ट्रेड सेंटर में इको प्राइजेज नाम की कंपनी में छापा मारा और 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों की पहचान मेरठ निवासी समीर शाह, बिहार के गोपालगंज निवासी नंद किशोर प्रसाद, मधुबनी निवासी मोहम्मद अली अख्तर, मोहम्मद एजाज, एजाज, दरभंगा निवासी एजाज अहमद, बेगूसराय के मोहम्मद नाजिम, पश्चिम बंगाल के मालदा निवासी मुस्ताक खान, 24 परगना निवासी इंद्रजीत दास, झारखंड निवासी किशोर प्रसाद और दिल्ली निवासी नजराना के रूप में हुई। समीर शाह गिरोह का सरगना है, जबकि नजराना बतौर एजेंट काम करती है। अन्य आरोपी कर्मचारी हैं, जो सरगना के दिए गए निर्देशों पर काम करते हैं। आरोपियों के कब्जे से अलग-अलग नामों से तैयार 755 नियुक्ति पत्र, 140 पासपोर्ट, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, वाईफाई राउटर, नगदी, भारत सरकार के मंत्रालयों के फर्जी दस्तावेज और चेक बुक समेत सामान बरामद हुआ है। विदेश भेजने के वाले गिरोह के बदमाशों की हकीकत पीड़ितों को एयरपोर्ट पर पहुंचने के बाद पता चलती थी। सरगना ने नोएडा के अलावा कई अन्य शहरों में भी ऑफिस खोलकर ठगी की है। गिरोह के बदमाश पैसे मिल जाने के बाद विदेश जाने के इच्छुक बेरोजगार युवकों को एक ही दिन एक स्थान पर बुलाते थे। इन सभी को फोन पर बताया जाता था कि उनका एजेंट एयरपोर्ट पर उनके पासपोर्ट, वीजा, टिकट और जिस देश में जा रहे है, उस देश की करेंसी के साथ मिलेगा। जब लोग विदेश में नौकरी की चाह लेकर एयरपोर्ट पहुंचते थे तो वहां कंपनी का कोई भी आदमी नहीं मिलता था। इस पर जब लोग इनके दिए दिए मोबाइल नंबर और ऑफिस में संपर्क करने की कोशिश करते तो मोबाइल और ऑफिस बंद मिलते।

### फूस के घर में अचानक लगी आग, 9 साल की बच्ची जिंदा जली, सामान राख

**गोंडा, एजेंसी।** गोंडा के करनैलगंज में फूस से बने घर में आधी रात अचानक लगी आग से 9 वर्षीय बालिका जिंदा जल गई। साथ बाइक, बैट्री रिक्शा व गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बेटी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के बाद पूरे गांव में कोहराम मचा हुआ है। घटना बुधवार आधीरात की बताई जा रही है। नगर के सकरौरा ग्रामीण गोड़ियन पुरवा गांव निवासी चांद बाबू का परिवार फूस से बने घर में सो रहा था। चांद बाबू रोजगार के सिलसिले में जयपुर गये थे। घर में उनकी पत्नी व दो बेटियां इनायत व इनाया ही थे। रात में अचानक घर में आग लग गयी। जान बचाने के लिये पत्नी व बेटियों ने शोर मचाया।

### बच्चों को मौत की नींद सुलाकर मां ने छत से लगा ली छलांग

**नासिक , एजेंसी।** महाराष्ट्र के नासिक में दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मां ने अपने दो मासूम बच्चों को जहर देकर घर पर मौत की सुलाया और फिर अपार्टमेंट की छत पर जाकर छलांग लगा ली। इस घटना में 8 और 2 साल के दो मासूम बच्चों के अलावा महिला की भी मौत हो गई है। पुलिस को छानबीन के दौरान महिला के घर से एक सुसाइड नोट भी मिला है। पुलिस को यह भी पता लगा है कि महिला ने मरने से पहले इसका दोष अपने पति पर मढ़ा है। पति के नाम एक वीडियो मैसेज छोड़कर महिला ने इस खौफनाक हत्या और फिर आत्महत्या को अंजाम दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नासिक शहर में बुधवार को एक 30 वर्षीय महिला की आत्महत्या से मौत हो गई।

# कांग्रेस ने धर्मशाला से पूर्व महापौर देविंदर सिंह जग्गी को दिया टिकट

## सुधीर शर्मा को देंगे टक्कर



**धर्मशाला, एजेंसी।**
कांग्रेस ने हिमाचल प्रदेश की धर्मशाला विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए पूर्व महापौर देविंदर सिंह जग्गी को टिकट दिया है। बुधवार रात एक बयान जारी करते हुए पार्टी ने जग्गी की उम्मीदवारी की घोषणा की। अब वे इस सीट पर पूर्व मंत्री और कांग्रेस के बागी सुधीर शर्मा का मुकाबला करेंगे। उनके नाम पर पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने अंतिम सहमति दी।

जग्गी को विधानसभा का टिकट मिलने पर उन्हें बधाई देते हुए राज्य के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने लिखा, %हिमाचल प्रदेश उपचुनाव में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से देवेंद्र सिंह जग्गी जी को कांग्रेस प्रत्याशी घोषित किये जाने पर हार्दिक शुभकामनाएं। देवभूमि की जनता-जनार्दन इस उपचुनाव में प्रदेश के साथ समूचे देश को यह संदेश देगी कि जनबल के आगे धनबल कभी टिक नहीं सकता।%

जग्गी के नाम की घोषणा के साथ ही कांग्रेस की तरफ से राज्य की उन सभी छह विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम की घोषणा पूरी हो गई, जहां पर उपचुनाव होने हैं। इन सीटों के सभी छह कांग्रेस विधायकों को पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए विधानसभा में उपस्थित ना रहने और बजट व कटौती प्रस्ताव पर सरकार के पक्ष में वोट ना डालने के लिए अयोग्य घोषित किया गया था।

कांग्रेस के छह बागी विधायकों रवि ठाकुर (लाहौल और स्पिति), इंदर दत्त लखनपाल (बड़सर), राजिन्दर राणा (सुजानपुर), सुधीर शर्मा (धर्मशाला), चेतन्य शर्मा (गरगेट) और देविन्दर कुमार भुट्टो (कुटलेहर) ने 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव के दौरान भाजपा के उम्मीदवार के पक्ष में मतदान किया था और बाद में भाजपा में शामिल हो गए थे। जिसके बाद अब पार्टी ने उपचुनाव के लिए कांग्रेस के इन सभी छह बागियों को इन्हीं सीटों से अपना उम्मीदवार बनाया है। कांग्रेस ने इन छह उपचुनावों के लिए जिला परिषद अध्यक्ष अनुराधा राणा को लाहौल और स्पिति सीट से, सुभाष चंद को बड़सर से, भाजपा छोड़ने वाले कैप्टन रणजीत सिंह और राकेश कालिया को सुजानगढ़ और गरगेट से टिकट दिया है। पार्टी ने कुटलेहर सीट से हिमाचल विधानसभा के डिप्टी स्पीकर और वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामनाथ शर्मा के बेटे विवेक शर्मा को टिकट दिया है।

# छत्तीसगढ़ में कांग्रेस का बड़ा दावा, इस बार जीत रहे प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटें




**रायपुर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ में अंतिम चरण यानी लोकसभा के तीसरे चरण के मतदान पूरे होने के बाद अब प्रदेश की सभी 11 सीटों पर चुनाव पूरे हो चुके हैं। चुनाव खत्म होने के बाद कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने मतदाताओं का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जनता ने इतनी भीषण गर्मी में भी मतदान करके अपने लोकतांत्रिक कर्तव्य को निभाया है। उन्होंने जनता का अभिनंदन करते हुए कहा इस बार राज्य की सभी 11 सीटों पर कांग्रेस के मजबूती से जीत कर आने का दावा किया है।

प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि जनता बीजेपी के 10 साल के कुशासन और वादाखिलाफी से परेशान है। इस बार जनता देश में बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा मतदाता भीषण गर्मी में भी मतदान केंद्र पहुंचे और कांग्रेस के पक्ष में वोट किया। जनता मोदी सरकार में बढ़ी महंगाई, बेरोजगारी से परेशान है। इस बार जनता ने बीजेपी के खिलाफ वोट करके मोदी सरकार की विदाई का मन बना लिया है। दीपक बैज ने कहा पूरे देश भर में मोदी सरकार के खिलाफ वातावरण दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा जनता यह जान चुकी है कि भाजपा संविधान को बदलना चाहती है इसलिए 400 पार का नारा दे रही है। 400 पार का खोखला नारा देने वाली भाजपा की 150 तक पहुंचने की भी उम्मीद नहीं लग रही है।

# विदेश में बैठे आकाओं के आदेश पर उगाही, हत्या-फिरौती का केंद्र बन रही दिल्ली; पुलिस के लिए सिरदर्द बने दो गैंग

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
राजधानी दिल्ली में स्मार्ट पुलिसिंग के दावे के बीच गोलियों की तड़तड़ाहट आए दिन सुनने को मिलती है। इसकी बानगी दो दिन पूर्व ही तिलक नगर इलाके में देखने को मिली। कार शोरूम में घुसकर बदमाशों ने बेखौफ होकर करीब 30 राउंड फायरिंग करते हुए रंगदारी की पर्ची फेंककर फरार हो गए। इस वारदात में भऊ गैंग के लंदन में बैठे गुर्गे व तिहाड़ में बंद नवीन बाली की संलिप्तता सामने आ रही है। इसी तरह कुछ समय पूर्व अलीपुर इलाके में गोगी गिरोह के गुर्गे को टिल्लू गिरोह के बदमाश ने मौका मिलते ही मौत के घाट उतार दिया।

ये घटनाएं साबित कर रही हैं कि दिल्ली की जेल में बंद गैंगस्टर और विदेश में बैठे बदमाश आसानी से वारदात को अंजाम दे रहे हैं। इन घटनाओं की बड़ी वजह यह है कि गिरोह चलाने के लिए इन्हें पैसों की जरूरत होती है और इसके लिए इनके निशाने पर दिल्ली-एनसीआर के बड़े कारोबारी रहते हैं। जबरन वसूली व वर्चस्व की लड़ाई के इस खेल में दो गुटों में बंटे दर्जन भर गैंगस्टर अब एक दूसरे की जान के दुश्मन बन गए हैं। इस कारण जबरन वसूली के साथ-साथ राजधानी दिल्ली गैंगवार का भी केंद्र बन गई है।

गोल्डी बराड़ गोल्डी बराड़ पहले कनाडा से ऑपरेट करता था, लेकिन कयास लगाए जा रहे हैं कि इसने यूएसए में ठिकाना बनाया है। इसके निशाने पर दिल्ली, राजस्थान व पंजाब के कारोबारी होते हैं। यह भी लॉरेंस विश्नोई गैंग का ही कुख्यात बदमाश है।

कपिल सांगवान उर्फ नंदू कपिल सांगवान उर्फ नंदू अपना खुद का गैंग चलाता है। इसके बारे में एजेंसियों को जानकारी मिली है कि ये गैंग को यूके से ऑपरेट कर रहा है। हिमांशु बाहू हिमांशु पुर्तगाल में है। हालांकि, उसके कभी यूके तो कभी ऑस्ट्रिया से अपने गुर्गों से बात करने की भी बात सामने आती रही है। यह नवीन बाली गैंग का सदस्य है। नवीन बाली के सलाखों के पीछे पहुंचने के बाद गैंग की कमान संभाल रहा है। इसके खिलाफ इंटरपोल ने रेड कॉर्नर नोटिस जारी किया है।

अनमोल बिश्नोई यह हाल में ही विदेश फरार हुआ है। हालांकि, इसकी सटीक लोकेशन का अभी पता नहीं चला है। यह लॉरेंस विश्नोई का भाई है।

# 12 लाख वोटों से जीतूंगा....गुरुग्राम में राज बब्बर और राव इंद्रजीत के खिलाफ मैदान में उतरा पाव भाजी वाला



**नईदिल्ली, एजेंसी।**
गुरुग्राम लोकसभा में जहां एक तरफ कांग्रेस के राज बब्बर, भाजपा के राव इंद्रजीत और जेजेपी से सिंगर राहुल चुनाव लड़ रहे हैं, वहीं दो बार राष्ट्रपति का चुनाव लड़ चुके फेमस पावभाजी बेचने वाले कुशेश्वर भगत ने भी इनके खिलाफ अपनी चुनावी ताल ठोक दी है। शहर में सेक्टर-15 में पाव भाजी के रेहड़ी लगाने वाले कुशेश्वर भगत गुरुग्राम लोकसभा से चौथी बार चुनाव लड़ रहे हैं।

कुशेश्वर भगत ने कहा कि उनका चुनाव लड़ने का मुख्य मकसद शिक्षा और स्वास्थ्य में सुधार करना है। हरियाणा में लोकसभा चुनाव 2024 की सरगर्मियां तेज हो गई हैं। वहीं अगर गुरुग्राम लोकसभा की बात की जाए तो 26 प्रत्याशियो ने यहां से नामांकन दाखिल किया है। इनमें एक नाम कुशेश्वर भगत का है। भगत के चुनाव लड़ने को लेकर लोगों में चर्चा है।

कुशेश्वर भगत ने बताया कि उन्होंने अपने जीवन में तीन बार लोकसभा, दो बार विधानसभा और दो बार राष्ट्रपति के चुनाव लड़ चुके हैं। लेकिन वह इस बात से फेमस नहीं है, वह फेमस है तो अपने हाथ की बनाई हुई पाव भाजी से। कुशेश्वर भगत कई सालों से गुरुग्राम के सेक्टर 15 में पाव भाजी की रेहड़ी लगा रहे है और उनकी पाव भाजी के लोग दीवाने हैं। गुरुग्राम लोकसभा से इस बार कुशेश्वर भगत ने हुंकार भरी है और दावा किया है कि वह इस बार 12 लाख वोटों से जीत कर जनता की सेवा करेंगे। कुशेश्वर भगत ने कहा कि गुरुग्राम की जनता इस बार बदलाव चाहती है। गुरुग्राम लोकसभा की नौ विधानसभा है और नौ विधानसभा में 900 समस्याएं हैं, लेकिन उसका हाल करने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि 20 साल से राज कर रहे नेता का मोह जनता के अंदर से खतम हो गया है। अब जनता कहीं न कही बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि भाजपा-जेजेपी और कांग्रेस से जनता का मोहभंग हो गया है। संगठन हमारा काफी मजबूत है। जनता हमें बुला रही है और भरपूर समर्थन मिल रहा है।

जनता को पता है कि तीन बार वह लोकसभा का चुनाव लड़ चुके हैं। उन्होंने दावा किया है कि इस बार उन्हें जरूर जीत मिलेगी। उन्होंने बताया कि 2017 में राष्ट्रपति का चुनाव लड़ा था और सात विधायकों ने उन्हें समर्थन किया था। वह 1996 से गुरुग्राम में पावभाजी बना रहे हैं। पब्लिक डिमांड पर ही चुनाव लड़ रहा हैं।

# देसी के साथ विदेशी भी; एनसीआर के गेस्ट हाउस में जब अचानक पड़ा छापा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** हरियाणा सीएम फ्लाइंग और गुरुग्राम पुलिस की संयुक्त टीम ने मंगलवार देर रात गुरुग्राम के सेक्टर-57 इलाके के एक गेस्ट हाउस में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ किया। पुलिस ने देह व्यापार में शामिल दो उज्बेकिस्तानी महिलाओं, दो गेस्ट हाउस संचालकों समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मामले में सेक्टर-56 पुलिस स्टेशन में एफआईआर दर्ज की गई। गिरफ्तार आरोपियों को बुधवार कोर्ट में पेश किया गया और न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। सीएम फ्लाइंग स्क्वायड के इंस्पेक्टर हरीश कुमार ने बताया कि उन्हें सूचना मिली थी कि सेक्टर-57 के जी ब्लॉक में एक गेस्ट हाउस में देह व्यापार चल रहा है। इस सूचना पर एक विशेष टीम का गठन किया गया और एक फर्जी ग्राहक तैयार कर उसे भेजा गया। उन्होंने गेस्ट हाउस के मैनेजर संजीव नाम के शख्स से बात की। फर्जी ग्राहक और मैनेजर के बीच बातचीत हुई। जब सौदा तय हो गया, तो फर्जी ग्राहक ने गेस्ट हाउस में प्रवेश किया और टीम को संकेत दिया। पुलिस टीम ने गेस्ट हाउस पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान मौके पर छह महिलाएं मिलीं। सभी महिलाओं की उम्र 24 से 34 साल के बीच बताई जा रही है। छापेमारी टीम ने गेस्ट हाउस से 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

## ट्रेन में कंफर्म थी सीट, फिर भी खड़े होकर करना पड़ा सफर; अब रेलवे देगा 2 लाख

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक बुजुर्ग को रेलवे की लापरवाही भारी पड़ गई। सहूलियत से सफर के लिए एक महीने पहले उन्होंने टिकट आरक्षित कराई थी। बावजूद इसके उन्हें करीब 1200 किलोमीटर की यात्रा खड़े होकर करनी पड़ी। उपभोक्ता अदालत ने बुजुर्ग को हुई कठिनाई के लिए रेलवे को दोषी मानते हुए मुआवजा देने का आदेश दिया है।

उद्योग सदन स्थित उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग की अध्यक्ष मोनिका श्रीवास्तव, सदस्य डॉ राजेन्द्र धर व सदस्य रश्मि बंसल की पीठ ने इस मामले में रेलवे पर जुर्माना लगाया है। इसके तहत ब्याज सहित शिकायतकर्ता को एक लाख 96 हजार रुपये मुआवजा देने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि कोई भी व्यक्ति सुविधाओं के साथ यात्रा करने के मकसद से ही महीनों पहले रेल का टिकट बुक कराता है, लेकिन यदि यात्रा वाले दिन कन्फर्म टिकट के बावजूद उसे हजारों किलोमीटर का सफर बगैर सीट के तय करना पड़े तो उसकी मुश्किलों का अंदाजा लगाया जा सकता है।

पीठ ने इसे सरासर रेलवे अधिकारियों की सेवा में कोताही माना है। मुआवजा रकम में बुजुर्ग को हुई असुविधा के साथ-साथ मुकदमा खर्च भी शामिल है। मामले में सुनवाई के दौरान रेलवे की ओर से तर्क दिया गया कि बुजुर्ग ने 3 जनवरी 2008 को बिहार के दरभंगा से दिल्ली आने के लिए स्लीपर क्लास की एक टिकट बुक कराई थी। बुजुर्ग को यह यात्रा 19 फरवरी 2008 को करनी थी। रेलवे ने इस बीच बुजुर्ग की सीट का अपग्रेडेशन कर उन्हें एसी कोच में एक सीट दी थी। हालांकि, रेलवे पीठ के समक्ष यह साबित करने में असफल रहा कि उन्होंने सीट अपग्रेडेशन की सूचना बुजुर्ग को दी थी। बुजुर्ग ने सुनाई व्यथा बुजुर्ग ने पीठ को दी शिकायत में बताया कि टिकट बुक कराते समय उन्हें कोच एस 4 में सीट नम्बर 69 आवंटित की गई थी।

# अमानतुल्लाह खान के बेटे को तलाश रही उप्र पुलिस, घर पर विधायक भी नहीं मिले







**नईदिल्ली, एजेंसी।**
नोएडा सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह फिलिंग स्टेशन पर आम आदमी पार्टी के दिल्ली स्थित ओखला से विधायक अमानतुल्लाह खान के बेटे अनस द्वारा सेल्समैन समेत अन्य स्टाफ के साथ मारपीट करने और धमकी देने के मामले में नोएडा पुलिस जांच को तेजी से आगे बढ़ा रही है। नोएडा पुलिस बुधवार को पूछताछ के लिए विधायक के बाटला हाउस आवास समेत अन्य जगहों पर पहुंची पर दोनों वहां नहीं मिले।

पुलिस की एक अन्य टीम ने पीड़ित सेल्समैन और अन्य कर्मचारियों के बयान दर्ज किए। बयान के बाद मामले में धाराओं में कुछ परिवर्तन भी किया जा सकता है। पुलिस को दी शिकायत में विनोद कुमार सिंह ने बताया था कि मंगलवार सुबह नौ बजकर 27 मिनट पर आम आदमी पार्टी के ओखला से विधायक अमानतुल्लाह का बेटा पेट्रोल डलवाने अपनी कार से आया था। उसने लाइन में न लगकर बोला कि आगे वाली गाड़ी को आगे बढ़ा कर मेरे गाड़ी में पहले तेल डाल दो। इस पर सेल्समैन ने कहा कि तेल डलवाने के लिए थोड़ा सा इंतजार करना होगा। इसके बाद सेल्समैन को विधायक के बेटे ने धमकी देकर मारना शुरू कर दिया। विरोध करने पर उसने सेल्समैन समेत स्टाफ के अन्य सदस्यों को कार से लोहे की रॉड निकालकर पीटा। उसने वहां रखी कार्ड मशीन भी तोड़ दी। इसके बाद सीनियर स्टाफ ने झगड़े को शांत कराया। इसके बाद रौब दिखाने के लिए अमानमुल्लाह के बेटे ने मैनेजर से विधायक पिता की बात कराई। आरोप है कि इसके बाद विधायक ने मैनेजर को फोन पर गाली दी। इतने पर भी विधायक का बेटा शांत नहीं हुआ। उसने लौटकर पूरे स्टाफ को जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पिता को मौके पर बुला लिया। बेटे के बुलाने पर विधायक अमानतुल्लाह मौके पर पहुंचे और मैनेजर से कहा कि अगर वह अभी पूरे स्टाफ को मारने लगे तो कोई उसका कुछ नहीं कर पाएगा। इसके बाद विधायक ने पेट्रोल पंप के मालिक से बात की और कहा कि पंप उसके इलाके में पड़ता है, इसलिए व्यापार करने बैठे हो तो व्यापार करो वरना परिणाम गंभीर होगा। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार को लोकसभा चुनाव को लेकर अमानतुल्लाह की बुधवार को दो जनसभाएं थीं, लेकिन वह वहां नहीं पहुंचे।

# अब घर बैठे पास होंगे मकान के नक्शे, यमुना अथॉरिटी के नहीं लगाने पड़ेंगे चक्कर

**नईदिल्ली, एजेंसी।**
यमुना प्राधिकरण (यीडा) क्षेत्र में भवनों का नक्शा पास कराने के लिए आवंटियों को प्राधिकरण के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। यमुना प्राधिकरण ने भवन मानचित्र स्वीकृति के लिए बिल्डिंग प्लान मैनेजमेंट सिस्टम (बीपीएमएस) तैयार कर पोर्टल पर अपलोड कर दिया है। इससे ऑनलाइन नक्शे पास हो सकेंगे। प्राधिकरण की वेबसाइट से आर्केटेक्ट काउंसिल ऑफ इंडिया को भी जोड़ दिया गया है। यमुना प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि यह सुविधा बुधवार से शुरू कर दी गई है।

प्राधिकरण आवासीय सेक्टर-16, 17, 18, 20, 22ए और 22डी की संपत्तियों का पूरा डाटा पूर्व में ही तैयार कर चुका है। सभी आवंटियों को यूजर आईडी उपलब्ध कराई गई है। यूजर आईडी का इस्तेमाल कर यमुना सिटी के करीब 34,000 आवंटी



प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर बीपीएमएस के लिंक पर लॉगिन कर आवेदन कर सकते हैं। लिंक पर आवंटी मानचित्र स्वीकृति की ऑनलाइन फीस जमा कर आवेदन कर सकते हैं। साथ ही, इस नई व्यवस्था के शुरू होते ही प्राधिकरण ने ऑफलाइन नक्शा पास कराने की व्यवस्था को पूरी तरह से समाप्त कर दिया है। सीईओ यमुना प्राधिकरण डॉ. अरुणवीर सिंह ने कहा, प्राधिकरण लंबे समय से सुविधाओं को ऑनलाइन करने की तैयारी कर रहा था। अब किसी भी आवंटी को नक्शा पास कराने समेत अन्य कार्यों के लिए प्राधिकरण के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

प्रत्येक समस्या को 15 दिन में हल करना आवश्यक होगा। कितनी समस्याएं या कार्य लंबित पड़े हैं, उनकी मानेटरिंग स्वयं ओएसडी से लेकर सीईओ तक कर सकेंगे। यदि किसी कार्य को 15 दिन से अधिक समय हो गया है तो इसकी मैसेज के माध्यम से सूचना आला अधिकारियों तक पहुंच जाएगी। इसके आधार अधिकारियों का भी मूल्यांकन किया जा सकेगा। प्राधिकरण ने अब अपनी 32 सेवाओं को ऑनलाइन कर दिया है। पहले चरण में सात, दूसरे चरण में 10 और अब तीसरे चरण में सभी सेवाएं पूरी तरह ऑनलाइन हो गई हैं। ऑनलाइन शुरू होने वाली सेवाओं में नक्शा पास कराने के अलावा रजिस्ट्री के लिए आवेदन, ऑनलाइन सत्यापन, आर्नलाइन पैमेंट, सीवर-पानी के बिल, संपत्ति से जुड़े कार्य, ऑनलाइन कब्जा प्राप्त करना आदि शामिल है। यमुना सिटी को बसाने की कवायद तेज कर दी गई है। बीते दिनों ही प्राधिकरण ने आवासीय सेक्टरों के आवंटियों को चेकलिस्ट जारी कर भवन निर्माण शुरू कराने की अनुमति दी थी। इसके अलावा तीन हजार से अधिक औद्योगिक इकाइयों को भी निर्माण की अनुमति दी जा चुकी है। सेक्टरों में सड़क, नाली, सीवर, बिजली और पार्क आदि का काम लगभग 90 प्रतिशत तक पूरा हो चुका है। अब तक लोगों को नक्शा में आपत्तियां बताकर इधर-उधर घुमाया जाता था, लेकिन अब ऑनलाइन भी सभी कार्य हो जाएंगे।

# प्लीज मुझे बचा लो...सेक्स वर्कर बनते-बनते बची लड़की, ऐन वक्त पर पहुंची पुलिस ने किया रेस्क्यू

**नईदिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली पुलिस ने दक्षिण पश्चिम जिले के सागरपुर से दो लड़कियों को रेस्क्यू किया है। इनमें से एक को जबरन देह व्यापार में धकेला गया जबकि दूसरी को डराया-धमकाया जा रहा था। पुलिस ने दोनों को मंगलवार रात को एक घर से रेस्क्यू किया। एक पीड़िता ने एनजीओ को मैसेज भेजकर मदद मांगी थी। इस मामले में 29 साल की महिला को गिरफ्तार किया गया है और पुलिस मुख्य आरोपी की तलाश में है जो फरार है। डिप्टी कमिश्नर (दक्षिण पश्चिम) रोहित मीणा ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान दशरथपुरी निवासी रजनी के तौर पर हुई है। डीसीपी ने कहा, मेन संदिग्ध सोनू को पकड़ने के लिए टीमों का गठन किया गया है, जिसने 22 साल की लड़की को धोखा दिया। वह उसे नौकरी दिलाने के बहाने दिल्ली ले आई। उसने एनजीओ को मैसेज भेजकर मदद मांगी। रात करीब 10 बजे, मीणा को अपने फोन पर एक स्थानीय रिपोर्टर से मैसेज मिला।

संक्षिप्त समाचार

पिछले महीने यूनान में प्रज्जवलित हुई थी

## ओलिंपिक पेरिस मशाल भारी सुरक्षा के बीच मार्सेली पहुंची



**मार्सेली (फ्रांस), एजेंसी।** भारी सुरक्षा के बीच तीन जहाजों से ओलिंपिक की मशाल यूनान से फ्रांस के दक्षिण स्थित शहर मार्सेली पहुंची जहां सूर्यास्त पर उसकी अगवानी की जाएगी। पेरिस ओलिंपिक के आयोजकों ने शहर में शानदार जश्न का वादा किया है, जहां पुराने बंदरगाह को कड़ी सुरक्षा में रखा गया है। मशाल पिछले महीने यूनान में प्रज्जवलित की गई थी, जिसके बाद इसे फ्रांस को सौंपा गया। यह 1896 में पहली बार इस्तेमाल हुए बेलेम नामक जहाज से एथेंस से रवाना हुई और 12 दिन समुद्र की यात्रा की। जहाज के आसपास हजारों नावें थी। जहाज को एथलेटिक्स ट्रैक की तरह सजाए गए नाव के पुल पर रखा गया है। मशाल के स्वागत में फ्रांस की वायुसेना की टीम करतब दिखाएगी। आयोजन समिति के प्रमुख टोनी एस्तांगेत ने कहा, फ्रांस में ओलिंपिक खेलों की वापसी का शानदार जश्न होगा।' मशाल रिले बृहस्पतिवार को मार्सेली से शुरू होगी।

7 बल्लेबाजों का खाता तक नहीं खुला, फिर भी वर्ल्ड रिकॉर्ड नहीं टूटा

## टी-20 मैच में सिर्फ 12 रन पर ढेर हुई ये टीम




**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 में जहां एक ओर लगभग हर मैच में 200 प्लस का स्कोर बन रहा है तो दूसरी ओर इंटरनेशनल क्रिकेट में बुधवार को एक अजीबोगरीब चमत्कार देखने को मिला. टी20 इंटरनेशनल मैच में मंगोलिया की टीम सिर्फ 12 रनों पर ढेर हो गई. ये वही टीम है, जिसने सात महीने पहले ही एशियाई खेलों के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू किया था. मंगोलिया का ये स्कोर टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट का दूसरा न्यूनतम स्कोर है.

जापान के कांटो स्थित सानो में खेले गए मुकाबले में जापान ने 7 विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर बना दिया और फिर 8.2 ओवर में ही मंगोलिया की टीम को 12 रन पर समेट दिया. मंगोलिया के मात्र 12 रन पर सिमटने के बाद भी वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम है क्योंकि टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी.

जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा कातो स्टैफ़ोर्ड ने 3.2 ओवर में 7 रन देकर 5 विकेट लिए, जबकि अब्दुल समद (चार रन देकर दो विकेट) और मकोतो तानियामा (कोई रन दिए बिना दो विकेट) ने दो-दो विकेट हासिल किए. मंगोलिया की तरफ से तूर सुमाया ने सर्वाधिक चार रन बनाए. जापान ने इस तरह से यह मैच 205 रन से जीता, जो टी20 अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में रनों के लिहाज से चौथी बड़ी जीत है. रिकॉर्ड नेपाल के नाम पर है जिसने एशियाई खेलों में मंगोलिया को 273 रन से हराया था.

पेरिस ओलंपिक

# पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई करने के बाद भारतीय खिलाड़ियों ने बयां किया दिल का हाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने क्वालिफाई कर लिया। रूपल चौधरी, ज्योतिका दांडी श्री, प्राची और पुरुषों में राजीव अरोकिया ने क्वालिफाई कर लिया। इन चारों ने बहामास के नासाउ में विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी-अपनी क्वालिफाइंग हीट (शुरुआती दौर की रेस) में दूसरे स्थान पर रहते हुए ओलंपिक में जगह बनाई।

पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की महिला 4×400 मीटर रिले टीम ने क्वालिफाई कर लिया। रूपल चौधरी, ज्योतिका दांडी श्री, प्राची और पुरुषों में राजीव अरोकिया ने क्वालिफाई कर लिया। इन चारों ने बहामास के नासाउ में विश्व एथलेटिक्स रिले में अपनी-अपनी क्वालिफाइंग हीट (शुरुआती दौर की रेस) में दूसरे स्थान पर रहते हुए ओलंपिक में जगह बनाई। रूपल चौधरी ने कहा, ओलंपिक में क्वालीफाई करना एक शानदार एहसास है, हम सभी को बहुत गर्व है। शुरुआत में (क्वालीफायर की) मैं काफी घबराई हुई थी लेकिन सब कुछ ठीक रहा। अब हमारा ध्यान ओलंपिक में बेहतर प्रदर्शन करने पर है।

ज्योतिका श्री दांडी ने कहा, हमें बहुत खुशी है कि पुरुष और महिला दोनों टीमों ने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है। मैं टीम का हिस्सा बनकर बहुत खुश हूं।

प्राची ने कहा, हमने ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लिया है, हम बहुत खुश हैं। मैं सरकार, भारतीय खेल प्राधिकरण और एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया को धन्यवाद देना चाहती हूं। स्थिति के अनुकूल ढलने के लिए हमें एक महीने पहले बहामास ले जाया जा रहा है क्योंकि समय में 8-9 घंटे का अंतर है।

राजीव अरोकिया ने कहा, हम सभी बहुत खुश हैं। हमें आगे कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। हम (क्वालीफायर में) अपने प्रदर्शन से संतुष्ट हैं लेकिन हमें अपनी टाइमिंग में सुधार करना होगा। हम ओलंपिक में पदक सुरक्षित करने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास कर रहे हैं।

## एसआरएच ने 166 रन के लक्ष्य को महज 9.4 ओवर में चेज कर रच दिया इतिहास

छक्कों की हुई बारिश



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल 2024 के 57वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद ने लखनऊ सुपर जायंट्स को 10 विकेट से रौंदा। हैदराबाद ने लखनऊ से मिले 166 रन के लक्ष्य को महज 9.4 ओवर में चेज कर डाला।

हैदराबाद ने आईपीएल इतिहास में सबसे तेज रनों का पीछा करने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है। टीम की ओर से ट्रेविस हेड ने 30 गेंदों पर 89 रन की तूफानी पारी खेली। वहीं, अभिषेक शर्मा ने 28 गेंदों पर नाबाद 75 रन जड़े।

इससे पहले लखनऊ की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट खोकर स्कोर बोर्ड पर 165 रन लगाए। टीम की ओर से आयुष बदोनी ने सर्वाधिक 55 रन बनाए, जबकि निकोलस पूरन ने 48 रन जड़े। गेंदबाजी में भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट झटके।

## टी-20 वर्ल्ड कप टीम में नहीं चुने गए केएल राहुल, फैन्स बोले- थैंक्यू अजीत अगरकर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल में बुधवार का दिन लखनऊ सुपर जायंट्स और उसके कप्तान केएल राहुल के लिए काफी निराशाभर था. एक तो उनकी टीम यहां सनराइजर्स हैदराबाद से 10 विकेट से हार गई. इसके अलावा राहुल ने धीमी पारी खेली, जिससे उनसे स्ट्राइक रेट पर सवाल उठ रहे हैं. इस ऑल फॉर्मेट खिलाड़ी ने हैदराबाद के खिलाफ 33 बॉल में सिर्फ 29 रन बनाए और वह यहां सिर्फ 1 चौका और 1 छक्का ही जड़ पाए, जबकि वह ओपनिंग पर उतरे थे और पावरप्ले की पहली गेंद से बैटिंग पर मौजूद थे. टीम की शर्मनाक हार के बाद राहुल को टीम के मालिक संजीव गोयनका से खरी-खरी भी सुनने को भी मिली. अब सोशल मीडिया भी फैन्स उन्हें ट्रोल कर रहे हैं.



राहुल को आगामी टी20 वर्ल्ड कप के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली है और अब उनकी इस धीमी पारी के बाद फैन्स भारतीय टीम के चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर को इस फैसले के लिए थैंक्य बोल रहे हैं. राहुल ने इस पारी में 87.88 के स्ट्राइक रेट से बैटिंग की, जबकि उनकी टीम पर रन रेट बढ़ाने का लगातार दबाव बन रहा था. वह 10वें ओवर की अंतिम बॉल पर तीसरे विकेट के तौर पर आउट हुए और तब एलएसजीका स्कोर सिर्फ 57 रन था.

अगले 10 ओवर में निकोलस पूरन (48*) और आयूष बदोनी (55*) ने टीम का स्कोर 4 विकेट के नुकसान पर 165 रन पहुंचा दिया. लेकिन हैदराबाद ने यह मैच सिर्फ 9.4 ओवर में ही अपने नाम कर लिया. इस पारी के बाद फैन्स उन्हें सोशल मीडिया पर खूब ट्रोल कर रहे हैं.

## मोंटी पनेसर ने चुनावों से नामांकन लिया वापस, समझदारी भरी है वजह

**लंदन, एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर मोंटी पनेसर ने यकायक अपनी राजनीतिक पारी का एक सप्ताह के भीतर ही अंत कर दिया है. पिछले सप्ताह इस क्रिकेटर ने जॉर्ज गैलोवे की वर्कर्स पार्टी ऑफ ग्रेट ब्रिटेन के लिए संसदीय उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन भरा था. लेकिन राजनीति की चुनौतियों को समझते हुए उन्होंने नामांकन वापस लेने का फैसला किया और कहा कि राजनीति में ये दिन अभी सीखने के हैं और फिलहाल मैं यह सीख रहा हूं कि राजनीति कैसे लोगों की मदद कर सकती है.

42 वर्षीय पनेसर को पिछले सप्ताह वेस्टमिंस्टर में काफी धूमधाम के बीच गैलोवे ने अपनी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में पेश किया था. बाएं हाथ के पूर्व स्पिनर पनेसर को अगले आम चुनाव में पश्चिम लंदन की ईलिंग साउथॉल सीट से चुनाव लड़ना था. हालांकि पनेसर ने मीडिया में चुनौतीपूर्ण इंटरव्यू की सीरीज के बाद अपनी उम्मीदवारी वापस लेने का फैसला किया, जिनमें से एक में उन्हें ब्रिटेन की नाटो की सदस्यता पर राय देने के लिए संघर्ष करना पड़ा था. पनेसर ने एक्स पर लिखा, 'मैं एक गौरवांवित ब्रिटिश नागरिक हूं, जिसे क्रिकेट के टॉप लेवल पर अपने देश का प्रतिनिधित्व करने का सम्मान मिला है.




## क्रिकेट की दुनिया के नए रोमांचक मुकाम की शुरुआत, बिग क्रिकेट लीग का हुआ शुभारंभ

**नोएडा, एजेंसी।** बिग क्रिकेट लीग (बीसीएल) ने बुधवार को अपनी धमाकेदार शुरुआत की। आधिकारिक उद्घाटन में एक ऐसी लीग का अनावरण किया गया जो भारत में क्रिकेट को ग्रास रूट स्तर एक रोमांचक रूप देने के प्रयास करेगी। यह लीग महत्वाकांक्षी लोकल खिलाड़ियों को अपने प्रिय क्रिकेट सितारों के साथ खेलने का अवसर प्रदान करेगी। यह बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष, रुद्र प्रताप सिंह का विजन है, जो स्वयं भारत के पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हैं। सिंह ने बताया हमने बहुत से प्रतिभाशाली क्रिकेटरों को देखा जिनके सपने कई वजहों और हालातों के कारण से पूरे नहीं हो पाते हैं, बीसीएल इन सभी महत्वाकांक्षी लोकल क्रिकेटरों को अपनी प्रतिभा दिखाने और अपने क्रिकेट हीरोज़ के साथ क्रिकेट खेलने के अभूतपूर्व अनुभव का अवसर देगा।

महान क्रिकेट हस्तियों दिलीप वेंगसरकर, लीग कमिश्नर और कर्टनी वाल्श, उपाध्यक्ष ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आर पी सिंह के उत्साह और दृष्टिकोण का समर्थन किया।पूर्व भारतीय कप्तान और महान बल्लेबाज़ वेंगसरकर ने कहा, यह सिर्फ एक और क्रिकेट लीग नहीं है, बल्कि देश के तमाम उन प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को अवसर देने के बारे में है जिन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के मौके नहीं मिले और भारत में क्रिकेट प्रतिभा के अविश्वसनीय खजाने को दुनिया के सामने प्रदर्शित करने के बारे में है। पूर्व अंतरराष्ट्रीय सितारों और स्थानीय प्रतिभाओं का मेल ही बीसीएल को अन्य क्रिकेट लीग्स से अलग करता है। यह अपने शुद्धतम रूप में क्रिकेट का उत्सव है।बीसीएल के वाइस प्रेसिडेंट, वेस्टइंडीज़ के पूर्व कप्तान और महान तेज गेंदबाज़ कर्टनी वॉल्श ने भी कहा, हम कुछ बेहतरीन मैच देखेंगे, अप्रत्याशित नायकों को उभरता देखेंगे, जो दुनिया भर के खिलाड़ियों की एक नई पीढ़ी को प्रेरणा देंगे।रुद्र प्रताप सिंह, बीसीएल के संस्थापक और अध्यक्ष, ने भी इन भावनाओं को दोहराते हुए कहा, बीसीएल केवल क्रिकेट से अधिक है, भारतीय क्रिकेट में एक अलग तरह की पहल है।

हम सभी को इस यात्रा का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।अनिरुद्ध चौहान, जो बीसीएल के सह-संस्थापक और सीईओ हैं, ने कहा, हमने बिग क्रिकेट लीग सीज़न-1 के चयन के दौरान देश भर में कुछ अद्भुत प्रतिभाएं देखी हैं। हमें विश्वास है कि इस खेल के बारे में बढ़ती जागरूकता के कारण आने वाले वर्षों में हर सीज़न के साथ प्रतिभाओं की गुणवत्ता और बेहतर होती रहेगी।

उद्घाटन सत्र में छह शानदार टीमें - अवध लायंस, मुंबई मरीन्स, राजस्थान किंग्स, सदर्न स्पार्टन्स, बंगाल राइनोस और नॉर्दर्न चैलेंजर्स - आमने-सामने होंगी। इस पहले सीज़न में क्रिकेट प्रेमियों को भरपूर क्रिकेटिंग एक्शन देखने को मिलेगा।बीसीएल में इस बार 30 पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट दिग्गज, 18 पूर्व प्रथम श्रेणी खिलाड़ी और 60 उभरते हुए स्थानीय भारतीय क्रिकेटरों के कुल 18 लाइव टी20 मैच होंगे। यह क्रिकेट प्रशंसकों के लिए एक कभी न भूलने वाला अनुभव देने की पूरी कोशिश है।लीग का भारत और 30 से अधिक देशों में टीवी और ओटीटी प्लेटफॉर्म पर प्रसारण किया जाएगा, जिससे व्यापक कवरेज और जुड़ाव सुनिश्चित होगा।

# हार्दिक पंड्या की ऊपर शिकायत, सीनियर प्लेयर्स ने उठाए सवाल

## ● मिट्टी में मिल गई मुंबई इंडियंस की इज्जत




**नईदिल्ली, एजेंसी।** मुंबई इंडियंस आईपीएल 2024 से बाहर होने वाली पहली टीम बन चुकी है। पांच बार चैंपियन बनाने वाले रोहित शर्मा की जगह हार्दिक पंड्या को कप्तान बनाने का फैसला बैकफायर कर गया।

अब मुंबई खेमे से जो खबर आ रही है वो फैंस के लिए परेशान करने वाली है। पता चला है कि मुंबई इंडियंस के सीनियर सदस्यों ने कप्तान हार्दिक पंड्या की लीडरशिप में टीम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। मीडिया रिपोर्ट्स की माने तो टीम के प्रमुख खिलाड़ियों ने कोचिंग स्टाफ को बताया कि ड्रेसिंग रूम में संवाद की कमी थी और इसका कारण हार्दिक का कप्तानी का स्टाइल था।

### इन प्लेयर्स ने की शिकायत

इंडियन एक्सप्रेस में छपी रिपोर्ट के अनुसार जानकार लोगों ने बताया कि खिलाड़ी और कोचिंग स्टाफ एक मैच के बाद मिले थे। बैठक का हिस्सा बनने वाले भारतीय सितारों में एमआई के पुराने खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और जसप्रीत बुमराह शामिल थे।

लंच के दौरान, उन्होंने अपने विचार रखे और टीम के अच्छा प्रदर्शन नहीं करने के कारणों की ओर इशारा किया। यह भी पता चला है कि बाद में कुछ वरिष्ठों और टीम मैनेजमेंट प्रतिनिधियों के बीच आमने-सामने बातचीत हुई।

### तिलक वर्मा केस का जिक्र

हार्दिक पंड्या ने दिल्ली कैपिटल्स से हार के बाद मैच जागरूकता की कमी के लिए टीम के टॉप स्कोरर तिलक वर्मा पर उंगली उठाई थी।

पंड्या ने कहा था, जब अक्षर पटेल गेंदबाजी कर रहे थे तो तिलक को उन्हें निशाने पर लेना था। मुझे लगता है कि यह बस खेल के प्रति थोड़ी जागरूकता थी, जिसे हम चूक गए। दिन के अंत में, इसके कारण हमें गेम गंवाना पड़ा।

### हार्दिक को मैनेजमेंट का साथ

दूसरी ओर मुंबई इंडियंस के एक अधिकारी ने कहा कि यह लीडरशिप का संकट नहीं है, बल्कि इस बात का संकेत है कि जो टीम पिछले 10 साल से रोहित की कप्तानी की आदी थी, वह अभी भी नेतृत्व परिवर्तन के साथ तालमेल बिठा रही है। उन्होंने कहा, नेतृत्व परिवर्तन का सामना करने वाली टीम के लिए ये नियमित शुरुआती समस्याएं हैं।

### दो गुट में बंटी मुंबई इंडियंस?

क्रिकेट एक्सपर्ट्स ने भी मुंबई इंडियंस में इस सीजन चल रही गड़बड़ी इस सीजन में एमआई के बारे में कुछ गड़बड़ है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ने तो यहां तक कह दिया कि फ्रेंचाइजी गुटों में बंटी हुई नजर आ रही है। क्लार्क की माने तो, मुझे लगता है कि उस चेंजिंग रूम के अंदर अलग-अलग समूह हैं और कुछ काम नहीं कर रहा है। वे एक साथ मेल नहीं खा रहे हैं, वे एक टीम के रूप में नहीं खेल रहे हैं।

## एक नजर

### पिकअप चोरी के मामले में प्राथमिकी दर्ज

**रफीगंज(औरंगाबाद)(नि.सं.)।** रफीगंज शहर में कलाली मोड़ के पास बाबा टेंट हाउस के पास से पिकअप चोरी के मामले में रफीगंज निवासी सत्येंद्र कुमार उर्फ बाबा ने थाना में चोरी का आवेदन दिया है।उल्लेख किया है कि मेरा पिकअप गाड़ी टाटा कंपनी का है। दुकान बंद होने पर दुकान के आगे लगा देते थे। दोनों गाड़ी दुकान के आगे लगा दिए। 8 तारीख की सुबह 7 बजे दुकान आने पर देखा कि एक गाड़ी नंबर बीआर 02 डबल्यू 2120 जो अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई।थानाध्यक्ष गुफरान अली ने बताया कि चोरी की प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है।

### पुलिस ने बाइक से किया अंग्रेजी शराब बरामद, धंधेबाज फरार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह के देवकुंड थाना की पुलिस ने बंधवा मोड़ के पास बाइक पर रखा अंग्रेजी शराब बरामद किया है। वही पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष अनंत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि हसपुरा के तरफ से एक युवक बाइक से अंग्रेजी शराब ले जा रहा है। इसको लेकर एक पुलिस टीम गठित की गई।जैसे ही पुलिस बंधवा मोड़ के पास पहुंची तो धंधेबाज बाईक छोड़कर फरार हो गया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवीनगर (औरंगाबाद ) (नि. सं.)।** आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के आलोक में काराकाट क्षेत्र में मतदान एक जून को होना है। इसी क्रम में गुरूवार को एडीएम साहब द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम नबीनगर ब्लॉक में किया गया। बूथ संख्या। 214 मध्य विद्यालय बागा ग्रामही पंचायत बैरिया, नबीनगर में संध्या चौपाल का आयोजन हुआ जिसके अध्यक्ष एडीएम महोदय थे। बीडीओ, बीईओ एवं संबन्धित बूथ के बीएलओ उपस्थित थे। चौपाल में ग्रामीण जनता, महिला, आशा एवं सेविका मौजूद थी। कार्यक्रम में एडीएम महोदय ने अपने मतदान अधिकार का उपयोग करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत सूचीबद्ध सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

# तीन नये कानून एक जुलाई से होंगे प्रभावी इसकी जानकारी सभी के लिए है आवश्यक : सचिव

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सुकुल राम द्वारा तीन नये आपराधिक कानूनों भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, भारतीय न्याय संहिता, भारतीय साक्ष्य अधिनियम पर गुरूवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अन्तर्गत सूचीबद्ध सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा कहा गया कि पारा विधिक स्वयं सेवकों को उक्त तीनों नये कानूनों के मूलभूत चीजों को जानना काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि समाज के अन्तिम पंक्ति तक रहने वाले व्यक्तियों की पहुंच एवं उनके विधिक सहायता उपलब्ध कराना ही आपका मुख्य कार्य है और इससे पारा विधिक स्वयं सेवक अनभिज्ञ न हो इसके लिए उन्हें प्रारम्भिक स्तर पर मूलभूत सुधारों से सम्बन्धित जानकारी से अवगत होना आवश्यक है।

सचिव के द्वारा बताया गया कि ब्रिटिश काल के बने पुराने कानून आज के दौर में कई तकनीकी पहलुओं एवं वैज्ञानिक जरूरतों पर खरे नहीं उतर रहे थे इसलिए संशोधनों के द्वारा नये प्रावधान जोड़े जा रहे थे इस समस्या को दूर करने हेतु सरकार के द्वारा तीनों कानूनों को लाया गया साथ ही उनके द्वारा बताया गया कि जहां नये कानून में राजद्रोह खत्म कर दिया गया वहीं आतंकवाद जैसे शब्द को परिभाषित किया गया जो पुराने कानून में नहीं थें। नये कानून में यौन अपराधों को और सख्त बनाया गया है इसके साथ-साथ कई वैज्ञानिक पद्धति से अनुसंधान एवं उसे न्याय के समक्ष साक्ष्य के प्रस्तुती से सम्बन्धित कई प्रावधानों को जोड़कर नये कानून को आज के दौर में होने वाले आपराधिक घटनाओं से सम्बन्धित अनुसंधान एवं न्याय हेतु कई प्रावधान किये गये हैं। इसके साथ-साथ नये कानूनों में विभिन्न प्रकार के अपराध से जुड़े तथ्यों को नये सिरे से पंक्तिबद्ध किया गया है ताकि नये कानून से सम्बन्धित जानकारी प्राप्त करने में आसानी हो। सचिव द्वारा यह भी बताया गया कि कानून की जानकारी का अभाव होना कभी भी मामले में बचाव नहीं हो सकता है। सचिव द्वारा सभी पारा विधिक स्वयं सेवकों से कहा गया कि आप प्रथम पंक्ति के विधिक सहायक है और आपकी पहुंच ग्रामीण स्तर तक है, जिसके कारण आपके उपर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कई कार्यो की सफलता की जिम्मेदारर आप पर है एवं आपके माध्यम से ही लोगों के घर तक सुलभ न्याय के साथ-साथ निःशुल्क विधिक सहायता पहुंचायी जा सकती है। आप अगर सही एवं ईमानदारीपूर्वक कार्य करेंगें तो निःसंदेह लोगों को ज्यादा-से ज्यादा लाभ मिलेगा एवं लोगों के बीच जिला विधिक सेवा प्राधिकार के प्रति विश्वास सुदृढ़ होगा।

इसके लिए आप सभी को अपने-अपने क्षेत्र में लोगों के समस्याओं के प्रति संवेदशनील रहना होगा एवं लोगों का विश्वास प्राप्त करना होगा ताकि लोग आप पर अपनत्व का विश्वास कर अपनी समस्याओं से आपको करायेगें। सचिव के द्वारा अर्द्ध विधिक स्वयं सेवकों से कहा कि आगामी 13 जुलाई को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफलता का एक महत्वपूर्ण कड़ी आप भी हैं आप अगर चाहें तो आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत पुनः रिकॉर्ड निष्पादन में सफल रहेगा इसके लिए आप

सभी अपने-अपने क्षेत्र में लोगो का राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रति जागरूक करें एवं लोगो से सम्पर्क स्थापित कर सुलहनीय वादों के निष्पादन हेतु जरूरी जानकारी उपलब्ध करायें और अगर किसी तरह की समस्या उत्पन्न हो रही हो तो उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय तक सम्पर्क स्थापित कराने में अपनी भूमिका का निर्वह्न करें ताकि लोगो को उनके वादों को सुलभ रूप में आपकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके एवं लोगों को त्वरित लाभ दिलाते हुए न्याय प्राप्त हो सके।

साइबर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

# ठगी गिरोह के मास्टरमाइंड को किया गया गिरफ्तार



कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** जिले की साइबर थाना की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने ठगी के गिरोह के मास्टरमाइंड को पटना से धर दबोचा है।

मामले की जानकारी देते हुए औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वप्ना गौतम जी मेश्राम ने बताया कि सात मई को शिवशंकर कुमार के खाते से एक फर्जी चेक के माध्यम से 92000 रूपये की निकासी कर लिया गया था। जिसको लेकर पीड़िता ने औरंगाबाद साइबर थाने में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। मामला दर्ज होने के बाद एक टीम की गठन करते हुए वैज्ञानिक तरीके से अनुसंधान शुरू किया गया। जिसके दौरान पटना से मुजाहिद वारसी को गिरफ्तार किया गया है जो नालंदा जिले के इस्लामपुर के निवासी बताया जा रहा हैं। उन्होंने बताया कि उसके पास से ठगी करने का भारी मात्रा में उपकरण बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान उसने अन्य पांच लोगों का भी नाम उजागर किया है। जिसके गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत



निज संवाददाता

**बारुण (औरंगाबाद)।**

बुधवार की देर रात एनएच पर लगे ट्रक में मारी टक्कर, बनारस से लौट बारुण थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पर अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई वहीं तीन लोग घायल हो गए। बुधवार की रात करीब 11:30 बजे नेशनल हाईवे पर सिंदुरिया गांव के समीप बब्लू होटल के पास स्कॉर्पियो गाड़ी ने सड़क पर खड़ी बलकर गाड़ी (छाई ढोने वाली गाड़ी) में टक्कर मार दी जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए। मृतकों की पहचान झारखंड राज्य के चतरा जिला के हंटरगंज थाना क्षेत्र के भागेवार गांव निवासी 38 वर्षीय सुभाष मंडल और 45 वर्षीय बब्लू मंडल शामिल हैं। घायलों में 32 वर्षीय फुलवंती देवी, 29 वर्षीय टुनटुन कुमार और 45 वर्षीय फुलवा देवी शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बारुण में हुआ। स्थिति गंभीर देखते हुए सभी को सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया गया। ये सभी लोग एक ही परिवार के हैं और वाराणसी से अपने घर झारखंड के भागेवार गांव जा रहे थे। इधर गुरुवार की सुबह 11 बजे बारुण ब्लॉक रोड में 10 चक्का ट्रक की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान बारुण नगर पंचायत के मोहनगंज निवासी भजन चौधरी की पुत्रवधू एवं उपेंद्र चौधरी की पत्नी 36 वर्षीय कंचन देवी के रूप में की गई है। कंचन देवी औरंगाबाद से किसी दूसरे के साथ बाइक से मोहनगंज अपने घर आ रही थी। बारूण में पीछे से आ रही राख ढोने वाले खाली 10 चक्का ट्रक ने टक्कर मार दी जिससे महिला बाइक से गिर गई और ट्रक का अगला चक्का उस पर चढ़ गया। बाइक चला रहे व्यक्ति को कोई नुकसान नहीं हुआ है। ट्रक की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही फैली आस-पास के लोग घटनास्थल पर पहुंच गए और सड़क को जाम करने का प्रयास किया।

## लोस चुनाव : सफल आयोजन हेतु व्यय प्रेक्षक की अध्यक्षता में की गई बैठक

कार्यालय संवाददाता



**औरंगाबाद।** 35 काराकाट संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के सफल आयोजन हेतु भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के द्वारा प्राप्त दिशा निर्देश को कार्यान्वित करने के उद्देश्य से 35 काराकाट के व्यय प्रेक्षक विनय जोशी की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष औरंगाबाद में एक बैठक आहूत की गई इस बैठक में इस संसदीय क्षेत्र के गोह ओबरा और नबीनगर विधनसभा क्षेत्रों में चुनाव के सफल आयोजन एवं पूर्व तैयारी हेतु विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई उक्त बैठक में सर्वप्रथम निर्वाचन व्यय लेखा कोषांग के नोडल पदाधिकारी एवं राज्य कर संयुक्त आयुक्त रवि रंजन आलोक ने बैठक में उपस्थित सदस्यों का परिचय कराया। व्यय प्रेक्षक के द्वारा निर्वाचन में की जाने वाली व्यय से संबंधित दिशा निर्देश एवं जानकारी प्रदान की गई। बैठक को संबोधित करते हुए व्यय प्रेक्षक ने बिंदूवार व्यय से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं चुनाव आयोग का दिशा निर्देश प्रेषित किया। व्यय प्रेक्षक ने जिला निर्वाचन पदाधिकारी औरंगाबाद के द्वारा प्रति नियुक्त एसएसटी एवं एफएस को अपना कार्य भारत निर्वाचन आयोग के कंपोडियम के आलोक में करने हेतु निर्देश दिया।

## अलग अलग गांव से आठ फरार वारंटी गिरफ्तार, गए जेल



निज संवाददाता

**गोह( औरंगाबाद)।** गोह के उपहारा थाना की पुलिस ने बुधवार की रात अलग अलग गांव में छापेमारी करते हुए आठ वारंटी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया है। थानाध्यक्ष मुनेश कुमार ने बताया कि फरार वारंटियों पर न्यायालय से एनबीडबल्यू वारंट निर्गत था। इसके आलोक में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने डहरु बिगहा गांव से राम प्रवेश यादव एवं भुटाली यादव को गिरफ्तार किया है। इधर पुलिस ने झारी गांव से सुभाष पासवान व रामप्रवेश पासवान को गिरफ्तार किया है। वहीं सहरसा गांव से पुलिस ने गोरा मांझी, चंदो मांझी, राजू राम, उदय राम को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज आगे की कार्रवाई कर रही है।

## कम्यूनिस्ट नेता के निधन पर शोकसभा

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** रफीगंज-शिवगंज पथ के डाकबंगला के पास कम्यूनिस्ट पार्टी कार्यालय में परिषद के सचिव अतुल कुमार अंजान के निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता विश्वनाथ प्रसाद सिंह ने की। आये सदस्यों ने अतुल कुमार अंजान के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजली अर्पित की। अंचल सचिव सह पूर्व मुखिया रामस्वरूप सिंह यादव, जिला कारकारिणी सदस्य महेंद्र पासवान ने कहा कि अतुल कुमार अंजान किसान, मजदूर, गरीब, दलित की आवाज को बुलंद करने में काफी सक्रिय थे। बीमारी के कारण 3 मई को उनका निधन हो गया। उनके निधन से पार्टी को काफी क्षति हुई है।

## आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** गुरूवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागर में आपदा प्रबंधन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएम ने गर्मी के मौसम में संभावित आपदा से सुरक्षा हेतु विभागवार समीक्षा की। गर्मी के कारण सुखाड़, आगलगी पीने का पानी की कमी, लू जैसे आपदा से निपटने के लिए सभी संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिला पदाधिकारी के द्वारा सभी अंचल अधिकारी को बताया कि इस भीषण गर्मी के मौसम में जिले में लू, आग लगी पेयजल एवं जिले में लगातार आग लगी जैसी घटना घटित हो रही है इससे निपटने के लिए हमें तत्परता से तैयार रहनी होगी। कार्यपालक अभियंता लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निर्देश दिया गया कि जिले में कहां-कहां चापाकल की आवश्यकता है उसकी सूची अविलंब उपलब्ध कराएं। एवं जिले में जितने भी चापाकल खराब है उसे मरम्मती कराएं। कार्यपालक अभियंता के द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद जिले में कुल 601 चापाकल की मरम्मती करा ली गई है शेष बचे और चपकालों की मरम्मती यथाशीघ्र करा दी जाएगी। इसके अतिरिक्त इंजीनियरिंग कॉलेज अर्थुआ में पांच टैंकरों के माध्यम से प्रतिदिन जलापूर्ति उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद के द्वारा बताया गया कि औरंगाबाद के वार्डों में पेयजल आपूर्ति औसतन 26 टैंकर के माध्यम से प्रतिदिन कराई जा रही है। उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता पीएचडी, सिविल सर्जन, सभी नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एनपीजीसीएल एवं बीआरबीसीएल के संबंध पदाधिकारी के साथ की गयी बैठक

कार्यालय संवाददाता

**औरंगाबाद।** बारुण प्रखंड के मेह पंचायत से गांव के वासियों द्वारा वोट बहिष्कार की सूचना मिली थी। इसी संबंध में गुरूवार को जिला पदाधिकारी के अध्यक्ष पद पर एनपीजीसीएल एवं बीआरबीसीएल के संबंध पदाधिकारी के साथ बैठक आहूत की गई। पूर्व में जो गाड़ियां ओवरलोडेड आ रही थी वो समस्या अब बंद हो गई है। अब गाड़िया कवर आ रही है जिसे सड़क प्रदूषण में भारी कमी देखने को मिली है। कुछ स्थानीय लोगो द्वार फ्लाईएश को उपयोग करने की खबर मिली थी, जिसपर अंकुश लगा दिया गया है। फ्लाईऐश भंडारण से फ्लाईऐश उड़ने की शिकायत प्राप्त हुई थी, जिसकी आस-पास के लोगो को काफ़ी परेशानी हो रही थी। इस समस्या का स्थायी समाधान के लिए एनटीपीसी के सीजीएम एवं बीआरबीसीएल के सीईओ के द्वार स्थाई निराकरण व्यवस्था प्रदान करने की सहमति दी गई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नियामित रूप से स्प्रिंकलर के माध्यम से पानी का छिड़काव किया जाएगा, इसकी व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है। स्टोरेज टैंक को चारो तरफ से एक निश्चित ऊंचाई तक घेराबंदी करते हुए मेषिंग की जाएगी ताकि धूल स्टोरेज टैंक में ही सीमित रहे और इसका दुष्प्रभाव आमजन पर न पड़े।

## नदियों का बहाव थमने के साथ खिसका भूजल स्तर

**अंबा (औरंगाबाद)(नि.सं.)।** अंबा बाजार के सटे पूरब से बटाने और पश्चिम से बतरे नदी गुजरती है। ये नदियां असमय सूख गई हैं जिसके चलते भूजल स्तर का संकट पैदा हो गया है। ग्रामीण बताते हैं कि जैसे-जैसे नदियों का बहाव घटना गया, वैसे वैसे भूजल स्तर भी खिसकता चला गया। अब स्थिति यह है कि नदी में पानी शायद ही आता है और इसका परिणाम यह है कि भूजल स्तर खिसककर इतना नीचे चला गया है और पेयजल की समस्या उत्पन्न होने लगी है।

सुदृढ़ प्रजातंत्र हेतु वृहत्तर सहभागिता

चुनाव का पर्व DESH KA GARV LOK SABHA ELECTION 2024

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड का कार्यालय,
## निर्वाचन सदन, सेक्टर-2, धुर्वा, राँची-834004
E-mail : ceocomputercell1@gmail.com

### आम सूचना

लोकसभा निर्वाचन -2024 के सफल संचालन हेतु मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखण्ड के कार्यालय में राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गयी है। यही व्यवस्था सभी जिलों में भी की गयी है।

### राज्यस्तरीय नियंत्रण कक्ष

TOLL FREE

Tel.: 0651-2440020/ 0651-2440022/ 0651-2440023/ 0651-2440024
Toll Free Number No.- 1800-331-1950, Voter Helpline Number- 1950

### जिलास्तरीय नियंत्रण कक्ष

| क्रम सं0 | जिला | | सम्पर्क दूरभाष |
|---|---|---|---|
| 1. | साहेबगंज | - | 06436-356485, 06436-222101 |
| 2. | पाकुड़ | - | 06435-222064, 9262216191 |
| 3. | दुमका | - | 06434-295042 |
| 4. | जामताड़ा | - | 06433-222004, 06433-222006, 06433-222007 |
| 5. | देवघर | - | 06432-275733, 1800-345-0733 |
| 6. | गोड्डा | - | 06422-222002 |
| 7. | कोडरमा | - | 06534-252219 |
| 8. | हजारीबाग | - | 06546-265233 |
| 9. | रामगढ़ | - | 06553-261417, 06553-261427 |
| 10. | चतरा | - | 06541-253219 |
| 11. | गिरिडीह | - | 06532-228829, 9693143157 |
| 12. | बोकारो | - | 06542-242402, 06542-221125 |
| 13. | धनबाद | - | 03262-222045 |
| 14. | पूर्वी सिंहभूम | - | 06572-440111, 0657-2221718, 06572-221717 |
| 15. | सरायकेला खरसावां | - | 1800-345-6485, 1800-345-6484, 1800-345-6483 |
| 16. | पश्चिमी सिंहभूम | - | 06582-296128 |
| 17. | रांची | - | 8987790664, 9798300836 |
| 18. | खूंटी | - | 06528-221755, 9262998530 |
| 19. | गुमला | - | 06524-223686 |
| 20. | सिमडेगा | - | 06525-299908 |
| 21. | लोहरदगा | - | 06526-224014 |
| 22. | लातेहार | - | 06565-247981 |
| 23. | पलामू | - | 06562-230003, 06562-222295, 06562-230002 |
| 24. | गढ़वा | - | 06201-261084 |

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आदर्श आचार संहिता /निर्वाचन व्यय सम्बन्धी उल्लंघन की घटना तथा अन्य शिकायत एवं जानकारी हेतु उपर्युक्त दूरभाष /टॉलफ्री नंबर पर संपर्क किया जा सकता है।

बेहतर सुविधा और अधिक जानकारी के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी मोबाइल एप्प को डाउनलोड करें

Voter Helpline | cVIGIL | Saksham-ECI | KYC-ECI

(के0 रवि कुमार)
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव।

# इस बार दिन भर मतदान